www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-319 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' में 25 को ... 02
■ पानी के बढ़े बिलों से लोगों को राहत देने के लिए...
■ महाराष्ट्र टूरिज्म के रोड शो को दिल्ली में... 03
■ एमक्यूएम-पी ने की चार मंत्रालयों की मांग
■ सिंध हाई कोर्ट का पूरे पाकिस्तान में 'एक्स' को ... 07
'शोटाइम' की शूटिंग के दौरान मेरी बेटी का हाथ... 10

## सार संक्षेप

### स्वामी प्रसाद मौर्य ने किया नई पार्टी का ऐलान



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देने के तीन दिन बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में अपनी पार्टी 'राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी' के गठन का ऐलान कर दिय ा। इस खास मौके पर स्वामी के समर्थक बड़ी संख्या में तालकटोरा स्टेडियम में जुटे, जिन्होंने दलितों और पिछड़ों के हित में अपनी आवाज बुलंद की। स्वामी ने जोर देते हुए कहा, हम इंडिया गठबंधन को मजबूत कर बीजेपी को जड़ से उखाड़ने का प्रयास करेंगे।

### सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही सरकार : दानिश



**नई दिल्ली।** लोकसभा सासंद कुंवर दानिश अली ने केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए गुरुवार को कहा कि किसान के बेटे का ऐसा उत्पीड़न देश की जनता अब बर्दाश्त नहीं करेगी। अमरोह से सासंद श्री अली ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के आवास पर केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के छापे पर कहा कि सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### बंगाल में भी टीएमसी-कांग्रेस में गठबंधन के आसार



**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन एक बार फिर से मजबूत होता दिखाई पड रहा है। उत्तर प्रदेश में सपा-कांग्रेस और दिल्ली में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के बीच सीटों के बटवारे पर बने तालमेल के बीच अब पश्चिम बंगाल में भी इंडिया गठबंधन पटरी पर आता दिखाई पड़ रहा है। ममता बनर्जी कांग्रेस पार्टी के लिए अब 5 लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार बताई जा रही हैं। इससे पहले ममता ने कांग्रेस के महज 2 सीटें ही छोड़ने का प्रस्ताव दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट में 'आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर' शुरू



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को शीर्ष अदालत परिसर में आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस अवसर पर कहा, मेरे लिए यह एक संतोषजनक क्षण है। मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभालने बाद से ही इसके लिए प्रयास कर रहा था। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक हूं।

### हिमाचल प्रदेश में रात का तापमान शून्य पर पहुंचा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी से यहां कई स्थानों पर रात का तापमान शून्य के करीब पहुंच गया। भारतीय मौसम विज्ञान ने यह जानकारी दी है।

**किसान आंदोलन : संयुक्त किसान मोर्चे ने की बैठक**

# किसान आज मनाएंगे काला दिवस

## पूरे देश भर में अमित शाह, मनोहर लाल खट्टर और अनिल विज के पुतले फूकेंगे

- किसान 26 फरवरी को देशभर में ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे
- 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी महापंचायत
- देशभर के कई राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने बैठक में हिस्सा लिया



हरियाणा पुलिस ने पंजाब की सीमा पर कार्रवाई की है। हरियाणा पुलिस के खिलाफ 302 के तहत केस दर्ज होः **बलबीर सिंह राजेवाल, किसान नेता**

**चंडीगढ़,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। चंडीगढ़ में गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा की अहम बैठक हुई। इसमें देशभर के कई राज्यों से पहुंचे किसान नेताओं ने हिस्सा लिया। किसान नेताओं ने कहा कि किसान संगठन पूरे देश में आज रोष और काला दिन के रूप में प्रदर्शन करेंगे। 14 मार्च को किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में महापंचायत करेंगे। वहीं 26 फरवरी को देशभर में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च करने का फैसला लिया है। किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्रराहां ने बताया कि 23 फरवरी को किसान पूरे देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूकेंगे। खनौरी बॉर्डर पर जान गंवाने वाले युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत पर किसान नेताओं ने दुख जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

**दिल्ली में डब्ल्यूटीओ का पुतला फूकेंगे किसान**

14 मार्च को देशभर के किसान दिल्ली के रामलीला मैदान में किसान महापंचायत करेंगे। यह फैसला बैठक में लिया है। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि 26 फरवरी को देशभर में किसान हाइवे पर ट्रैक्टर मार्च करेंगे। एक तरफ की सड़क खुली रहेगी। इसी दिन शाम को विश्व व्यापार संगठन का पुतला भी फूंका जाएगा।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री व गृह मंत्री पर केस दर्ज हो

किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने पंजाब की सीमा पर कार्रवाई की है। उन्होंने हरियाणा पुलिस के खिलाफ 302 के तहत केस दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मामले की न्यायिक जांच की जाए। हरियाणा के मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के खिलाफ भी केस दर्ज करने की मांग की। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता की मांग भी संयुक्त किसान मोर्चा ने की। संयुक्त किसान मोर्चा ने देश के गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और गृह मंत्री अनिल विज के इस्तीफे की मांग भी की। किसानों ने कृषि को विश्व व्यापार संगठन से अलग करने की मांग की है।

### आंदोलनकारी किसान की ये हैं मांग

किसानों की फसलों की एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी की मुख्य मांग है। इसके अलावा किसानों व कृषि मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफ करने, पुलिस में दर्ज मामलों को वापस लेने, लखीमपुरी खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे देने सहित आंदोलकारी किसानों की मांग है।

# ईवीएम हटाओ मोर्चे ने किया विरोध प्रदर्शन



- दिग्विजय, उदितराज समेत कई नेताओं को हिरासत लिया
- जंतर मंतर में मिली इजाजत को आखिरी समय में किया रदद

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खामियों के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को ईवीएम हटाओ मोर्चा तथा अन्य संगठनों के प्रदर्शन में शामिल हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा अन्य कई नेताओं को हिरासत में लिया गया।

ईवीएम हटाओ मोर्चा की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार ईवीएम के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर सभा आयोजित की जा रही थी और इसकी इजाजत भी मिल चुकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आखिरी वक्त में इजाजत को रद्द किया जिसके कारण यह आयोजन युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड पर करना पड़ा। मोर्चा के प्रमुख उदित राज के हवाले से मिली खबरों में बताया गया है कि विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह तथा डॉ उदित राज सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने के दौरान पुलिस ने हिरासत में लेकर पार्लियामेंट थाने में रखा गया जबकि विधायक तथा पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार राजेंद्र पाल गौतम को इन्द्रपुरी थाने में रखा गया।

**जनतंत्र का गला घोंटने का आरोप**

विरोध प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक बावरिया, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली पूर्व सांसद उदित राज तथा अन्य ने कहा कि देश इस समय अघोषित आपातकाल का दौर चल रहा है और आंदोलित किसानों का दमन कर जनतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने दी जानकारी**

# सरकार ने कई अकाउंट को ब्लॉक करने का आदेश दिया



- एक्स ने 'असहमति' के साथ एक्शन लिया

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) ने एक बार फिर कहा है कि भारत सरकार ने उसे कुछ अकाउंट और पोस्ट पर एक्शन लेने का आदेश दिया है। एक्स के मुताबिक, कंपनी भारत सरकार के इस आदेश से सहमत नहीं है, इसे वो अभिव्यक्ति की आजादी का उल्लंघन मानती है। हालांकि, फिर भी कंपनी सरकारी आदेश का पालन कर रही है।

एक्स की ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स टीम ने पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। बता दें कि हाल ही में सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि मोदी सरकार ने किसानों के प्रदर्शन से जुड़े कई सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक करने का आदेश दिया है।एक्स के इस ट्वीट में जानकारी दी गई है कि भारत सरकार की ओर से 'अकाउंट ब्लॉक करने के आदेशों' को चुनौती देने वाली उनकी एक रिट अपील पेंडिंग है।

हाल ही में किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने दावा किया था कि कई किसानों और यूट्यूबर्स के सोशल मीडिया अकाउंट सस्पेंड कर दिए गए हैं। वहीं सूत्रों के हवाले से भी ये खबर आई थी कि किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़े अकाउंट ब्लॉक करने का आदेश दिया गया है। बताया गया था कि सरकार ने लगभग 177 सोशल मीडिया अकाउंट और वेब लिंक को अस्थायी रूप से ब्लॉक करने को कहा है।

**मोदी ने लोकतंत्र का मजाक बनाकर रख दिया: श्रीनेत**

कांग्रेस के सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स की टीम के इस ट्वीट को शेयर किया है। साथ ही, पीएम मोदी पर तंज भी कसा है। मोदी ने हमारे लोकतंत्र को मजाक बनाकर रख दिया है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हाल के दिनों में देश में तमाम एक्स अकाउंट बिना मतलब के बंद कर दिए गए हैं।

# सीबीआई ने सत्यपाल मलिक का घर खंगाला

## जम्मू-कश्मीर के कुछ स्थानों सहित 30 विभिन्न स्थानों पर भी तलाशी ली



**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में किरू जल विद्युत परियोजना के लिए 2,200 करोड़ रुपये के निर्माण कार्य का ठेका देने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में राज्य के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसरों में गुरुवार को तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों के बताया कि एजेंसी ने जम्मू-कश्मीर के कुछ स्थानों सहित 30 विभिन्न स्थानों पर भी तलाशी ली। श्री मलिक ने आरोप लगाया था कि उन्हें दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई थी, जिनमें से एक किरू परियोजना से संबंधित थी। जम्मू-कश्मीर सरकार ने 2022 में इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। यह मामला वर्ष 2019 में किरू परियोजना के लिए लगभग 2,200 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का ठेका एक निजी कंपनी को देने में भ्रष्टाचार करने के आरोप में दर्ज किया गया था। एजेंसी ने इस मामले में चेनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (प्राइवेट) लिमिटेड के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार चौधरी, पूर्व अधिकारियों एम एस बाबू, एम के मित्तल और अरुण कुमार मिश्रा तथा पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# केजरीवाल को मिला 7वां समन

## ईडी ने 26 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी का 7वां समन मिला है। ईडी ने गुरुवार को उन्हें समन भेजते हुए पूछताछ के लिए सोमवार को बुलाया है। इससे पहले अरविंद केजरीवाल को सोमवार (19 फरवरी 2024) को ईडी के सामने पेश होना था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने तब पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजा था। आप ने ईडी के समन को गैर कानूनी बताते हुए तब कहा था कि ईडी के समन की वैधता का मामला अब कोर्ट में है। ईडी ने खुद कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी को बार बार समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए. यह छठी बार था, जब केजरीवाल ईडी के समन पर पेश नहीं हुए थे।

# पाकिस्तान ड्रोन ने फिर गिराए हथियार

■ सुरेश एस डुग्गर



- हथियारों की सप्लाई से सुरक्षाधिकारी परेशान
- एलओसी पर ड्रोन की उड़ानें बढ़ी

**जम्मू,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। पाकिस्तान की ओर से एक बार फिर इंटरनेशनल बार्डर पर ड्रोन से हथियार गिराए गए हैं। हालांकि बीएसएफ के जवानों द्वारा ड्रोन पर गोलीबारी करने से वह वापस पाकिस्तानी इलाके में वापस चला गया लेकिन हथियार गिराने की घटनाओं से अब सुरक्षाधिकारी परेशान होने लगे हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को गुरुवार को जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास ड्रोन से गिराया गया इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस मिला है। अधिकारी ने कहा कि आईईडी जीरो लाइन के पास मनियारी पोस्ट क्षेत्र में एक तलाशी अभियान के दौरान पाया गया था, जो बीएसएफ के जवानों ने सुबह एक पाकिस्तानी ड्रोन की आवाजाही देखी और उसे गिराने के लिए गोलीबारी करने के बाद शुरू किया था। उन्होंने कहा कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक तलाशी अभियान जारी था। ऐसा माना जा रहा है कि ड्रोन पाकिस्तानी सीमा में लौट आया है, अधिकारी ने कहा, आगे के गांव में गिराए गए आईईडी की विशेषज्ञों द्वारा जांच की जा रही है।

**पाकिस्तानी सेना ने अपनी रणनीतिओं बदली**

उन्होंने माना कि अब इंटरनेशनल बार्डर और एलओसी पर ड्रोन की उड़ानें बढ़ गई हैं। आतंकवाद की शुरुआत के साथ ही जम्मू कश्मीर में बड़े हथियारों और गोला बारूद का आना इसलिए संभव हुआ था क्योंकि एलओसी पर न ही तारबंदी थी और न ही इतनी संख्या में सैनिक कभी तैनात हुए थे। पर अब हालात बदले तो पाकिस्तानी खुफिया संस्था आईएसआई व पाक सेना ने भी अपनी रणनीतिओं को बदल लिया। वह हथियारों को वाया ड्रोन इस ओर भिजवा रही है।

# वित्तीय आतंकवाद फैला रही सरकार : कांग्रेस

## विपक्षी दलों के बैंक खाते सील करके लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा



- कांग्रेस को चंदे में से मिले 65 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसिया)। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों के बैंक खाते सील करके देश मे वित्तीय आतंकवाद फैला रही है और लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल, कोषाध्यक्ष अजय माकन, संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा युवा कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी ने पार्टी के बैंक खाते सील करके पैसे निकालने की कार्रवाई को जबरन वसूली करार दिया और कहा कि यदि सरकार आयकर को बहाना बनाकर कांग्रेस के खातों को सील करती है तो उसे बताना चाहिए कि क्या भाजपा ने कभी आयकर दिया है और यदि नहीं दिया है तो उसके खाते सील क्यों नहीं किये जा रहे हैं। श्री खड़गे ने कहा, निरंकुश मोदी सरकार जबरन वसूली और वित्तीय आतंकवाद के माध्यम से लोकतंत्र पर कब्जा कर रही है। उसने कांग्रेस को चंदे में से मिले 65 करोड़ रुपए हस्तांतरित करने के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों को धोखा दिया और इसे आयकर के माध्यम से जब्त कर लिया।

# मैतेई को एसटी का दर्जा देने पर विचार नहीं होगा

## मणिपुर हाईकोर्ट ने फैसले से विवादित पैरा हटाया



**इंफाल,** 22 फरवरी (एजेंसिया)। मणिपुर हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने पर विचार करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस गोलमेई गैफुलशिलु की बेंच ने आदेश से एक पैराग्राफ को हटाते हुए कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच के रुख के खिलाफ था। गौरतलब है कि 27 मार्च 2023 के इसी निर्देश के बाद मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। हाईकोर्ट में इस फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका लगाई गई थी।

**खेल** | *चेन्नई व बेंगलुरु के बीच होगा आईपीएल का उद्घाटन मुकाबला*

# 22 मार्च से होगा आईपीएल का आगाज

**नई दिल्ली, 22 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2024 की शुरुआत 22 मार्च को गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबले से होगी। यह मुकाबला चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में चार प्लेऑफ मुकाबलों के साथ कुल 74 मैच खेले जाएंगे। 22 मार्च से 7 अप्रैल के बीच दिल्ली कैपिटल्स दिल्ली के फिरोज शाह कोटला में नहीं खेल पाएगी।**

इस दौरान उनके दोनों मैच विशाखापटनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में खेले जाएंगे। महिला प्रीमियर लीग के आखिरी दौर के मैच सहित फाइनल 17 मार्च को खेला जाएगा। इस वजह से यहां आईपीएल का कोई मैच नहीं रखा गया है। दिल्ली, गुजरात टाइटंस और आरसीबी इन 17 दिन के शुरुआती कार्यक्रम में अपने 14 में पांच मैच खेलेंगे। कोलकाता नाइटराइडर्स केवल तीन मैच तथा शेष सभी टीम चार मैच खेलेंगी। पंजाब किंग्स अपने घरेलू मैच मोहाली में खेलेगी या फिर पंजाब क्रिकेट संघ के मुल्लानपुर में बने नए स्टेडियम में खेल सकती है।




- शुरुआती 21 मैचों का शेड्यूल हुआ जारी

**चुनाव की तारीख का है इंतजार**

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल पूरा शेड्यूल जारी करने से पहले देश में होने वाले आम चुनाव के मतदान की तिथि जारी होने का इंतजार है। वर्ष 2009 में पूरा टूर्नामेंट और 2014 में पहले 20 मैच आम चुनाव की वजह से बाहर हुए थे लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) पूरा टूर्नामेंट भारत में ही कराना चाहती है इसी कारण से सुरक्षा और अन्य चीजों को देखते हुए चुनाव की तिथि का इंतजार कर रही है।

**देश में ही होगा पूरा आईपीएल**

आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा था कि पूरा टूर्नामेंट भारत में ही आयोजित किया जाएगा। सिर्फ 2009 में ही आईपीएल पूरी तरह से विदेश में खेला गया था। इसके अलावा इस बार चेन्नई की टीम रिकॉर्ड नौवीं बार आईपीएल के किसी सीजन का पहला मैच खेलेगी। इससे पहले टीम 2009, 2011, 2012, 2018, 2019, 2020, 2022 और 2023 में उद्घाटन मैच खेल चुकी है।

# देश

**उवाच** "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से लाओ, हम विश्व की तीसरी आर्थिक ताकत बन जाएंगे। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के साथ भाजपा को मिली सीटों का जिक्र करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सभी 11 सीटों को जीतने का संकल्प लें:= **अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.2 | 10.8 |
| मुंबई | 30.0 | 21.3 |
| कोलकाता | 28.0 | 22.5 |
| चेन्नई | 31.1 | 24.8 |

# राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' में 25 को शामिल होंगे अखिलेश यादव

■ **अजय राय ने मल्लिकार्जुन खड़गे की तरफ से सपा अध्यक्ष को भेजे गए आमंत्रण पत्र को सपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी को सौंपा**

**लखनऊ,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन होने के बाद अब सपा मुखिया अखिलेश यादव कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में 25 फरवरी को आगरा में शामिल होंगे। गुरुवार को अखिलेश यादव को यात्रा के लिए न्योता देने यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय खुद सपा दफ्तर पहुंचे। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश के संयोजक पीएल पुनिया कांग्रेस नेताओं के साथ सपा कार्यालय पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तरफ से सपा अध्यक्ष को भेजे गए आमंत्रण पत्र को सपा के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी को सौंपा। अवस्थी ने बताया कि राजेंद्र चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा में राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल होंगे। सपा मुखिया 25 फरवरी को आगरा में टेढ़ी बगिया स्थित आंबेडकर प्रतिमा के पास यात्रा में शामिल होंगे। न्याय यात्रा आगरा के शाहदरा चौराहे से फतेहपुर सीकरी तक जाएगी।



## महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस करेगी आंदोलन : अलका लांबा



देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के एक दिवसीय दौरे पर पहुंची महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उत्तराखंड का यह उनका पहला दौरा है। जहां नारी न्याय सम्मेलन सहित संगठन को मजबूत करने और बड़े बदलाव को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। नारी न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के जो पांच बिंदु हैं, उन पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि नारी, युवा, किसान, श्रमिक और भागीदारी पर चर्चा होगी। महिलाओं के प्रति जो अपराध हैं, उन पर बात की जाएगी। भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं पर हिंसा हो रही है और सरकार कुछ नहीं कर रही है। गांव में बैठी बहन-बेटियां गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं। हम उन बहनों तक 'नारी न्याय यात्रा' के माध्यम से पहुंचेंगे। उन बहनों से बात करेंगे कि कैसे वो 10 से 15 हजार रुपए कमा सकती हैं। अलका लांबा ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ हम आंदोलन करने जा रहे हैं। युवाओं और किसानों की आवाज़ भी उठाएंगे। उत्तराखंड के 33 जिलों में 'नारी न्याय सम्मेलन' होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का कभी भी ऐलान हो सकता है, हम चुनाव के लिए तैयार हैं।

# देश में बहुत से ब्रांड बने लेकिन अमूल जैसा कोई नहीं: मोदी

**अहमदाबाद,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यहां कहा कि भारत की आजादी के बाद देश में बहुत से ब्रांड बने लेकिन अमूल जैसा कोई नहीं है। अमूल भारत के पशुपालकों के सामर्थ्य की पहचान, अमूल यानि विश्वास, अमूल यानि विकास, अमूल यानि जनभागीदारी, अमूल यानि किसानों का सशक्तिकरण, अमूल यानि समय के साथ आधुनिकता का समावेश, अमूल यानि आत्मनिर्भर भारत की प्रेरणा, अमूल यानि बड़े सपने, बड़े संकल्प और उससे भी बड़ी सिद्धियां बन चुका है। दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में अमूल के प्रॉडक्ट को निर्यात किया जाता है। श्री मोदी गुजरात में अहमदाबाद के मोटेरा स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए और 1.25 लाख से अधिक किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात के गांवों ने मिलकर 50 वर्ष पहले जो पौधा लगाया था वो आज विशाल वटवृक्ष बन गया है। इस विशाल वटवृक्ष की शाखाएं आज देश-विदेश तक फैल चुकी हैं। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन की स्वर्ण जयंति पर आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। गुजरात की दूध समितियों से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का हर पुरुष, हर महिला का भी मैं अभिनंदन करता हूं। इसके साथ हमारे एक और साथी हैं, जो डेयरी सेक्टर के सबसे बड़े स्टेकहोल्डर हैं। मैं उन्हें भी प्रणाम करता हूं। ये स्टेकहोल्डर, ये साझीदार हैं- हमारा पशुधन। मैं आज इस यात्रा को सफल बनाने में पशुधन के कंट्रीब्यूशन को भी सम्मानित करता हूं, उनके प्रति आदर व्यक्त करता हूं। इनके बिना डेयरी सेक्टर की कल्पना भी नहीं हो सकती। इसलिए मेरा देश के पशुधन को भी प्रणाम है।



प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि भारत की आजादी के बाद देश में बहुत से ब्रांड बने लेकिन अमूल जैसा कोई नहीं। आज अमूल भारत के पशुपालकों के सामर्थ्य की पहचान बन चुका है। अमूल यानि विश्वास। अमूल यानि विकास। अमूल यानि जनभागीदारी। अमूल यानि किसानों का

**मोदी स्टेडियम में गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह में आज कहा कि मुझे ये जानकर खुशी हुई कि अगले पांच साल में आप लोगों ने अपने प्लांट्स की प्रोसेसिंग क्षमता को दोगुना करने का लक्ष्य रखा:-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

सशक्तिकरण। अमूल यानि समय के साथ आधुनिकता का समावेश, अमूल यानि आत्मनिर्भर भारत की प्रेरणा, अमूल यानि बड़े सपने, बड़े संकल्प, और उससे भी बडी सिद्धियां। आज दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में अमूल के प्रॉडक्ट को निर्यात किया जाता है। 18 हजार से ज्यादा दुग्ध सहकारी मंडली, 36 लाख किसानों का नेटवर्क, हर दिन साढ़े तीन करोड़ लीटर से ज्यादा दूध का संग्रहण, हर रोज पशुपालकों को 200 करोड़ रुपए से अधिक का ऑनलाइन पेमेंट, ये आसान नहीं है। छोटे-छोटे पशुपालकों की ये संस्था, आज जिस बड़े पैमाने पर काम कर रही है। वही तो संगठन की शक्ति है, सहकार की शक्ति है।

उन्होंने कहा कि दूरगामी सोच के साथ लिए गए फैसले कई बार आने वाली पीढ़ियों का भाग्य कैसे बदल देते हैं, अमूल इसका भी एक उदाहरण है।

## सार संक्षेप

### जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव का बिहार विधानसभा का उपाध्यक्ष बनना तय, किया नामांकन

पटना। एनडीए में शामिल जनता दल यूनाइटेड के विधायक नरेंद्र नारायण यादव गुरुवार को बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इनका निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना जाना तय माना जा रहा है। पूर्व उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी के बुधवार को अचानक इस्तीफा देने के बाद उपाध्यक्ष का पद खाली हुआ है। उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र भरने के बाद यादव ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे वे निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बेहतर समन्वय के साथ सदन का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति उन्होंने आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, इसके लिए वो पार्टी के प्रति आभारी हैं। यादव मधेपुरा के आलमनगर विधानसभा से जदयू के विधायक हैं। वे बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं।

### कर्नाटक में सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए कुमारस्वामी ने अमित शाह से की मुलाकात

नई दिल्ली। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से 30 मिनट तक मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, पार्टियों के बीच जारी सीट बंटवारे को लेकर कुमारस्वामी ने अमित शाह से मुलाकात की है। इसके अलावा जेडीएस और बीजेपी नेताओं के बीच जारी मतभेद को ध्यान में रखते हुए भी मुलाकात को अहम माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि कुमारस्वामी ने अमित शाह से जद (एस) के उम्मीदवारों को मांड्या, हासन और बेंगलुरु ग्रामीण या कोलार लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति देने पर जोर दिया।

### किसानों के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाये सरकारः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि किसानों का मुद्दा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है और सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के साथ की गई क्रूरता की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस बल प्रयोग में गोली लगने से एक किसान की मौत हुई है लेकिन आश्चर्य की बात है कि पंजाब सरकार ने अपने क्षेत्र में किसान की हत्या पर अब तक प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए पंजाब विधानसभा का सत्र बुलाने की मांग की है।

## नेता प्रतिपक्ष को सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होना है तो पद से इस्तीफा दे देना चाहिए : विजय सिन्हा

**पटना,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा के बजट सत्र से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दूरी बना ली है। जन विश्वास यात्रा पर निकलने के कारण तेजस्वी यादव विधानसभा की कार्यवाही में शामिल नहीं हो रहे हैं। इसको लेकर सत्ताधारी बीजेपी ने आपत्ति जताई है। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं होना है तो उन्हें पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।



डिप्टी सीएम और पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तेजस्वी के सदन में नहीं आने पर जोरदार हमला बोला। विजय सिन्हा ने कहा कि पहली बार पथ निर्माण विभाग का बजट पेश करने का मौका मिला लेकिन सदन से पूर्व पथ निर्माण मंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव गायब रहे। उम्मीद थी कि सदन में चर्चा के दौरान उनके अनुभव से सदन को कुछ लाभ भी मिलेगा लेकिन ये बिहार के ऐसे नेता प्रतिपक्ष हैं जो सदन चलता है तो जनता के बीच विश्वास हासिल करने पहुंच जाते हैं और जब सदन बंद रहता है तो दिल्ली में विश्वास हासिल करते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेवारी का नेता प्रतिपक्ष द्वारा निर्वहन नहीं करना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिंदगी के खेला में तो सफल नहीं हुए लेकिन कई झमेला को आमंत्रित कर दिए। उनके जिस विभाग के अंदर जाइए झमेला ही झमेला नजर आ रहा है। जो लोग जनता की गाढ़ी कमाई को लूटा और अकूत संपत्ति के मालिक बन गए। जनता ने जिन्हें सेवा करने का मौका दिया उन्होंने जनता के विश्वास को तोड़ने का काम किया है और अब जन विश्वास यात्रा कर रहे हैं। सत्र के दौरान अगर नेता प्रतिपक्ष सदन में नहीं रहते हैं तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्हें लग रहा है कि उनकी गई गड़बड़ियां उजागर हो जाएंगी इसलिए सदन छोड़कर भाग गए हैं।

## 'हम' का 23 फरवरी को पंचायत स्तरीय सम्मेलन, राज्यभर से हजारों कार्यकर्ता पहुंचेंगे : मांझी

**पटना,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पटना में 23 फरवरी को पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर रही है। इसमें राज्यभर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का जुटान होगा। सम्मेलन में पार्टी के कार्यकर्ता एनडीए को लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत दिलाने का संकल्प लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि दलित और मांझी समाज के लोग वोट देने से वंचित रह जाते हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से दलित और वंचित समाज के लोगों को वोट के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है और ऐसे में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव का जिला-जिला घूमना, उनकी अपरिपक्वता को दर्शाता है।



अपने ही सरकार पर आरोप लगाते हुए बोले भाजपा विधायक

## सरकार में भ्रष्ट अधिकारी बैठे हुए हैं जो विधायक की बात नहीं सुनते

**पटना,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सदन के सदस्यों के तरफ से कई गंभीर सवाल पूछे गए। ये सभी सवाल कृषि विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग और सहकारिता विभाग से जुड़े हुए हैं। ऐसे में आज भाजपा के एक विधायक ने खुद के ही सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि - सरकार में भ्रष्ट अधिकारी बैठे हुए हैं जो विधायक की बात नहीं सुनते हैं।

दरअसल, भाजपा के विधायक ललन पासवान ने कहा कि हमारे विधानसभा इलाके में एक घर के पास ही एक सरकारी स्कूल हैं, जहां कुछ दिन पहले तक स्टूडेंट को आने के लिए महज 50- 60 मीटर की दूरी तय करनी होती थी और इसको लेकर बहुत ही बेहतर ग्रामीण सड़क का भी निर्माण करवाया गया था। लेकिन, अब स्कूल के आस-पास कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। ऐसे में बच्चों को स्कूल आने के लिए लंबा रास्ता तय करना होता है इस दौरान उन्हें मुख्य सड़क यानी ह॥ पर आना होता है, ऐसे में सड़क दुर्घटना की संख्या बढ़ गई है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बात सिर्फ इतनी नहीं है की कब्ज़ा कर लिया गया है बल्कि बात यह है कि जब इस मामले को लेकर ग्रामीण पदाधिकारी यानी आरओ के पास जाकर शिकायत की जाती है और एक नहीं सुनी जाती है और हमारी बातों की अनदेखी की जाती है। इसकी वजह है कि वो भ्रष्ट हैं और सरकार को चुना लगा रहे हैं। पिछले दिनों जी फंड की राशि आई तो इन्होंने इसका गलत उपयोग किया। इतना ही नहीं जब विधायक होने के नाते हमने उनसे काजगात की मांग की तो वह भी नहीं दिया गया। उधर, अपनी ही पार्टी के विधायक की बात सुन विभगीय मंत्री सह बिहार के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक जी यदि ऐसी बात कह रहे हैं तो इसकी जांच करवाई जाएग। लेकिन, तभी विधायक वापस से खड़े ही गए और कहा कि बात सिर्फ जांच की नहीं है बल्कि अधिकारी पर एक्शन की है। ऐसे में उपमुख्यमंत्री ने यह कहा कि पहले जांच हो जाने दिजिये उसके बाद एक्शन भी किया जाएगा।

## अश्विनी वैष्णव ने रेल, संचार और इलेक्ट्रोनिक्स, आईटी मंत्रालयों के लिए वार्षिक क्षमता निर्माण योजना आरंभ की

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रोनिक्स तथा आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेल, संचार और इलेक्ट्रोनिक्स तथा आईटी मंत्रालयों के लिए वार्षिक क्षमता निर्माण योजना आरंभ की। यह वार्षिक योजना संगठनों, संस्थानों एवं व्यक्ति विशेषों के विकास के साथ साथ राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, उभरती प्रौद्योगिकीयों, नागरिक केन्द्रीयता को ध्यान में रखते हुए क्षमता निर्माण एवं श्रमबल के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है। डाकघरों, रेलवे, बीएसएनएल एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के कर्मचारियों ने आईजीओटी कर्मयोगी प्रशिक्षण के अपने अनुभव साझा किए तथा बताया कि किस प्रकार इससे उन्हें अपनी क्षमताओं को विकसित करने, अपने रोजगार के प्रति उनकी समग्र मानसिकता में सुधार लाने और आम जनता को सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं को बेहतर तरीके से उपलब्ध कराने में उनके निष्पादन तथा क्षमता को बढ़ाने में मदद प्राप्त हुई है।



केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रोनिक्स तथा आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में रेलवे, डाक घरों, सीएससी तथा बीएसएनएल के 1000 से अधिक कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति, जिसमें रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष, एमईआईटीवाई के सचिव, डाक विभाग के सचिव, संचार के सचिव तथा क्षमता निर्माण आयोग के अध्यक्ष भी उपस्थित थे, को संबोधित करते हुए सभी कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी में उनके अच्छे निष्पादन के लिए बधाई दी। श्री वैष्णव ने कहा ''चाहे, रेलवे हो या डाक विभाग, सीएससी या बीएसएनएल हो, सभी सेवा से संबंधित विभाग हैं और सेवा उद्योग को एक अलग प्रकार की मानसिकता की आवश्यकता होती है क्योंकि उनका ग्राहकों और हितधारकों के साथ निरंतर संवाद होता है जिसका ग्राहकों एवं समस्त नेटवर्क पर गहरा प्रभाव पड़ता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमेशा कहते हैं ''दिमाग कभी कोई समस्या नहीं होती, मानसिकता जरुर समस्या होती है'' और इसीलिए हमें हमारी मानसिकता को समाधान केंद्रित बनाने की आवश्यकता है। समस्याओं का सामना सभी लोगों को करना पड़ता है लेकिन हम इन समस्याओं का सामना किस प्रकार करते हैं, वह महत्वपूर्ण है और यही सफलता और विफलता के बीच अंतर पैदा करता है।

## जम्मू-कश्मीर स्टार्टअप नीति 2024-27 को मंजूरी, दो हजार स्टार्टअप तैयार करने का लक्ष्य

**जम्मू,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक परिषद (एसी) की बैठक में जम्मू-कश्मीर स्टार्टअप नीति 2024-27 को मंजूरी दी गई। एक आधिकारिक बयान में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। इस नीति का उद्देश्य अगले पांच साल में जम्मू-कश्मीर में दो हजार स्टार्टअप तैयार करना है।



बयान में कहा गया है, 'जम्मू-कश्मीर सरकार 250 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करेगी। इस फंड में प्रारंभिक फंड के रूप में अधिकतम 25 करोड़ रुपये लगाएगी।' बयान में कहा गया है, 'वेंचर कैपिटल फंड मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर के मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप में निवेश करेगा। वित्त विभाग के परामर्श से फंड के निर्माण और इसके उपयोग के लिए विस्तृत तौर-तरीकों पर काम किया जायेगा' बयान में कहा गया है कि विभाग विकास की अच्छी संभावना वाले स्टार्टअप्स को भूमि आवंटन की सुविधा के लिए एक तंत्र पर भी काम कर सकता है। बयान में कहा गया है, 'जेकेईडीआई द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को 20 लाख रुपये (चार बराबर किस्तों) तक की सीड फंडिंग के रूप में एकमुश्त सहायता का भी प्रावधान है, जो स्टार्टअप्स के लिए एक नोडल एजेंसी है। सीड फंडिंग के लिए हर साल 25 स्टार्टअप की सीमा है जो उपलब्ध बजट और प्रबंधनीय संख्या में स्टार्टअप को प्रभावी ढंग से समर्थन देने की इच्छा पर आधारित निर्णय है।

## किसान हमारे अन्नदाता, सरकार उनसे मुद्दों पर हर समय बातचीत करने को तैयारः ठाकुर

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। केन्द्र सरकार ने किसानों को 'अन्नदाता' और 'भाई' कहते हुये गुरुवार को कहा कि वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आन्दोलन कर रहे किसानों से बातचीत को तैयार है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज कहा, 'केन्द्र आंदोलनकरी किसानों से बातचीत करने को तैयार है। किसान हमारे 'अन्नदाता' और 'भाई' हैं। श्री ठाकुर ने राजधानी में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मोदी सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिये कई कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा, 'हम पहले भी उनसे बातचीत के लिये तैयार थे और आज भी तैयार हैं तथा भविष्य में भी उनके विषयों पर बातचीत को तैयार रहेंगे।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दौर में एमएसपी दोगुना हो गया है और खरीद भी दोगुने से अधिक हो रही है। मंत्री ने गन्ने का उचित एवं लाभदायक मूल्य बढ़ाने के केन्द्र के फैसले का उल्लेख करते हुये कहा कि भारत दुनिया में गन्ने का सबसे ज्यादा मूल्य दे रहा है। उल्लेखनीय है कि मंत्रिमंडल ने गन्ना विपणन वर्ष 2024-25 के लिये बुधवार को गन्ने की उचित और लाभदायक दर आठ प्रतिशत बढ़ाकर प्रति क्विंटल 340 रुपए तय किया है। श्री ठाकुर ने कहा कि गन्ने की यह दर ए2+ फॉर्मूले के अनुसार, लागत से 107 प्रतिशत ऊंची है। ए2 फॉर्मूले में खाद्य बीज, रसायन, मजूदरी, सभी खर्चे शामिल होते हैं जबकि ए2+ पारिवारिक श्रम फॉर्मूले में खेती की वास्तविक लागत और परिवार के श्रम की लागत शामिल होती है।



**संकट** इंटरनेशनल बार्डर पर बसने वाले अनजान लोगों से परेशान हुई बीएसएफ

# साल में दो बार निकला आर्डर पर किसी ने नहीं दी जानकारी किराएदारों की

**जम्मू, 22 फरवरी (देशबन्धु)। यह हैरान कर देने वाली खबर हो सकती है कि जम्मू फ्रंटियर के सीमांत गांवों और क्षेत्रों में अनजान लोगों की आवाजाही, बसाहट और किराए पर रहने की घटनाएं सीमा सुरक्षा बल को आक्रांतित करने लगी हैं और ऐसे में वह नागरिक प्रशासन से चाहती है कि ऐसे लोगों की जल्द से पहचान की जाए। पर जिलायुक्त के ऐसे निर्देशों की पालना सालभर से नहीं हो पा रही है।**

हालत यह है कि पूरे एक साल के बाद सांबा जिलायुक्त को इसके प्रति निर्देश तो निकाला गया है पर नतीजा शून्य ही है।

दरअसल पिछले एक साल से बीएसएफ के अधिकारी इस मुद्दे को कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठा चुके हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी के मुताबिक, अक्सर सीमांत किसान उन लोगों को इंटरनेशनल बार्डर की तारबंदी तक ले जाकर खतरा पैदा कर रहे हैं जिनके प्रति कहीं कोई जांच नहीं होती है और उनमें कई संदिग्ध भी लगते हैं।



यही नहीं कई प्रवासियों ने अब उन किसानों के सीमावर्ती खेतों में ही झुग्गियां बना ली हैं जिनसे खेतों में फसलों की बुबाई और कटाई का काम किराए पर करवाया जा रहा है।

एक साल पूर्व 22 फरवरी के ही दिन सांबा के जिलायुक्त ने इस मामले में पहल करते हुए दस दिनों के अंदर उन सभी व्यक्तियों के प्रति जानकारियां देने के लिए कहा था जो या तो किराए पर रह

■ **सीमांत किसान उन लोगों को इंटरनेशनल बार्डर की तारबंदी तक ले जाकर खतरा पैदा कर रहे**

रहे हैं या फिर जिन्होंने सीमावर्ती खेतों व गांवों में मकान बनाए हैं। खासकर प्रदेश के बाहर से आने व्यक्ति के लिए यह आदेश दिया गया था। एक साल बाद सांबा के नए जिलायुक्त को 4 जनवरी को फिर से ऐसा निर्देश पारित करना पड़ा क्योंकि किसी ने भी सरकारी आदेश की परवाह नहीं की। सांबा की पूर्व जिलायुक्त अनुराधा गुप्ता के कार्यालय से जारी एक आदेश संख्या 06 आफ 2023 दिनांक 22 फरवरी 2023 और नए जिलायुक्त अभिषेक शर्मा के कार्यालय से जारी ताजा निर्देष संख्या 01 आफ 2024 दिनांक 4 जनवरी 2024 के बकौल, संबंधित थाना प्रभारियों को इस सबंध में जानकारियां नहीं देने वालों को धारा 144 के तहत हिरासत में लेने के लिए भी कहा है। उन्होंने अपने आदेश में बीएसएफ की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि इस कार्य के लिए थाना प्रभारियों, तहसीलदारों, चौकीदारों और नंबरदारों को भी तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा गया है ताकि अवांछित तत्वों को कोई कृत्य करने से पहले ही रोका जा सके। फिलहाल इस आदेश को दो माह के लिए लागू किया गया है जबकि याद रखने तथ्य यह है कि सांबा के सीमांत इलाकों में बीएसएफ के आग्रह पर पहले ही तारबंदी के एक किमी के इलाके में रात्रि कर्फ्यू लागू किया जा चुका है।

# पानी के बढ़े बिलों से लोगों को राहत देने के लिए कांग्रेस व आप आई साथ



■ बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का भाजपा ने किया वहिष्कार
■ सीएम ने जनता से जुड़े इस बड़े मुद्दे पर चर्चा के लिए भाजपा और कांग्रेस को आमंत्रित किया था

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। पानी के बढ़े बिलों से लोगों को राहत देने के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा गुरुवार को अपने आवास पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का भाजपा ने वहिष्कार किया। सीएम ने जनता से जुड़े इस बड़े मुद्दे पर चर्चा के लिए भाजपा और कांग्रेस को आमंत्रित किया था। कांग्रेस की तरफ से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और हारून यूसूफ बैठक में शामिल हुए और उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड की इस पॉलिसी का समर्थन किया। बैठक में जल मंत्री आतिशी और शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विस्तार से वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के बारे में बताया। इस दौरान सीएम ने कहा कि भाजपा का बैठक में शामिल न होना यह दिखाता है कि वो स्कीम के खिलाफ है, जबकि इसे लागू होने से 90 फीसद लोगों का बिल माफ हो जाएगा। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा स्कीम को रोकने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। हमने एलजी साहब से बात की, सदन में मामला उठाया, रिजॉल्यूशन पास किया, फिर भी पॉलिसी कैबिनेट में नहीं आ पाई है। वहीं, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री को अपना सुझाव दे दिया है। कांग्रेस दिल्लीवालों को राहत देने वाले सरकार के हर कदम का समर्थन करेगी। इस दौरान डीजेबी के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती भी मौजूद रहे। सर्वदलीय बैठक के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा का सर्वदलीय बैठक में शामिल न होना यह दिखाता है कि वो दिल्ली के लाखों लोगों को राहत देने वाली वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के खिलाफ है। हमें भाजपा को दिल्ली की जनता के सामने एक्पोज करना चाहिए, क्योंकि वो बहुत ही गंदी राजनीति कर रही है। अगर भाजपा के कोई सुझाव होंगे तो हम जरूरत लेते। सीएम ने स्कीम के बारे में बताया कि हमारा आंकलन है कि वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लागू होने से लगभग 90 फीसद लोगों का बिल माफ हो जाएगा। लेकिन दिल्ली सरकार को दिल्ली जल बोर्ड को सब्सिडी का पैसा देना होगा। इसके बाद दिल्ली जल बोर्ड के पास राजस्व आ जाएगा। चूंकि सर्विसेज केंद्र सरकार के पास है। इसलिए उनका अफसरों पर दबाव है। कुछ अफसरों ने आकर हमें बताया कि हमें धमकी दी जा रही है, हमारी नौकरी चली जाएगी। इसलिए अब इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाना पड़ेगा और जनता को खड़ा करना पड़ेगा। यह बहुत बड़ा मुद्दा है। विधायकों के कार्यालय में रोजाना सुबह से शाम तक लोगों का तांता लगा रहता है।

सर्वदलीय बैठक के उपरांत दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के पानी के बिलों के लिए डीजेबी और दिल्ली सरकार एक पॉलिसी लाना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी अफसरों के जरिए उस वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी को रोकने के लिए काफी मशक्कत कर रही है। इस पॉलिसी के विषय में हमने एलजी साहब से भी बात की है और दिल्ली विधानसभा के सदन में भी यह मामला उठाया है। सदन में रिजॉल्यूशन भी पास किया है। इसके बावजूद वन टाइम सेटलमेंट स्कीम अभी तक कैबिनेट में नहीं आ पाई है। चूंकि यह दिल्ली की जनता से जुड़ा बड़ा मुद्दा है। इसलिए कुछ दिन पहले सर्वदलीय बैठक करने का फैसला लिया गया, ताकि बड़े राजनीतिक दल अपनी पार्टी लाइन से बाहर जाकर इस जनहित के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया जाए।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इसलिए आज सीएम अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। इस सर्वदलीय बैठक में भाजपा से रामवीर सिंह बिधूड़ी को निमंत्रण दिया गया था। उनको कहा गया था कि आप अपने किसी साथी विधायक को लेकर आएं। इसके अलावा, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली को न्यौता दिया गया था। अरविंदर सिंह लवली अपने साथ हारून यूसूफ के साथ सर्वोदय बैठक में शामिल हुए। दोनों ही दिल्ली के पूर्व मंत्री हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली के इस जमीनी मुद्दे पर विचार विमर्श करेन के लिए भी भाजपा के नेता विपक्ष और विधायक नहीं आए। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा के लोग नहीं चाहते हैं कि दिल्ली के 10.50 लाख से ज्यादा लोगों के लंबित बिलों का निपटारा हो सके। दिल्ली की जनता परेशान हैं तो बीजेपी के लोग उससे खुश हैं।

वहीं, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि दिल्ली के पानी के बिलों को लेकर मुख्यमंत्री की तरफ से हमें सर्वदलीय बैठक का आमंत्रण मिला था। एक जिम्मेदार राजनीतिक दल होने के नाते कांग्रेस की तरफ से हमने इस बैठक में भाग लिया।

# महाराष्ट्र टूरिज्म के रोड शो को दिल्ली में मिली बेहतर प्रतिक्रिया




**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। महाराष्ट्र टूरिज्म ने लोगों को बेहतरीन अवसर प्रदान करने, ग्राहकों को आकर्षित करने और ट्रैवल ट्रेड में बाजार की संभावनाएं तलाशने के लिए पूरे देश में 8 शहरों के लिए एक रोडशो टूर की शुरुआत की है। इसके अलावा यह अपने हितधारकों,साझेदारों के साथ गठबंधन में विभिन्न ट्रेड फेयर्स में भी हिस्सा लेगा। इन ट्रेड फेयर्स में महाराष्ट्र राज्य में मौजूद ट्रैवल और टूरिज्म उद्योग की अपार संभावनाओं के बारे में बताया जाएगा। अपनी ऐतिहासिक विरासत, समुद्री तटों, धार्मिक स्मारकों, हिल स्टेशंस, वन्यजीवन, एडवेंचर स्पोर्ट्स, स्वादिष्ट रसोई, सांस्कृतिक उत्सवों, परिवहन की कनेक्टिविटी आदि के साथ महाराष्ट्र सबसे आकर्षक पर्यटक स्थलों में से एक है। पिछले साल शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद महाराष्ट्र टूरिज्म ने इस साल दिल्ली में अपना रोड शो आयोजित किया। यह कार्यक्रम कनॉट प्लेस में आयोजित किया गया, जिसमें शहर से टूर एवं ट्रैवल उद्योग की प्रतिष्ठित हस्तियों ने हिस्सा लिया। महाराष्ट्र सरकार में डायरेक्टरेट ऑफ टूरिज्म के जॉइंट डायरेक्टर स्वप्निल कपड़निस ने बताया कि पिछले साल हमारे रोडशो को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद हम इस साल भी नए बाजारों में अपने रोडशो आयोजित करने और नई संभावनाओं को तलाशने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हम टूरिज़्म को प्रोत्साहित कर इंटर-स्टेट ट्रैवल एवं टूरिज़्म बढ़ाना चाहते हैं। हम दिल्ली में अपने रोडशो को मिली शानदार प्रतिक्रिया से उत्साहित हैं। महाराष्ट्र में हर पहलू से ट्रैवल और टूरिज़्म के बेहतरीन अवसर मौजूद हैं।

## सार संक्षेप

### ऐस टर्टल ने भारत में डॉकर्स स्टोर और ई-कॉमर्स लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** भारत की लीडिंग टेक्नोलॉजी-नेटिव रिटेल कंपनी ऐस टर्टल ने गुरुवार को भारत में लाइफस्टाइल अपैरेल ब्रांड डॉकर्स को लॉन्च किया। पूरे भारत में ऑनलाइन शॉपिंग को सक्षम करने के लिए डेडेकिटेड ई-कॉमर्स वेबसाइट की लॉन्चिंग के एक सप्ताह पहले ही दिल्ली में ब्रांड ने अपने पहले रिटेल स्टोर की शुरुआत कर दिया है। इस रोमांचक पार्टनरशिप के जरिए डॉकर्स की कालातीत और बहुमुखी कपड़ों की विरासत को भारतीय रीजन में लाया गया है, जो आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेगा। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, ऐस टर्टल के सीईओ, नितिन छाबड़ा ने कहा कि हम दिल्ली में अपने पहले विशेष रिटेल स्टोर के लॉन्च के साथ भारतीय उपभोक्ताओं के लिए खाकी में ग्लोबल अथॉरिटी डॉकर्स को पेश करने के लिए रोमांचित हैं। स्टोर उपभोक्ताओं को एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हम प्रासंगिक ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों के माध्यम से डॉकर्स को लाखों भारतीय उपभोक्ताओं तक ले जाने के लिए अपने अद्वितीय प्रौद्योगिकी-संचालित ऑपरेटिंग मॉडल और ओमनीचैनल कॉमर्स विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे।

### अमेज़न इंडिया और गेम ने सहेली कार्यक्रम के लिए एमओयू किया

**नई दिल्ली।** अमेज़न इंडिया ने विशेष रूप से देश के टियर -2, टियर -3 शहरों और कस्बों में महिला उद्यमियों के डिजिटल विकास को बढ़ावा देने और सहयोग करने के लिए 'ग्लोबल एलायंस फॉर मास एंट्रेप्रेन्योरशिप के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इस साझेदारी के ज़रिये अमेज़न इंडिया का लक्ष्य है, लगभग 25,000 महिला उद्यमियों और कारीगरों को उनकी डिजिटल उद्यमशीलता यात्रा में मदद करना। गेम व्यावसायिक क्षमता निर्माण में इनपुट प्रदान कर रहा है, डिजिटल मार्केटिंग के स्किल अंतराल को पाट रहा है और उन्हें एकत्रित ब्रांडों के रूप में सामने लाने में मदद कर रहा है। अमेज़न इंडिया में विक्रेता अधिग्रहण एवं विकास विभाग के प्रमुख श्री गौरव भटनागर ने इस अवसर पर अपनी टिप्पणी में कहा कि देश भर में महिला उद्यमियों को अपना व्यवसाय तैयार करने और बढ़ाने के लिए ई-कॉमर्स की शक्ति का उपयोग करते हुए देखना वाक़ई प्रेरणादायक है।

### कॉलेज विद्या ने एआई सर्च टूल सेट लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** कॉलेज विद्या, सोच-समझकर ऑनलाइन शिक्षा का विकल्प चुनने वाले छात्रों के लिए वन स्टॉप सोल्यूशन ने अपनी वेबसाइट पर नया एआई-पावर्ड सर्च टूल लॉन्च किया है। इस नए फीचर का उद्देश्य कोर्सेस, संस्थानों, यूनिवर्सिटीज या एजुटेक, प्लेसमेंट्स, कोर्स, रिव्यू, फीस और कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी की खोज करने के तरीके में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना है। यह सर्च टूल छात्रों को उनकी जरूरत के अनुसार व्यक्तिगत और प्रासंगिक रिजल्ट प्रदान करता है। कॉलेज विद्या के को-फाउंडर और सीओओ रोहित गुप्ता ने कहा कि कॉलेज विद्या में हम स्टूडेंट्स को वह सभी जानकारी देकर मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसकी उन्हें अपने कोर्स को सोच-समझकर पसंद करने की जरूरत होती है।



## सूचना



इस समय दर्ज है कि MANOJ S/O GORAKHNATH R/O US 220 GALI NO 4 CHAT POOJA WALL GALL MAN-DAWALI FAZALPUR AGE 32 YESRS- PH 9013607389 ने थाना हाजिर आकर बतलाया कि मेरे पिताजी GORAKHNATH S/O KHEDAN THAKUR AGE 68 Years जो कि दिनाँक 19/02/2024 को दोपहर 12.30 PM के करीब घर से बिना बताये कही चले गये जो अभी तक घर वापिस नहीं आये है मेरे पिताजी का हुलिया इस प्रकार है– HEIGHT 5'6 फिट FACE लम्बा, रगँ सावला, शरीर पतला, जिसने धीये रंग का कुर्ता पजामा व जैकेट व नंगे पैसे है जिनकी हमने काफी तलाश की मगर कुछ पता नहीं चल सका मेरे पिताजी की तलाश की जाये शिकायतकर्ता को 10 SI SHIV OM साहब से मिलवाया गया व शिकायतकर्ता को MISSING REPORT की COPY दी जा गयी है। MISSING की सूचना MPS 4 ZIPNET पर 10 साहब स्वयं देंगे। रपट MISSING MALE दर्ज CCTNS की गयी व तमाम हालात जनाब SHO साहब को बतलाये गये ।


# दिल्ली नगर निगम के स्कूलों के 8 लाख छात्रों नही मिले स्कूल बैग, स्टेशनरी एवं जूते : प्रवीण शंकर कपूर



**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली जन जागरण मंच के सचिव प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था सुधार के खोखले दावों किये जाने की निंदा की है।

पत्र में कहा गया है की 2015 से 2022 तक राजनीतिक दूष के साथ दिल्ली सरकार ने दिल्ली नगर निगम के फंड्स में कटौती की जिसके बावजूद तत्कालीन दिल्ली नगर निगम के भाजपा प्रशासन ने देर सवेर स्कूली छात्रों को किताब, कापी, वर्दी, बैग, जूते और बायस फंड पहुंचाया पर आज जब दिल्ली सरकार एवं दिल्ली नगर निगम दोनों जगह आम आदमी पार्टी की सत्ता है तब छात्रों को आवश्यक सामग्री नही मिल रही।

दिल्ली जन जागरण मंच के सचिव ने दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग का 5 दिसम्बर 2013 का एक परिपत्र जारी कर कहा है की स्पष्ट है की निगम स्कूलों में पढ़ रहे 8 लाख 16 हजार 655 में से केवल 514878 छात्रों को इस वर्ष 2023-24 की स्कूल वर्दी का पैसा जनवरी 2024 में दिया गया। इसी तरह 24 जनवरी को निगम के शिक्षा विभाग ने 514878 छात्रों को स्टेशनरी देने को लेकर एक परिपत्र निकाला पर आज एक माह बाद भी वह स्टेशनरी पैसा छात्रों तक नही पहुंचा। 2023-24 शिक्षा सत्र में फरवरी का अंत आ गया पर नगर निगम में 8 लाख छात्रों को स्कूल बैग, जूते या उनके लिए आवश्यक बायस फंड देने का कोई प्रस्ताव तक नही। बायस फंड का उपयोग परिक्षा प्रश्न पत्र आदि बनाने में होता है, वार्षिक परिक्षा शुरू होने को है पर उसकी तैयारी का फंड स्कूलों तक नही पहुंचा है।

दिल्ली जन जागरण मंच के सचिव ने कहा है की आम आदमी पार्टी का शासन आने के बाद दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और मुख्य मंत्री, शिक्षा मंत्री एवं महापौर केवल बयानों में शिक्षा सुधार कर रहे हैं।



■ नई दिल्ली में सीबीएसई की परीक्षा देकर बाहर आते छात्र। फोटो इम्तियाज खान

# लॉरेंस बिश्नोई-हाशिम बाबा गिरोह के दो शार्पशूटर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। गोलीबारी के बाद दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने राष्ट्रीय राजधानी में लॉरेंस बिश्नोई और हाशिम बाबा गिरोह के दो शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों की पहचान आमिर उर्फ सलीम उर्फ टिल्लन और दानिश उर्फ सुल्तान के रूप में हुई है। जवाबी गोलीबारी में दोनों घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आमिर छह आपराधिक मामलों में शामिल था – जिसमें डकैती, हत्या का प्रयास और शस्त्र अधिनियम शामिल है, जबकि दानिश के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय भाटिया ने कहा कि भजनपुरा थाने में दर्ज लगातार गोलीबारी के मामले में शामिल अपराधियों का पता लगाने के लिए कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान शुरू किया गया।

# फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा पहुंची खाटू श्याम दिल्ली धाम




एकादशी वाले दिन लाखों भक्तों ने बाबा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर के भारत नमो धाम में आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है और सबसे अच्छी बात है कि यहां पर एक साथ लगभग चालीस हज़ार भक्तगण बैठ सकते हैं खाटू श्याम दिल्ली धाम की बढ़ती हुई लोकप्रियता और लाखों भक्तों का आगमन मुझे रोक नहीं पाया और मैं भी खाटू जी के दर्शन करने आ गई और यहां आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता के साथ एक अलौकिक शांति का अनुभव हो रहा है यह कहना था फिल्म अभिनेत्री व पूर्व राज्यसभा की मेंबर जयाप्रदा का, जो अलीपुर रोड स्थित धाम खाटू श्याम दिल्ली धाम में दर्शन करने के लिए मुंबई से खासतौर से आयी, जयाप्रदा ने एकादशी वाले दिन लाखों भक्तों की भीड़ में बाबा के दर्शन और आशीर्वाद लेने उमडी भीड़ को देखकर कहा की यहां का बाबा के प्रति विश्वास देखकर मेरी श्रद्धा और भी बढ़ गई है।

इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी ने जयाप्रदा को खाटू श्याम के दर्शन व पूजा कराई, घनश्याम गुप्ता जावेरी ने जयाप्रदा को मंदिर परिसर के विषय में बताते हुए कहा की हम हमेशा ही अपने भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा है बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर इंतज़ाम किया हुआ है ताकि वो लोग आराम से दर्शन कर सके, और सभी को बाबा का प्रसाद मिले इसकी भी व्यवस्थ की गई है आज न केवल भारत अपितु पुरे विश्व से लोग बाबा के दर्शन करने यहां आ रहे है। जयाप्रदा ने कहा यह सच में दुनिया का आठवां अजूबा है आप लोगो के मेहनत देखते ही बनती है में यहां बार बार आना चाहूंगी इस अवसर पर मंदिर के सभी ट्रस्टी, राष्ट्रीय महासचिव संजीव कुमार मित्तल, रमेश गुप्ता, पवन सिंघल, नेशनल कोषाध्यक्ष मधु गोपाल गोयल, अनिल गुप्ता और नवीन गर्ग, राष्ट्रीय कार्यकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप गोयल शामिल हुए।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हार का बदला लेने के लिए भाजपा की ईडी ने अरविंद केजरीवाल को भेजा सातवां समन : आतिशी



जब कोर्ट नॉन-अपीरिएंस के मामले की सुनवाई कर रहा है तो ईडी कोर्ट के फैसले का इंतज़ार क्यों नहीं कर सकती है। कोर्ट के फैसले का इंतज़ार किए बिना सातवां समन इस बात का प्रमाण है : **आतिशी, वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री**

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हार का बदला लेने के लिए भाजपा की ईडी ने अरविंद केजरीवाल जी को सातवां ग़ैरक़ानूनी समन भेजा है। सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ में लोकतंत्र को बचाया, उसका बदला लेने के लिए भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर ग़ैर-क़ानूनी समन भेजा है। गुरुवार को वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री ने ये प्रेस-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साझा किया।

उन्होंने कहा कि,जब कोर्ट नॉन-अपीरिएंस के मामले की सुनवाई कर रहा है तो ईडी कोर्ट के फैसले का इंतज़ार क्यों नहीं कर सकती है। कोर्ट के फैसले का इंतज़ार किए बिना सातवाँ समन इस बात का प्रमाण है कि ईडी को किसी क़ानूनी प्रक्रिया या जांच से मतलब नहीं, ये सब सिर्फ 'आप' और केजरीवाल जी को डराने-धमकाने का प्रयास है। आतिशी ने कहा कि, जब से चंडीगढ़ के मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट का फ़ैसला आया तब से हर जगह से ये खबर आ रही है कि अब ईडी केजरीवाल जी को समन करने वाली है, उन्हें गिरफ्तार करने वाली है। उन्होंने कहा कि, अगर ये क़ानूनी मामला होता तो फिर ईडी कोर्ट के फैसले का इंतज़ार करती, दिल्ली सरकार के बजट सत्र के ख़त्म होने का इंतज़ार करती। जब माननीय कोर्ट तक बजट सत्र के अंत तक इंतज़ार करने को तैयार है तो ईडी इंतज़ार करने को तैयार क्यों नहीं है।

उन्होंने कहा कि, भाजपा जान ले अरविंद केजरीवाल जी इनके ग़ैर-क़ानूनी समन से डरने वाले नहीं है, हम डटकर लड़ेंगे। चाहे चंडीगढ़ मेयर चुनाव हो या संसद के चुनाव जहां जहां भाजपा देश के लोकतंत्र को संविधान को कमजोर करने की कोशिश करेगी हम डटकर मुक़ाबला करेंगे और भाजपा को हरायेंगे। आतिशी ने कहा कि, ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को एक और अवैध और ग़ैर-क़ानूनी समन भेजा है। ये ईडी द्वारा द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को भेजा गया सातवां ग़ैरक़ानूनी समन है।

ईडी के हर समन पर अरविंद केजरीवाल जी ने जवाब दिया है और हमने क़ानूनी सवाल उठाए है कि किस आधार पर ये समन भेजे जा रहे है। आजतक ईडी द्वारा हमारे एक भी सवाल का जबाव नहीं दिया गया और नॉन-अपीरिएंस पर ईडी कोर्ट गई।



## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस (डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/547 नई दिल्ली, दिनांक 21/02/2024

**ड्रॉइंग सं. एमआई 006615 ऑल्ट–बी. के अनुरूप एफआईएटी आईआर बोगियों (एलएचबी) के लिए सॉलिड फोर्ज्ड पहियों (रफ टर्न्ड) की खरीद हेतु दिनांक 26.03.2024 को खोली जाने वाली विश्व ई–निविदा सं: डब्ल्यूटीए–547.**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ड्रॉइंग सं. एमआई006615 ऑल्ट–बी और अगस्त 2015 के शुद्धि पत्र सं.1 के साथ जुलाई 2012 की विशिष्टि सं. आईआरएस आर– 19/93 पार्ट ।। (रिव.4) के अनुरूप एफआईएटी आईआर बोगियों (एलएचबी) के लिए सॉलिड फोर्ज्ड पहियों (रफ टर्न्ड) की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए **http://ireps.gov.in** वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 567/24

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर–201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान, परगना दनकौर जिला गौतमबुद्धनगर से प्राप्त पत्र संख्या 102/एस0टी0–एस0डी0एम0/2024 दिनांक 07.02.2024 में मृतक श्री करन सिंह उर्फ कन्छी पुत्र स्व0 श्री जवाली, निवासी ग्राम अट्टा गुजरान जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैं।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम जगनपुर अफजलपुर | 643, 645, 675, 705, 709, 761, | श्री करन सिंह उर्फ कन्छी पुत्र श्री जवाली निवासी ग्राम अट्टा गुजरान जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती फूलवती | पत्नी | 70 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री बलराज | पुत्र | 42 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री किशनलाल | पुत्र | 37 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री ओमप्रकाश | पुत्र | 35 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री सतीश | पुत्र | 32 वर्ष | अविवाहित |
| | | | | श्रीमती कमलेश | पुत्री | 46 वर्ष | विवाहित |
| 2. | अट्टा गुजरान | 269अ | | श्रीमती कृष्णा | पुत्री | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती गुड्डी | पुत्री | 38 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती प्रीति | पुत्री | 30 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता / III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** सीनियर डीईएन-III/डीएलआई के अधिकार क्षेत्र में प्वाइंट और क्रॉसिंग और एसईजे की मरम्मत। | |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** | Rs. 89,80,880.55/- (मात्र नवासी लाख अस्सी हजार आठ सौ अस्सी पचपन पैसे) |
| 3 | **बयाना राशि (रुपये)** | Rs. 1,79,600/- (एक लाख उनासी हजार छह सौ रुपये) |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)** | Rs. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** | 15.03.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन** | 04-400-32 |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम **(IREPS)** साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं :128-W/280/इ-निविदा सूचना/85/2023-24/W-3 दिनांक: 20.02.2024** 566/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"वृहद स्तर पर पौधारोपण की कार्रवाई को शहर के कई हिस्सों में किया जाएगा जिसमें नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार योजना बनाते हुए कार्य शुरू कर दिया गया है गाजियाबाद नगर निगम की कब्जा मुक्त कराई गई कई भूमि भी इसमें ली गई है इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए संपत्ति विभाग तथा उद्यान विभाग मिलकर भूमि का चयनकरण कर रहा है।"

**डॉक्टर अनुज कुमार सिंह, प्रभारी उद्यान**

छूटे हुए 85000 भवनों पर टैक्स लगाने हेतु कार्रवाई होगी तेज, विभाग ने बनाई कार्य योजना

## जीआईएस सर्वे के डाटा से अपने स्तर से मिलान करें जोनल प्रभारी : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम के टैक्स विभाग द्वारा विभागीय बैठक कर हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने की कार्य योजना बनाई गई जिसमें कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई, ऐसे भवन जो टैक्स से छूटे हुए हैं उन पर कार्रवाई करते हुए 31 मार्च से पहले पहले टैक्स लगाने का कार्य, ऐसे क्षेत्र जहां से हाउस टैक्स वसूली नहीं हो रही है वहां अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करके कर दाताओं को टैक्स देने के लिए प्रेरित करने का कार्य, जीआईएस सर्वे के डाटा से अपने स्तर पर मिलान करने का कार्य व अन्य कार्य योजना जिसमें कर वसूली को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा बैठक की गई।



मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव ने बताया कि विभागीय स्तर पर कार्य योजना बनाई जा रही है जिसमें कर वसूली को बढ़ाने का कार्य तेजी से किया जाएगा लगभग 85000 भवन ऐसे हैं जिन पर टैक्स नहीं लगा है उन पर टैक्स लगाने की कार्रवाई को तेजी से किया जाएगा तथा गाड़ियों के माध्यम से प्रचार प्रसार को भी बढ़ाया जा रहा है वह अन्य कार्य योजना बनाकर करदाताओं से अपना हाउस टैक्स जमा करने की अपील भी की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की नेतृत्व में कर वसूली का कार्य हाउस टैक्स विभाग बेहतर कर रहा है जोनल प्रभारी को नगर आयुक्त द्वारा अपने स्तर से भी हुए सर्वे के डाटा का मिलान करने की निर्देश दिए गए हैं। जिसके लिए कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है पांचो जोन में योजनाबद्ध तरीके से कर वसूली बढ़ाने का कार्य चल रहा है जिसमें क्षेत्रीय निवासी भी बढ़कर आगे जाकर अपना टैक्स जमा कर रहे हैं जो की सराहनीय है, टैक्स विभाग की हुई विभागीय बैठक में समस्त जनरल प्रभारी जीआईएस सर्वे की टीम तथा अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## निगम की रिक्त भूमि पर मियावकी पद्धति से लगाए जाएंगे हजारों वृक्ष

**गाजियाबाद,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम पर्यावरण के क्षेत्र में विशेष ध्यान देते हुए निगम की रिक्त भूमि पर वृहद स्तर पर पौधारोपण करने के लिए प्लान कर रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में भूमि चिन्हीकरण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शहर हित में पौधारोपण को बढ़ावा दिया जाएगा तथा मियावकी पद्धति से पौधे लगाए जाएंगे जिसमें कई सामाजिक संस्थाएं, प्रतिष्ठान व अन्य बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, नगर आयुक्त द्वारा उद्यान विभाग को विशेष कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज कुमार सिंह ने बताया कि वृहद स्तर पर पौधारोपण की कार्रवाई को शहर के कई हिस्सों में किया जाएगा जिसमें नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार योजना बनाते हुए कार्य शुरू कर दिया गया है गाजियाबाद नगर निगम की कब्जा मुक्त कराई गई कई भूमि भी इसमें ली गई है इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए संपत्ति विभाग तथा उद्यान विभाग मिलकर भूमि का चयनकरण कर रहा है, मोरटा वार्ड संख्या 16 में लगभग 22000 वर्ग मीटर जमीन तथा नाऐफल में 18000 वर्ग मीटर भूमि का चयनिकरण किया गया है, जिसमें सीएसआर एक्टिविटी के अंतर्गत पौधारोपण कराया जाएगा टाटा स्टील व अन्य कंपनियां, हिस्सा लेंगी। वायु गुणवत्ता सुधार के लिए जहां गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर में तकनीकी माध्यम से कार्य कर रहा है वहीं दूसरी ओर नगर आयुक्त जन सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पौधा रोपण करने की तैयारी में लग रहे हैं जनप्रतिनिधि तथा गाजियाबाद नगर निगम मिलकर शहर में कई हजार संख्या में पौधारोपण करेंगे जिसके लिए भूमि का चिन्हीकरण चल रहा है जनहित में वृहद स्तर पर पौधा रोपण अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत मियावकी पद्धति से पौधे लगाए जाएंगे तथा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य किया जाएगा।



- विभाग ने शुरू किया चिन्हीकरण
- सीएसआर एक्टिविटी के तहत लगाए जाएंगे पौधे : डॉ. अनुज सिंह

## एलिवेटेड रोड पर दो किमी तक रिवर्स गेयर में दौड़ी आई-20 कार, नहीं पकड़ सकी पुलिस

**गाजियाबाद,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। यहां बुधवार की रात को एलिवेटेड पर एक आई-20 कार रिवर्स गियर में करीब दो किलोमीटर तक दौड़ी। सूचना पर पुलिस की गाड़ी ने इस कार को रोकने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस कार की तलाश कर रही है।

डीसीपी हिंडन पार निमिष पाटिल ने बताया कि आज सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एलिवेटेड रोड एक कार आई-20 रिवर्स गियर में चल रही है। उसको एक पुलिस पीसी द्वारा चेस किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना के विषय में अधिक जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि कल रात्रि लगभग 9.30-10.00 बजे एलिवेटेड पर चल रही पीसी को एक सूचना मिली कि राजनगर की तरफ से एक आई-20 लापरवाही से ड्राविंग करता हुआ आ रहा है । जिसमें ड्रिंक- ड्राइविंग की शिकायत थी । इसी शिकायत के आधार पर पीसी द्वारा उस गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो उसने रिवर्स गियर में गाड़ी भगाना शुरु कर दिया। इस घटना के विषय में अधिक जानकारी की जा रही है व जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सार संक्षेप

#### फोन पर बात करते समय युवक छत से नीचे गिरा

**गाजियाबाद।** निकटवर्ती गांव भोवपुर में मोबाइल फोन पर बात करते समय एक युवक छत से नीचे गिर गया। जिससे उसकी जांघ में सरिया घुस गया। युवक को इलाज के लिए जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो घंटे के ऑपरेशन के बाद सरिया बाहर दिया। भोवापुर निवासी 27 वर्षीय दीपक गुरुवार को मोबाइल पर बात करते समय छत पर टहल रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से बगल में निर्माणाधीन मकान में गिरने पर युवक की जांघ में सरिया घुस गया। परिजनों ने दीपक को जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। सीएमएस डॉ. मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सर्जन महेंद्र कुमार और हड्डी रोग विशेषज्ञ रविंद्र राणा की देखरेख में ऑपरेशन करके सरिया को निकाल दिया गया है। ऑपरेशन में दो घंटे का समय लगा है। युवक की हालत खतरे से बाहर है।

#### यादव समाज ने किया मोदी के साथ कार्यक्रम का आयोजन



बुलंदशहर। बुलंदशहर से सिकन्दराबाद के प्रधान फार्म हाउस में यादव समाज मोदी के साथ कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप प्रदेश महामंत्री, विधान परिषद सदस्य एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी सुभाष यदुवंश ने संबोधित किया। सुभाष यदुवंश ने कहा कि यादव समाज अब पूरी तरह से भाजपा के साथ आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से पूरा यादव समाज मोदी के साथ खड़ा होने को बेताब है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने अपने परिवार के सिवा कभी किसी यादव को आगे नहीं बढ़ने दिया। सिर्फ यादव के वोट बैंक का इस्तेमाल कर किया। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने यादव समाज को सबसे ज्यादा सम्मान देने का कार्य किया है मध्य प्रदेश में डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया, भूपेंद्र यादव को केंद्रीय मंत्री, नित्यानंद को केंद्रीय मंत्री, नंद किशोर यादव को विधानसभा में स्पीकर बना कर समाज को सम्मान देने का काम किया है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा दीपक दुलहरा, तेजपाल यादव, राम कैलाश यादव, राकेश यादव, संजय यादव, राहुल मुखिया, नीरज यादव, कपिल यादव आदि यादव समाज के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

#### आज से स्टेडियम में शुरू होगा फ्लावर शो

**नोएडा।** नोएडा स्टेडियम में आज से तीन दिवसीय फ्लावर शो शुरू होने जा रहा है। इसका उद्घाटन सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम करेंगे। इस शो में 4 हजार प्रजातियों के पौधों को रखा गया है। इसके अलावा यहां राम मंदिर के मॉडल को फूलों से बनाया गया है। जिसे आगे खड़े होकर सेल्फी खींची जा सकेगी। वहीं फूलों का हार्ट और अन्य स्कलपचर बनाए गए है। जिनको फूलों से ढक दिया गया है। राम मंदिर का मॉडल करीब 10 फीट का है। यहां फ्लावर शो का आयोजन 25 तक किया जाएगा। फ्लावर शो में 80 से अधिक स्टॉल उद्यान प्रेमियों की ओर लगाए जा रहे है। इसमें 38 नर्सरी और कुछ तो कलिम्पोंग और भीमताल से लगाए जा रहे है। बीच, खाद, पौध, खेती के औजार, उद्यान का सजावटी सामान, कीटनाशक गमले यहां लाए जा रहे है। इसके अलावा अब तक 3500 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके है। इसके अलावा उद्यान एवं लैंड स्केपिंग प्रतियोगिता, सब्जियों पर नक्काशी कलर, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता, पुष्प प्रदर्शनी, बोनसाई, कैक्टस, और सकुलेंट्स, फोलिऐज एंव सजावटी पुष्पाकृतियां, हैंगिंग बास्केट्स, वर्टिकल गार्डन, इकेबाना शामिल है।

## मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने किया आईबीएल वर्कशॉप व प्रशासनिक भवन का औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। मण्डलायुक्त सेल्वा कुमारी जे ने गुरुवार को रैपिड-एक्स दुहाई स्टेशन, गाजियाबाद स्टेशन, दुहाई डिपो स्टेशन सहित आईबीएल वर्कशॉप व प्रशासनिक भवन का औचिक निरीक्षण किया।

- निरीक्षण में जानी यात्रियों की सुरक्षा के प्रति आरआरटीएस की कार्यशैली

निरीक्षण में यात्रियों की सुरक्षा के प्रति आरआरटीएस की कार्यशैली को उन्होंने समझा। सेल्वा कुमारी गुरुवार को दल बल के साथ रैपिड-एक्स स्टेशन दुहाई पहुंची और बारीकी से निरीक्षण किया। उसके बाद वह नमो भारत ट्रेन से गाजियाबाद स्टेशन पहुंचकर वहां का स्थलीय निरीक्षण किया। नमो भारत ट्रेन द्वारा दुहाई डिपो स्टेशन का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। उसके बाद आईबीएल वर्कशॉप और प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त महोदय द्वारा ट्रेनों की साफ-सफाई, रख-रखाव, जांच, सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर आरआरटीएस के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विस्तार से जाना और स्थलीय निरीक्षण के दौरान देखा और समझा की आरआरटीएस के द्वारा किस प्रकार से यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा के बदोबस्त है। उन्होंने बृजेश लता प्रभारी निरीक्षक आरआरटीएस से जानकारी ली कि सभी स्टेशन पर सीसीटीवी, जांच आदि के सम्बंध में यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतेजाम है। निरीक्षण के अंत में मण्डलायुक्त ने अधिकारियों की कार्यशैली से सन्तोष जताते हुए निर्देश दिए कि इंतेजामों को और बेहतर बनाने पर ध्यान केन्द्रीत किया जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर जांच करना भी सुनिश्चित किया जाए।





## मार्च 2025 तक एनबीसीसी आम्रपाली के 22 हजार फ्लैटों का निर्माण कर लेगा पूरा

**नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। एनबीसीसी मार्च 2025 तक आम्रपाली की परियोजना को पूरा कर लेगा। प्रेस वार्ता के दौरान एनबीसीसी ने बताया कि नोएडा और ग्रेटरनोएडा को मिलाकर कुल 26 परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। इसमें नोएडा में 11 और ग्रेटरनोएडा में 14 परियोजनाएं शामिल है और एक परियोजना मानेसर में है। अब तक 16,000 फ्लैट पूरे हो चुके हैं। मार्च 2025 से पहले फिनिशिंग कार्य सहित लगभग 22,000 फ्लैटों का निर्माण पूरा कर लेगा। अब तक 6000 इकाइयां बेची गईं, जिनका बिक्री मूल्य लगभग 3500 करोड़ रुपए है। वहीं ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण से उसे अतरिक्त 3.5 एफएआर पर सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। वार्ता के दौरान बताया कि एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को आम्रपाली की 10,000 करोड़ रुपए की मौजूदा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओर से फ्लोर एरिया रेशियों 3.5 सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। एनबीसीसी को जिन पांच परियोजनाएं को आगे बढ़ाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से मंजूरी मिली है। उसमें सेंचुरियन पार्क, जीएच-5, सेक्टर टेक जोन-4, ग्रेटर नोएडा, गोल्फ होम्स, जीएच-2, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा, लीजर पार्क, जीएच-1, टेक जोन-4, ग्रेटर नोएडा, लेजर वैली, जीएच-2, टेक जोन-4, ग्रेटर नोएडा, ड्रीम वैली, जीएच-9, टेक जोन-4, ग्रेटर नोएडा शामिल है। मार्च 2023 में, सर्वोच्च न्यायालय ने एनबीसीसी को खाली जमीन पर एफएआर के अनुसार एक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा था। यह अतिरिक्त एफएआर एनबीसीसी को अप्रयुक्त भूमि पर नए आवास बनाने की अनुमति देने से संबंधित था। जिसमें पांच परियोजनाएं शामिल है। सामूहिक रूप से ये परियोजनाएं 305.59 एकड़ के कुल भूखंड क्षेत्र में फैली हुई हैं। जिसमें 75.24 एकड़ खाली भूखंड है। ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की ओर से सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद अब इस क्षेत्र का विकास भी किया जाएगा। यहां 4 बीएचके, 3 बीएचके और 2 बीएचके यूनिट का निर्माण किया जाएगा। प्लान के मुताबिक प्रत्येक फ्लोर पर 4 से 8 यूनिट बनाए जाएंगे। पांच प्रोजेक्ट में 80 टावर शामिल है। इस अवसर पर के.पी. महादेवस्वामी, सीएमडी, एनबीसीसी ने कहा कि इन परियोजनाओं में एनबीसीसी सिर्फ इमारतें नहीं बना रहा है, बल्कि हजारों लोगों के सपनों को पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक इडेन पार्क, स्फायर-1, प्रिंसले स्टेट, सिलिकॉन सिटी-1, प्लेटिनम और टाइटेनियम, जोडिक, सिलिकॉन-2, किंग्स वुड और लेजर पार्क।

- 3.5 एफएआर पर सैद्धांतिक मंजूरी मिलने से 75.24 एकड़ खाली लैंड पर होगा विकास



## सरस मेले में सातवें दिन लोगों ने जमकर की खरीदारी

**नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में सातवें दिन गुरुवार को खासी चहल-पहल रही। लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की। सेक्टर-33 ए स्तिथ नोएडा हाट में इस बार चौथे मेले का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को यहां गोवा के फूड प्रोडक्ट्स, हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं कर्नाटक के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद भी महिलाओं की पसंद बने। इसके साथ ही केरल के मसालों की अच्छी बिक्री हुई। जबकि पंजाब की हल्दी तथा हैंडीक्राफ्ट उत्पाद में कुचि आइटम लोगों को खासे पसंद आए। इसके साथ ही हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटीरियल भी विभिन्न राज्यों से हैं जो इस प्रकार हैं- टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद उपलब्ध हैं।



- शिव मिश्रा ग्रुप ने योगा डांस के माध्यम से बांधा समां

## प्राधिकरण ने 20 ऑटो मोबाइल पार्ट्स और सर्विस सेंटर को दिए नोटिस

**नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में संचालित ऑटोमोबाइल वाहन सर्विस सेंटर की ओर से लगातार बिना शोधित किए वाहनों की मरम्मत धुलाई में प्रयोग होने वाला पानी, मोबिल ऑयल और ग्रीस बिना शोधित किए सीधे सीवर और नालियों में बहाया जा रहा है। इस कारण सीवर जाम होने की शिकायत मिल रही है। प्राधिकरण की जन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर-5,7,8,9, 11 और 53 में ऐसे करीब 20 सर्विस सेंटर मालिको नोटिस जारी किया है। प्राधिकरण के सीईओ ने निर्देशित किया गया कि बिना शोधित किए कोई भी वेस्ट पानी नाले में नहीं डाला जाए। साथ 15 दिनों अंदर संस्थान में ईटीपी औरी ग्रीस ट्रेप लगा लिया जाए। अन्यथा की स्थिति पर भारी भरकम जुर्माना और एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- बिना शोधित किए नाले में गिरा रहे थ वेस्ट पानी
- 15 दिनों में ईटीपी और ग्रीस ट्रेप लगाने के निर्देश

### इन सर्विस सेंटर को जारी किया गया नोटिस

उत्तम टोयोटा सेक्टर-8 नोएडा, जेकेएम मोटर्स सेक्टर-9, फेयर डील सेक्टर-10, एसीई होंडा सेक्टर-11, ई-168 सेक्टर-7, बी-25 सेक्टर-5, निबंस मोटर सेक्टर-5, एसके मोटर सेक्टर-35, जेके मोटर सेक्टर-35, श्रेया ऑटो स्पेयर पार्ट्स सेक्टर-53, पवन बाइक सर्विस सेंटर सेक्टर-53, साजीम टायर पंक्चर सेक्टर-53, एसके बजाज सीएनजी ऑटो एंड रिपेयर सेक्टर-53, श्री साई कार वाशिंग सेक्टर-53, एमके बाइक सर्विस ऑटो पार्ट्स सेक्टर-53, बालाजी ऑटो स्पेयर पार्ट्स सेक्टर-53, राहुल ऑटोमोबाइल सेक्टर-53, सुपर ऑटो सर्विस सेक्टर-53, श्रेया ऑटो स्पेयर पार्ट्स सेक्टर-53।

## लखनऊ में बिजली मंत्री को फोनरवा अध्यक्ष ने गिनाई समस्या

**नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने बिजली मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के निवास स्थान लखनऊ में मुलाकात कर नोएडा में बिजली की समस्या से उनको अवगत कराया। योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि नोएडा शहर में बिजली की समस्या लगातार बढ़ रही है। बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता है। इस मौके पर अरविंद कुमार ने पीवीएनएल की प्रबंध निदेशक चैत्रा वी से टेलीफोन पर वार्ता की और उनको आदेश दिया कि जल्दी से जल्दी पेंडिंग कार्यों को पूरा करें और 15 दिन में पूरी रिपोर्ट दे। योगेंद्र शर्मा ने लिफ्ट एक्ट लागू करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा इसके लागू होने से निवासियों को होने वाली समस्या में राहत मिलेगी। महासचिव के के जैन ने बताया कि जल्दी ही बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के बिजली समस्याओं के समाधान के लिए फोनरवा व आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्य इंजीनियर से निवेदन किया की उनके विभाग द्वारा सेक्टरों में किए गए कार्यों की जानकारी सभी आरडब्ल्यूए को उपलब्ध करादे। उन्होंने बिजली विभाग से निवेदन किया है की निवासियों को बिल न मिलने और अधिक बिल आने की समस्या का भी समाधान जल्दी से जल्दी किया जाए।



## नोएडा के किसान अब नहीं जाएंगे दिल्ली

**नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। सीएम के पर किसानों की मांगों का निपटारा करने के लिए एक हाइपावर कमेटी बना दी गई है। इस कमेटी की पहली बैठक 27 फरवरी को प्रस्तावित की गई है। बैठक में एनटीपीसी से जुड़े मुद्दों को रखा जाएगा। इसके बाद नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित किसानों की सुनवाई होगी। इससे पहले समिति नोएडा व ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण आ सकती है। यहां किसानों की मांगों और अधिकारियों से वार्ता कर सकती है। हालांकि इसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने अपना दिल्ली कूच का फैसला वापस ले लिया है।

- हाई पावर कमेटी के साथ 27 फरवरी को होगी पहली बैठक, कमेटी 3 महीने में देगी रिपोर्ट

दरअसल भारतीय किसान परिषद, अखिल भारतीय किसान सभा व जय जवान जय किसान मोर्चा के अलावा नोएडा के कई और किसान संगठनों ने आज दिल्ली कूच का ऐलान किया था। किसानों का साफ कहना था कि प्राधिकरण और प्रशासन 2019 से उनके साथ वादाखिलाफी करते आ रहे है। इसलिए अब आरपार की लड़ाई ही होगी। किसानों ने 8 फरवरी को दिल्ली कूच का प्रयास किया। लेकिन उनको रास्ते में रोक दिया गया था। उस दौरान पुलिस कमिश्नर ने हाई पावर कमेटी बनाने का आश्वासन दिया।



समय 18 फरवरी तक दिया गया। कमेटी नहीं बनी। इसके बाद प्राधिकरण सीईओ ने किसानों को समझाने के लिए बैठक की। वार्ता विफल होने के बाद किसानों ने 20 फरवरी को पंचायत की और 23 फरवरी को दिल्ली कूच करने का ऐलान कर दिया। किसानों जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन को तीन दिन का समय दिया। जिसके बाद बुधवार देरशत सीएम के निर्देश पर एक हाइपावर कमेटी बना दी गई। इस कमेटी की अध्यक्षता राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश करेंगे। समिति में मंडलायुक्त, जिलाधिकारी सदस्य होंगे। इसके अलावा नोएडा-ग्रेटरनोएडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी समिति को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

### क्या है नोएडा के किसानों की मांग

- 1997 के बाद के सभी किसानों को बढ़ी दर से मुआवजा दिया जाए। चाहे वह कोर्ट गए हो या नहीं।
- किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूखंड दिया जाए।
- आबादी जैसी है वैसी छोड़ी जाए। विनियमितीकरण की 450 वर्गमी सीमा को बढ़ाकर 1000 प्रति वर्गमीटर किया जाए।
- भूमि उपलब्धता न होने के कारण पात्र किसानों के 5 प्रतिशत आबादी भूखंड भू लेख विभाग में नहीं रोके जाएंगे। उनका नियोजन किया जाए।
- भवनों की ऊंचाई को बढ़ाए जाने की अनुमति दी जाए। क्योंकि गांवों के आसपास काफी हाइराइज इमारत है। ऐसे में उनका एरिया लो लेयिंग एरिया में आ गया है।
- 5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर व्यवसायिक गतिविधियां चलने की अनुमति दी जाए।
- गांवों के विकास के साथ खेल बजट का प्रावधान किया जाए।
- गांवों में पुस्तकालय बनाए जाए।

### पुलिस कमिश्नर की बैठक के बाद किसानों ने वापस लिया फैसला

गुरुवार को सूरजपुर में संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग हुई। इसमें पुलिस कमिश्नर, डीएम, जॉइंट कमिश्नर, डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी मौजूद रहे। इस मीटिंग में शासन प्रशासन के कहने और आश्वासन के बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने दिल्ली कूच का फैसला वापस लिया। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने ये भी कहा कि यदि हमारे ऊपर दर्ज मुकदमों को वापस नहीं लिया जाता तो हाइ पावर कमेटी के सामने भी हम इस मुद्दे को रख सकते है।

### तीन महीनें में हाइपावर कमेटी सौंपेगी रिपोर्ट

सीएम के निर्देश पर गठित की गई हाइपावर कमेटी किसानों के साथ बैठक करेगी। दस्तावेजों, कोर्ट और प्राधिकरण अधिकारियों और किसानों से बातचीत करेगी। इसके बाद अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके लिए समिति के पास तीन महीने का समय है। दरअसल ये पूरा 7 से 8 हजार करोड़ रुपए से जुड़ा है। इसलिए कमेटी की अध्यक्षता राजस्व परिषद उप्र को दी गई है।

उवाच "

हमारे स्टॉल डिजाइन झारखंड की हरियाली और इसके पर्यावरणीय पर्यटन की संभावनाओं को राष्ट्र और दुनिया के सामने प्रदर्शित करने पर अवधारित है। साटे में झारखंड एक विविध पर्यटन सर्किट प्रदान कर रहा है, जिसमें राज्य की अनूठी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक आकर्षणों को प्रदर्शित किया गया है।

श्रेया स्वराज, झारखंड पवेलियन प्रभारी



# नार्थ इंडिया की पहली फिनटेक सिटी बनाने के लिए अगले सप्ताह हो जाएगा सलाहकार कंपनी का चयन

- देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में फिनटेक सिटी की होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- पांच कंपनियां तकनीकी बिड में हुई पास, 250 एकड़ में विकसित की जाएगी फिनटेक सिटी
- अगले सप्ताह खोली जाएगी आर्थिक बिड, किस मॉडल पर की जाएगी विकसित इस पर होगी चर्चा
- कारोबार से जुड़ी कंपनियों को आवंटित किए जाएंगे भूखंड
- निवेश करने वाली कंपनियों को मिलेगा नई औद्योगिक नीति का लाभ



**फिनटेक सिटी बसाने के लिए सलाहकार कंपनी के चयन के लिए निकाली गई आरएफपी में पांच कंपनियां आगे आई हैं। तकनीकी बिड में पांचों कंपनियां पास हो गई हैं। अगले सप्ताह आर्थिक बिड खोली जाएगी। इसके बाद कंपनी का चयन कर लिया जाएगा।**
**डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

**ग्रेटर नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास सेक्टर-13 में बसाई जाने वाली नार्थ इंडिया की पहली फिनटेक सिटी की सलाहकार कंपनी के चयन के लिए निकाली गई आरएफपी (रिक्यूक्व फॉर प्रपोजल) में आगे आई पांच कंपनियों की तकनीकी बिड खोली गई। इनकी तकनीकी और अनुभव दक्षता की जांच करने के बाद पांचों कंपनियां पास हो गई हैं। अब अगले सप्ताह आर्थिक बिड खोली जाएगी। इसके बाद फिजिबिलिटी स्टडी कम डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयारी की जाएगी। डीपीआर 60 से 90 दिन में तैयार करनी होगी। तैयार होने के बाद फैसला होगा फिनटेक सिटी पीपीपी मॉडल व अन्य मॉडल पर विकसित होगा।

यीडा सिटी के सेक्टर-13 में 250 एकड़ में फिनटेक सिटी बसाए जाने की तैयारी चल रही है। प्रथम चरण में 100 एकड़ जमीन विकसित की जाएगी। इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन करने के लिए निकाली गई आरएफपी (रिक्यूक्व फॉर प्रपोजल) में सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड, ट्रैक्टेवल इंजीनियरिंग प्राइवेट, जोन्स लैंग लासले प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कुशमैन एंड वेकफील्ड इंडिया, वायंट्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड आगे आई हैं। गुरुवार को इनकी तकनीकी बिड खोली गई, जिसमें पांचों कंपनियां पास हो गई हैं। इनमें तीन कंपनियां ट्रैक्टेवल इंजीनियरिंग प्राइवेट, लैंग लासले प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड व कुशमैन एंड वेकफील्ड इंडिया विदेशी हैं।

प्राधिकरण का प्रयास यहां वित्त से जुड़ी देश और विदेश की तमाम बड़ी कंपनियों को लाने का है। फिनटेक के अंतर्गत वे कंपनियां आती हैं, जो प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट के उपयोग के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग और बीमा जैसी वित्तीय सेवाएं प्रदान करती हैं। च्च

इस महत्वपूर्ण परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए सिंगापुर, दुबई सहित कई अन्य देशों व गुजराज में स्थित गिफ्ट सिटी का अध्ययन किया गया है। प्राधिकरण सीईओ का कहना है कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे में यहां फिनटेक सिटी की जरूरत महसूस की जा रही है। इसको देखते हुए प्रदेश सरकार ने यहां फिनटेक सिटी बसाने की योजना बनाई है। यीडा सिटी के सेक्टर-13 में 250 एकड़ जमीन आरक्षित कर दी है, हालांकि प्रथम चरण में 100 एकड़ जमीन विकसित की जाएगी। फिनटेक सिटी में ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश, रिसर्च, क्रॉउड फंडिंग, डिजिटल मनी, स्टॉक एक्सचेंज, बीमा कंपनियां, शॉपिंग सेंटर, ई-पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म जैसी निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

### अलग से नहीं लेना पड़ेगा लाइसेंस

यीडा सिटी में बसाई जाने वाली फिनटेक सिटी में निवेश करने वाली कंपनी को नए प्रोडक्ट लॉन्च करने पर अलग से लाइसेंस लेने की जरुरत नहीं होगी। निवेश करने वाली कंपनियों को एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेशी) और नई औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत लैंड सब्सिडी, टैक्स, कस्टम आदि में छूट प्रदान की जाएगी।

### चार मॉडल पर किया जा सकता है विकास

फिनटेक सिटी को बसाने के लिए यमुना प्राधिकरण चार मॉडल पर विचार कर रहा है। एकल या एकाधिक आवंटियों को भूमि देने और सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल या हाइब्रिड जैसे वित्तीय मार्डल पर विकास किया जा सकता है।

# ग्रेनो प्राधिकरण व एनसीआरटीसी की टीम संयुक्त सर्वे कर रैपिड ट्रेन का रूट करेगी फाइनल

**ग्रेटर नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को आरआरटीएस से जोड़ने के लिए रूट तय करने पर गुरुवार को अहम बैठक हुई। एनसीआरटीसी की टीम ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष आरआरटीएस के लिए 3 वैकल्पिक रूटों पर प्रस्तुतिकरण दिया। सीईओ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनसीआरटीसी की संयुक्त टीम बनाकर इन तीनों ही वैकल्पिक रूटों का सर्वे करने के बाद फाइनल करने के निर्देश दिए।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ते हुए नोएडा एयरपोर्ट जेवर तक आरआरटीएस चलाने की योजना है। इसे दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस से जोड़ा जाएगा। यह रूट गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति चौक (गौड़ चौक) होते हुए एयरपोर्ट तक बनेगा। चार मूर्ति चौक से आरआरटीएस के तीन वैकल्पिक रूटों का सुझाव दिया गए हैं। पहला रूट, चार मूर्ति चौक से 130 मीटर चौड़ी रोड पर प्राधिकरण दफ्तर और परी चौक होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक प्रस्तावित किया गया है। दूसरा रूट, 60 मीटर रोड से होकर और तीसरा रूट चार मूर्ति चौक से नॉलेज पार्क-5, सूरजपुर और कासना होते हुए नोएडा एयरपोर्ट ले जाने का सुझाव है।

एनसीआरटीसी की टीम ने गुरुवार को ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष इन 3 वैकल्पिक रूटों पर प्रस्तुतिकरण दिए। इनमें से किसी एक रूट को फाइनल किया जाना है। सीईओ ने इनमें से किसी एक रूट को फाइनल करने से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनसीआरटीसी की संयुक्त टीम बनाकर तीनों वैकल्पिक रूटों का सर्वे करने के निर्देश दिए। इस टीम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ, नियोजन और परियोजना विभाग तथा एनसीआरटीसी के अधिकारी शामिल होंगे। सीईओ ने एक सप्ताह के भीतर रूट का मौके पर सर्वे कर सुझाव देने को कहा है। इस बीच प्राधिकरण की तरफ से रूट पर यूटीलिटी रिपोर्ट दी जाएगी और एनसीआरटीसी की तरफ से रूट का विस्तृत रिपोर्ट बनाकर प्राधिकरण को दिया जाएगा। सीईओ ने इस काम को प्राथमिकता पर लेते हुए रूट को शीघ्र फाइनल करने के निर्देश दिए हैं। एनजी रवि कुमार ने यह भी कहा कि जो भी रूट फाइनल करें, वह वर्तमान के साथ ही भविष्य में ट्रैफिक की जरूरतों के हिसाब से होना चाहिए, ताकि ग्रेटर नोएडावासियों को कहीं पर भी कंजेशन की परेशानी न झेलनी पड़े। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, जीएम वित्त विनोद कुमार, जीएम प्लानिंग लीनू सहगल, जीएम प्रोजेक्ट हिमांशु वर्मा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सुधीर कुमार व एनसीआरटीसी के अधिकारीगण मौजूद रहे।



- ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ के समक्ष एनसीआरटीसी ने किया प्रस्तुतिकरण, तीन वैकल्पिक रूट सुझाए
- सीईओ ने वर्तमान के साथ ही भविष्य की ट्रैफिक जरूरतों को देखते हुए रूट तय करने के दिए निर्देश

# यूपी बोर्ड परीक्षा में 1932 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**ग्रेटर नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को जिले के 59 केंद्रों पर शुरू हो गई। निर्विघ्न परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग व पुलिस विभाग की टीम दोनों पालियों में मुस्तैद रही। परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों की संघन तलाशी के बाद परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को प्रवेश दिया गया है। वहीं सचल दलों के साथ ही आनलाइन मानिटरिंग करते रहे। पहली पाली में दसवीं और 12वीं के छात्रों ने परीक्षा दी। पहली बार सुबह साढ़े आठ बजे से परीक्षा शुरु हुई। कई छात्रों को समय बदलने की जानकारी नहीं हुई। वह केंद्रों पर करीब दो घंटे पहले ही पहुंच गए। पहली पाली में हाईस्कूल हिंदी और इंटरमीडिएड की सैन्य विज्ञान की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य और इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा हुई। पहली पाली में हाई स्कूल के लिए 22796 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, जिसमें 21536 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया, जिसमें 1260 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा के लिए 19527 में से 18855 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया 672 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राओं के चेहरे पर सुकून के साथ-साथ खुशी भी दिखाई पड़ी। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया सभी केन्द्रों पर शांतिपूर्वक पहले दिन परीक्षा सम्पन्न हुई। पूरे प्रदेश में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी।

- जिले में 59 केन्द्रों पर शांति पूर्वक परीक्षा हुई सम्पन्न, केन्द्र के बाहर परीक्षार्थियों की गयी गहन तलाशी



# ग्रेनो प्राधिकरण ने छह फीसदी भूखंड की पात्रता तय करने को हैबतपुर में भी लगाया शिविर

**ग्रेटर नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जमीन देने वाले किसानों की छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गुरुवार को हैबतपुर गांव में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक किसानों ने शिविर में आकर अपनी पात्रता निर्धारित करने से जुड़े दस्तावेज सौंपे। प्राधिकरण इनकी पात्रता तय करते हुए भूखंड आवंटित करेगा। प्राधिकरण जल्द ही अन्य गांवों में भी शिविर लगाने के लिए शेड्यूल जारी करेगा। इसके साथ ही इस शिविर में एसआईटी जांच के बाद प्राप्त सही प्रकरणों में लीज बैक करने के लिए किसानों ने आवेदन किए।

- 50 से अधिक किसानों ने दिए कागजात, जल्द ही अन्य गांवों में भी लगेगा शिविर
- एसआईटी जांच के बाद स्वीकृति लीजबैक के लिए भी किसानों ने किए आवेदन

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित करता है और उसके एवज में प्राधिकरण की तरफ से कुल अधिग्रहित जमीन का 06 फीसदी हिस्सा विकसित करके किसानों को देता है। इसकी पात्रता तय करने के लिए किसानों को प्राधिकरण आना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने किसानों को सुविधा प्रदान करते हुए छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में ही शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्राधिकरण ने गुरुवार को हैबतपुर गांव में शिविर लगाया। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा की अगुवाई में भूलेख विभाग और परियोजना विभाग के वर्क सर्किल की टीम सुबह करीब 11 बजे से हैबतपुर गांव पहुंच गई। टीम ने शिविर में आने वाले 50 से अधिक किसानों के छह फीसदी भूखंड के कागजात प्राप्त किए। शिविर में ही लीज बैक के सही प्रकरणों के आवेदन भी प्राप्त किए गए। किसानों ने गांवों में ही शिविर लगवाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ के पहल की सराहना की है। इस शिविर में गांव से जुड़ी अन्य शिकायतों को भी सुना गया। उनको निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया है।



## मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर निकाली कलश यात्रा

**जेवर,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। कस्बे के मंगरौली रोड पर नवनिर्मित देव मंदिर में विभिन्न देवी देवताओं की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर गुरुवार को सैकड़ों महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर मंदिर परिसर में हवन व भंडारे का आयोजन किया गया तथा रात्रि को विशाल कीर्तन का आयोजन किया गया।

कलष यात्रा का शुभारंभ मंदिर परिसर से किया जिसके बाद मंगरौली रोड, टप्पल रोड, मुख्य बाजार व मुख्य चौराहे होते हुए मंदिर परिसर पहुंचकर समापन किया गया। इस मौके पर शिवकुमार तालान, किशन ठेकेदार, ब्रहम्पाल सिंह, नवीन गर्ग, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## हरियाली व पर्यावरणीय पर्यटन की संभावनाएं को झारखण्ड सरकार ने किया प्रदर्शित

**ग्रेटर नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। झारखंड सरकार ने अपनी हरियाली और पर्यावरणीय पर्यटन की संभावनाओं को राष्ट्र और दुनिया के सामने प्रदर्शित किया है। साउथ एशिया के सबसे बड़े ट्रैवल एवं टूरिज्म शो में झारखंड पवेलियन में झारखंड की सरकार के पर्यटन, कला सांस्कृतिक, खेल और युवा कार्य मंत्रालय की भागीदारी के माध्यम से झारखंड सरकार का मुख्य उद्देश्य झारखंड को एक पसंदीदा पर्यटक स्थल, पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए पसंदीदा राज्य, पर्यटकों की आगमन में वृद्धि करने और क्षेत्र में पर्यटन संबंधित गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना है। इस बात की जानकारी झारखंड पवेलियन की प्रभारी श्रेया स्वराज ने दी स उन्होंने कहा कि हमारे स्टॉल डिजाइन झारखंड की हरियाली और इसके पर्यावरणीय पर्यटन की संभावनाओं को राष्ट्र और दुनिया के सामने प्रदर्शित करने पर अवधारित है। साटे में झारखंड एक विविध पर्यटन सर्किट प्रदान कर रहा है, जिसमें राज्य की अनूठी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक आकर्षणों को प्रदर्शित किया गया है। इस बार इको-पर्यटन सर्किट, बौद्ध सर्किट, ट्राइबल सर्किट के माध्यम से पर्यटकों को झारखंड सरकार लुभा रही है। झारखंड अपनी शुद्ध प्राकृतिक सौंदर्य और धनी जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध, एक प्रदूषण-मुक्त वातावरण प्रदान करता है जो इको-पर्यटन प्रेमियों के लिए आदर्श है। भारी वन्यजीव अभ्यारण्य, शानदार झरने, और विविध वन्यजीव संरक्षण प्रयासों के साथ, यह प्राकृतिक शांति के अनुभव में प्रदान करता है। क्षेत्र के सतत विकास और संरक्षण प्रयासों की पुष्टि इसके पारिस्थितिकीय रत्नों की रक्षा सुनिश्चित करती है।



- इको-पर्यटन सर्किट, बौद्ध सर्किट, ट्राइबल सर्किट के माध्यम से पर्यटकों को लुभा रही है झारखंड सरकार

## बारहवीं के छात्र ने सोसाइटी की बाइसवीं मंजिल से कूदकर दी जान

**ग्रेटर नोएडा,**22 फरवरी (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र ग्रेनो वेस्ट स्थित महागुन मायवुड सोसायटी में रहने वाले 12वीं के छात्र अदवित ने अंग्रेजी का पेपर खराब होने पर 22वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। छात्र पिछले वर्ष 12वीं कक्षा में फेल हो गया था। वह दूसरी बार परीक्षा दे रहा था। पेपर खराब होने पर वह तनाव में चला गया और उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बिसरख कोतवाली पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद से छात्र के माता-पिता का रो रो कर बुरा हाल है। गुरुवार की शाम साढ़े चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि सोसायटी के टावर नंबर चार की छत से कूदकर छात्र ने आत्महत्या कर ली है। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। छात्र के माता-पिता मौके पर पुलिस को मौजूद मिले। उनसे बात की गई तो पता चला कि छात्र अदवित मिश्रा अपने माता पिता का एकलौता बेटा था जो अपने परिवार के साथ सोसायटी में रहता था। 19 वर्षीय अदवित 12वीं कक्षा का छात्र था। गुरुवार को उसकी बोर्ड की परीक्षा थी। अंग्रेजी का पेपर उसका खराब हो गया था इस वजह से वह घर आने के बाद सोसायटी की छत पर जाकर बैठ गया। करीब बीस मिनट तक छत पर अकेला बैठने के बाद छात्र ने 22वीं मंजिला से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। अदवित के इस कदम का घरवालों का आभाष ही नहीं था। स्वजन रोकर कह रहे थे कि पता होगा कि वह ऐसा करेगा तो उसको अकेला ही न छोड़ते। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अदवित सोसायटी की छत पर बैठकर करीब बीस मिनट तक सोच विचार करता रहा, इसके बाद उसने आत्महत्या की। अरविंद कुमार, बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच के दौरान पता चला है कि छात्र का अंग्रेजी का पेपर ठीक नहीं हुआ था। छात्र 12वीं की बोर्ड परीक्षा दे रहा था। स्वजन ने पूछताछ में बताया है कि वह पढ़ाई को लेकर तनाव में रहता था।

**पिछले वर्ष बारहवीं में फेल होने के बाद दोबारा दे रहा था परीक्षा, परीक्षा को लेकर था तनाव में**

## डी मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी ने अकादमिक साझेदारी अनुसंधान पर की चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में डी मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम के साथ एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें टीएनई के एसोसिएट निदेशक डॉ. नील हार्ट, साझेदारी और विकास प्रबंधक पॉल ओवरटन और डी मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम में इंटरनेशनल विभाग की एसोसिएट डीन डॉ. मंजीत रिडन ने विशेष रूप से भाग लिया। इस सम्मलेन में दोनों संस्थानों के शैक्षिक अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने, अकादमिक साझेदारी, अनुसंधान और छात्र विनिमय कार्यक्रमों के लिए रास्ते तलाशना था। पहले सत्र में एजेंडे में संभावित सहयोगी परियोजनाओं, अकादमिक आदान-प्रदान के अवसरों और डीएमयू यूके के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा शामिल रही।




**पत्र नहीं मित्र देशबन्धु**

पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें

खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोनः- 0120-4270009

**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## दक्षिण एशिया ट्रैवेल व टूरिज्म एक्सपो की हुई शुरुआत

**ग्रेटर नोएडा,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। साउथ एशियन ट्रैवल एंड टूरिज्म एक्सचेंज (एसएटीटीई) प्रदर्शनी का आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट में 22 से 24 फरवरी के बीच आयोजित किया गया है, जिसका शुभारम्भ गुरुवार को किया गया। इसकी थीम होगी 'इंक्लूसिव एण्ड सस्टेमनेबल टूरिज्मश'। कार्यक्रम में भारत सरकार की पर्यटन सचिव, उप मंत्री विद्यावती ने प्रदर्शनी के लगातार सफलता की प्रशंसा की है। उन्होंने यात्रा उद्योग के भविष्य को आकार देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत की बढ़ती मौजूदगी के साथ सही समय पर एक मंच दे रहा है, जो कि भारत को दुनिया के लिए आतिथ्य-सत्कार के प्रमुख गंतव्य, के रूप में दिखाता है। यह दुनियाभर के पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। यह उत्कृष्ट आयोजन नई भागीदारियां करने, आर्थिक वृद्धि और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रेरक है। यादगार अनुभव चाहने वाले यात्रियों की पहली पसंद के तौर पर यह भारत की स्थिति को ज्यादा मजबूती दे रहा है। थाइलैंड की माननीय पर्यटन एवं खेल मंत्री सुदावन वांगसुफाकिटकोसोल ने भी अपनी बात रखी, उन्होंने भारत के पर्यटन बाजार के साथ रिश्ते मजबूत करने में उसका महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि दक्षिण एशिया में पर्यटन के परिदृश्यी पर एक अमिट छाप छोड़ेगा। यह मजबूत रिश्तों को बढ़ावा देगा और यात्रा के माध्यम में वैश्विक उत्कृष्टता के लिए क्षेत्रीय सहयोग को आगे बढ़ाएगा। इंफॉर्मा मार्केट्स- इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि साल के पहले और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूरिज्मा शो के तौर पर भारत और दुनिया के पर्यटन बाजारों से शानदार रिस्पान्स मिला है। भारत के बढ़ते पर्यटन उद्योग का नजारा दिखाने में पूरी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध होकर हम पर्यटन की संपूर्ण महत्वं श्रृंखला को एकजुट करते हैं। इसमें उत्तर प्रदेश मेजबान राज्य है, जबकि बिहार, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तराखंड भागीदार राज्यन हैं। इसके अलावा, उत्तर-पूर्व के आठ राज्यों को भी शामिल किया गया है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की भागीदारी उल्लेखनीय है, जिससे आयोजन की सफलता सुनिश्चित होती है।

- भारत के विभिन्न राज्यों के साथ दक्षिण एशिया के देशों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा




### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 355/एस0टी0-एस0डी0एम0/2020 दिनांक 27.01.2020 के अनुसार मृतक स्व0 स्व0 शरीफ पुत्र स्व0 घीसवा नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 14.05.2019 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 140 | 420 | स्व0 शरीफ पुत्र स्व0 घीसवा नि0 ग्राम अट्टा गुजरान व गौतमबुद्वनगर | श्रीमती शहीदन | 71 वर्ष | पत्नी |
| | | | | श्रीमती शिमला | 45 वर्ष | पुत्री |
| | | | | श्रीमती सुगरा | 42 वर्ष | पुत्री |
| | | | | श्रीमती सुनीता उर्फ शमीना | 40 वर्ष | पुत्री |
| | | | | श्रीमती अनीसा | 38 वर्ष | पुत्री |
| | | | | श्रीमती जाफरी | 36 वर्ष | पुत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 379/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 15.01.2022 के अनुसार मृतक स्व0 किशन पुत्र स्व0 गिरवर नि0 ग्राम अट्टा गुजरान परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 01.11.2015 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 56 | 672 687 691 692 | स्व0 किशन पुत्र स्व0 गिरवर नि0 ग्राम अट्टा गुजरान परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती मन्ती | 55 वर्ष | पत्नी |
| | | | | श्री रामचन्द्र | 44 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री ईश्वर | 38 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री दशरथ | 36 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री धर्मराज | 21 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री इन्द्रपाल | 19 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमती रामश्री | 44 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमती रोशनी | 40 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमती मीना देवी | 36 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 23 फरवरी 2024
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# लोकतंत्र के आगे बैरिकेड्स

देश आम चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले की तैयारियों में जुटा है। देश में कितने मतदाता हैं, पिछली बार से इस बार कितने नए मतदाता जुड़े, युवा मतदाताओं की संख्या कितनी है, ऐसे तमाम आंकड़े आने शुरु हो चुके हैं। सर्वेक्षण एजेंसियां किस्म-किस्म के सर्वे कराने में जुट चुकी हैं। आज चुनाव हुए तो कौन जीतेगा, मोदी या राहुल किसका चेहरा मतदाताओं की पहली पसंद है, एनडीए और इंडिया गठबंधन में किसका पलड़ा भारी है, राम मंदिर उद्घाटन का फायदा भाजपा को होगा या नहीं, किसान आंदोलन का कितना असर चुनावों पर पड़ेगा, ऐसे कई सवालों के इर्द-गिर्द सर्वे हो रहे हैं और उनके नतीजों के आधार पर देश की भावी सरकार बनाई जा रही है। इन सवालों में एक सवाल और पूछा जाना चाहिए कि क्या इन चुनावों में या इन चुनावों के बाद लोकतंत्र के बचने की कितनी उम्मीदें बाकी रह जाएंगी। क्योंकि फिलहाल देश का जो माहौल है, उसमें लोकतंत्र के आगे बैरिकेड्स लगाए जा चुके हैं। बैरिकेड्स के एक ओर लोकतंत्र और दूसरी ओर सरकार दिखाई दे रही है।

13 फरवरी से दिल्ली कूच के लिए निकले किसानों को भाजपा सरकार ने जोर-जबरदस्ती से हरियाणा-पंजाब की सीमा पर ही रोका हुआ है। किसान सरकार को उसके वादों की याद दिलाते हुए ही फिर से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी मांगें वहीं हैं, जो तीन साल पहले के किसान आंदोलन में थीं। तब केंद्र सरकार ने साल भर चले उनके आंदोलन को खत्म कराने के लिए उनसे वादे किए थे कि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी, लखीमपुर खीरी में मारे गए किसानों के साथ इंसाफ होगा, इसी तरह के कुछ और वादे भी थे, जो तीन साल में पूरे नहीं हुए तो अब किसान आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार फिर से किसानों से वार्ताएं कर रही हैं। बातचीत से समस्या का हल निकालना बिल्कुल सही है, लेकिन इसमें नीयत भी सही होनी चाहिए। अपने ही वादों को पूरा करने के लिए आखिर सरकार कौन सी बैठकें कर रही हैं। जो फैसला लेना है, वो सरकार को लेना है, इसमें किसान तो इंतजार के सिवाए कुछ कर ही नहीं सकते। तीन साल तक किसानों ने इंतजार ही किया है, और सरकार चाहती है कि वो और इंतजार करते रहें। शांतिपूर्ण तरीके से विरोध के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए ही किसान पंजाब-हरियाणा से आगे बढ़ रहे थे, लेकिन उन पर लगातार आंसू गैस के गोले और छर्रे चलाए जा रहे हैं। पिछले किसान आंदोलन में भी सरकार ने ऐसी ही ज्यादतियां की थीं। तब साढ़े सात सौ से अधिक किसानों की मौत हो गई थी और इस बार फिर किसानों के शहीद होने का सिलसिला शुरु हो चुका है। कुछ दिन पहले एक प्रौढ़ किसान की आंदोलन के दौरान मौत हुई थी और बुधवार को 22 बरस के एक युवा किसान की मौत हो गई। किसानों का आरोप है कि हरियाणा पुलिस ने गोलियां चलाईं, जिनमें कुछ लोग घायल हुए, कुछ लापता हैं और एक युवा किसान की मौत हो गई है। शांति के साथ विरोध करने वालों पर ऐसा अत्याचार साफ बता रहा है कि लोकतंत्र का अध्याय देश में बंद कर नया पाठ शुरु करने की तैयारी हो चुकी है।

किसानों को सरकार रामलीला मैदान आने से रोक रही है। वहीं दिल्ली में गुरुवार को जंतर-मंतर पर ईवीएम के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शन को भी पुलिस ने रोक दिया। धारा 144 लगाकर लोगों को रोका गया और जब इस प्रदर्शन की शुरुआत युवा कांग्रेस मुख्यालय से करते हुए कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने जंतर-मंतर चलो का आह्वान किया तो पुलिस ने फिर प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर पहले से खड़ी बसों में ठूंस लिया। युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर पहले से भारी पुलिस बल और बैरिकेडिंग का इंतजाम था। जाहिर है सरकार ईवीएम पर किसी आंदोलन को खड़े होने से पहले ही कुचल देना चाहती है। जबकि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन खड़ा करना हर पार्टी और हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है। विपक्ष का आरोप है कि ईवीएम में छेड़छाड़ संभव है, चुनावों में जीत के लिए भाजपा ऐसा कर चुकी है। निर्वाचन आयोग ईवीएम में गड़बड़ी की बात नहीं मानता। हालांकि भाजपा के लिए यही श्रेयस्कर होगा कि वह या तो विपक्ष की शंकाओं का समाधान करे या फिर मतपत्रों से चुनाव के लिए राजी हो। तभी लोकतांत्रिक और निष्पक्ष चुनाव के उसके दावे सही होंगे। फिलहाल तो यही दिख रहा है कि भाजपा लोकतंत्र की कसौटी पर खरे उतरने की कोई फिक्र नहीं कर रही है, उसे केवल 4 सौ पार की सीटों की फिक्र है।

भाजपा पर यह आरोप भी विपक्ष का है कि वह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती है। गुरुवार सुबह ही खबर आई कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से जुड़े कम से कम 30 ठिकानों पर सीबीआई ने छापे मारे हैं। ये छापे जम्मू और कश्मीर में किरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट कॉन्ट्रैक्ट से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में की जा रही है। यहां याद रखना जरूरी है कि सत्यपाल मलिक किसानों के मुद्दे से लेकर पुलवामा हमले तक कई मुद्दों पर मौजूदा सरकार की आलोचना कर चुके हैं। ऐसे में यही माना जा रहा है कि श्री मलिक पर सीबीआई की ताजा कार्रवाई उनके सरकार विरोधी रवैये पर हो रही है। क्योंकि जिन लोगों पर सत्यपाल मलिक ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, उन्हें रिश्वत की पेशकश में जिन का नाम लिया था, उन लोगों पर क्या कार्रवाई हुई, यह अब तक पता नहीं चला है। एक खास बात यह भी है कि किसान आंदोलन में युवा किसान की मौत से मोदी सरकार जब बुरी तरह घिर गई थी और सरकार विरोधी माहौल बनना तेज हो गया था, उसी की अगली सुबह सत्यपाल मलिक पर हुई कार्रवाई से एक बार फिर जनता का ध्यान हटाने की कोशिश की गई।

कुल मिलाकर देश की मौजूदा तस्वीर में लोकतंत्र बेहद धुंधला नजर आ रहा है। चुनाव से पहले इस धुंधलेपन को साफ करना जरूरी है। बैरिकेड्स के आर-पार लोकतंत्र की इस लड़ाई में जो जीतेगा, उससे ही देश का भविष्य तय होगा।

# अखिलेश और राहुल के गठबंधन से बीजेपी में हड़कंप

उत्तर प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन की अधिकृत घोषणा के बाद बीजेपी गठबंधन की स्थिति काफी कमजोर हो गई है। बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन में टूट के लिए हरसंभव प्रयत्न किया, परंतु 80 लोकसभा सीटों वाली उत्तर प्रदेश में टीम इंडिया अब मूर्तरूप में सामने आ चुकी है। उत्तर प्रदेश में अब सीट शेयरिंग की स्थिति भी स्पष्ट हो चुकी है। कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं और शेष 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी अन्य छोटे घटक दलों के साथ चुनाव लड़ेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन सिर्फ यूपी तक सीमित नहीं है। गठबंधन के तहत कांग्रेस मध्य प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी को एक सीट देगी। बुधवार दोपहर में अखिलेश यादव ने कहा 'हमारे बीच कोई विवाद नहीं है। गठबंधन होगा, जल्द ही सारी चीजें साफ हो जाएंगी। बाकी चीजें तो पुरानी हो गई हैं। अंत भला तो सब भला।'

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को उत्तर प्रदेश में व्यापक जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। कांग्रेस ने जनसरोकार के मुद्दों विशेष कर सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय को काफी जबरदस्त ढंग से उठाया है। जाति जनगणना का मामला हो या महंगाई और बेरोजगारी- ये मामले अब उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनावी मुद्दे बन गए हैं साथ ही अखिलेश यादव भी लंबे समय से पीडीए अर्थात पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक का मामला उठाते रहे हैं। बीजेपी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को बहुत बड़े इवेंट में बदलने की कोशिश की, लेकिन शंकराचार्यों ने जिस तरह खुलकर आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को धर्म विरुद्ध बताया, उससे यह आयोजन बीजेपी के लिए नुकसान ही कर गया। उसके बाद बीजेपी ने काशी और मथुरा के मामले को भी गर्म करने की कोशिश की, लेकिन जनता की समुचित प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण बीजेपी नित प्रतिदिन अब तक किसी मजबूत मुद्दे की खोज में ही लगी हुई है। उत्तर प्रदेश में जहां टीम इंडिया के पास बेरोजगारी, महंगाई, महिला सुरक्षा, सामाजिक न्याय जैसे गंभीर जनसरोकार वाले मुद्दे हैं, वहीं बीजेपी अब भी किसी भावनात्मक मुद्दे की तलाश में शामिल है।

कांग्रेस को यूपी में 17 सीटें मिली हैं। मुरादाबाद सीट पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में गतिरोध की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन इस सीट को समाजवादी पार्टी ने अपने पास रखा है। समाजवादी पार्टी से कांग्रेस बलिया सीट की मांग कर रही थी, लेकिन समाजवादी पार्टी ने बलिया के बदले में कांग्रेस को वाराणसी सीट दी है। इस सीट पर पहले समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर दिया था। इसी प्रकार हाथरस के स्थान पर कांग्रेस को सीतापुर सीट मिली है।

कई लोग वर्ष 2017 के आधार पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन की आलोचना कर रहे हैं। 2017 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन के अंतर्गत कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 114 सीटों पर लड़ी थी और शेष सीटों पर समाजवादी पार्टी लड़ी थी। लेकिन तब कांग्रेस को केवल 7 सीटों पर जीत मिली थी। वहीं समाजवादी पार्टी को भी 47 सीटों पर जीत मिली थी। उस समय अखिलेश यादव को सत्ताविरोधी रूझान का सामना करना पड़ा था। इसके अतिरिक्त समाजवादी पार्टी में घर चाचा-भतीजे में भी संघर्ष की स्थिति बनी हुई थी। उत्तर प्रदेश के 2014, 2017, 2019 और 2022 से 2024 का चुनाव पूरी तरह अलग है। इस समय मोदी सरकार के 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं और उन्हें भारी सत्ता विरोधी रूझानों का सामना करना पड़ रहा है। मोदी सरकार अब तक अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष नहीं रख पाई है। उत्तर प्रदेश में 2017 से डबल इंजन की सरकार चल रही है। सरकार भले ही इवेंट मैनेजमेंट कर उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर करने का दावा कर रही हो, लेकिन वास्तव में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय पड़ोसी पाकिस्तान और कई अफ्रीकी देशों से भी काफी कम है। यही कारण है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में युवाओं का उत्साह अभूतपूर्व रूप से सामने आ रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश 2024 का चुनाव 2009 की तरह चौंकाने वाला होगा।



राहुल लाल

> **राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को उत्तर प्रदेश में व्यापक जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। कांग्रेस ने जनसरोकार के मुद्दों विशेष कर सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय को काफी जबरदस्त ढंग से उठाया है। जाति जनगणना का मामला हो या महंगाई और बेरोजगारी- ये मामले अब उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनावी मुद्दे बन गए हैं साथ ही अखिलेश यादव भी लंबे समय से पीडीए अर्थात पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक का मामला उठाते रहे हैं।**

कांग्रेस को मिली 17 सीटों में रायबरेली और अमेठी पहले से ही कांग्रेस के गढ़ रहे हैं। 2019 में अमेठी में स्मृति ईरानी जीत गई थी, लेकिन अब वहां उनके लिए भारी नाराजगी है। झांसी, बांसगांव, देवरिया, सहारनपुर, महाराजगंज, अमरोहा जैसे सीटों पर अभी से ही कांग्रेस गठबंधन के कारण बढ़त में नजर आ रही है। कांग्रेस की 17 सीटों में से 11 सीटों पर बीजेपी के लिए संकट के बादल अभी से ही मंडराने लगे है। कांग्रेस के द्वारा प्रत्याशियों के घोषणा के बाद ऐसे सीटों की संख्या में और वृद्धि संभव है वहीं तीन सूचियों में समाजवादी पार्टी अब तक 31 नामों की घोषणा कर चुकी है। इनमें 3 यादव और 3 मुस्लिम चेहरे हैं शेष 25 सीटों पर जो उम्मीदवार उतारे गए हैं, उसमें सपा ने जाति समीकरण विशेषकर पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) को साधने का.प्रयास किया है। समाजवादी पार्टी ने गैर यादव ओबीसी पर पर्याप्त बल दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी ने अयोध्या से दलित नेता अवधेश प्रसाद को टिकट देकर बीजेपी को अयोध्या में फंसा दिया है। अवधेश प्रसाद 9 बार के विधायक और कैबिनेट मंत्री रहे हैं। अवधेश प्रसाद के बारे में यह भी कहा जाता है कि जब वे अयोध्या में होते हैं, तो प्रतिदिन सरयू नदी में स्नान करते हैं। उन्हें अयोध्या के सामान्य जनता के साथ अधिकांश साधु संतों का समर्थन प्राप्त है, जो बीजेपी के लिए काफी चिंता वाली बात है।

समाजवादी पार्टी ने जिस सावधानी के साथ उम्मीदवारों का चयन किया है, उससे कम से कम 15 सीटों पर अभी से समाजवादी पार्टी स्पष्ट बढ़त में नजर आ रही है। इस तरह अभी से ही उत्तर प्रदेश में टीम इंडिया की स्ट्राइक रेट कम से कम 50 प्रतिशत की दिख रही है। बीजेपी भले ही यूपी में 80 सीटों का नारा दे रही है, लेकिन सपा और कांग्रेस गठबंधन के घोषणा के बाद से ही बीजेपी में हड़कंप मचा हुआ है। बीजेपी के लिए चुनौती यह है कि आखिर वह यूपी में घट रही सीटों की क्षतिपूर्ति कहां से करेगी? बीजेपी उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में अपने अधिकतम अंक पर खड़ी है।

2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी गठबंधन में थी। इस गठबंधन में समाजवादी पार्टी के वोट तो बीएसपी को ट्रांसफर हो गए थे, लेकिन बीएसपी के वोट समाजवादी पार्टी को ट्रांसफर नहीं हुए थे। यही कारण था कि बीएसपी 10 और समाजवादी पार्टी 5 सीटों पर सिमट गई थी। ऐसे में जहां समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी खड़े थे, वहां दलितों का एक बड़ा हिस्सा बीजेपी के पक्ष में वोट कर गया था। लेकिन इस बार स्थितियां बदल गई हैं। बीएसपी अकेले चुनाव के मैदान में है, ऐसे में उनके कट्टर समर्थक बहुजन समाज पार्टी के साथ बने रहेंगे। इससे उनके बीजेपी में जाने की संभावना नहीं होगी। वहीं 2022 के बाद दलित वोटरों का झुकाव समाजवादी पार्टी की ओर भी हुआ है। इस स्थिति में फ्लोटिंग दलित वोट सपा और कांग्रेस गठबंधन के साथ आने की पूरी संभावना है। उत्तर प्रदेश के चुनाव में टीम इंडिया के मूर्तरूप में आने के बाद चुनाव पूर्णतः द्विपक्षीय होगा। ऐसे में बीएसपी के वोट प्रतिशत में और कमी अवश्यंभावी है और टीम इंडिया में उनका जाना तय है। वहीं शेष दलित मत मायावती जी के पास होगा। लेकिन बीजेपी के तरफ दलित मतदाताओं का रूझान न्यूनतम होगा।

बीजेपी लगातार टीम इंडिया के सीट बंटवारे पर प्रश्न उठाते रहती है, परंतु एनडीए में सीट बंटवारे के लिए घमासान की स्थिति बनी हुई है। महाराष्ट्र में शिवसेना एकनाथ शिंदे 20 सीटें मांग रही है, तो एनसीपी अजीत पवार भी 20 सीटों से कम पर तैयार नहीं हैं साथ ही बीजेपी भी कम से कम 22-23 सीटों पर लड़ना चाह रही है। इस तरह महाराष्ट्र में एनडीए को चुनाव लड़ने के लिए कम से कम 62-63 सीटों की जरूरत है, जबकि कुल सीट 48 ही हैं। इसी तरह किसान आंदोलन के तीव्र गति पकड़ने से राष्ट्रीय लोक दल को भी अधिकृत तौर पर अभी तक एनडीए का हिस्सा नहीं बनाया गया है। बीजेपी भी इस तथ्य से परिचित है कि उन्होंने जयंत को तोड़ तो जरूर लिया है, लेकिन जयंत के मतदाता को नहीं तोड़ पाएं हैं। पश्चिमी यूपी में किसान अभी भी टीम इंडिया के साथ हैं। वहीं अकाली दल भी किसान आंदोलन का बहाना बनाकर एनडीए से बाहर आया था। अब किसान आंदोलन के कारण अकाली दल पुनः एनडीए गठबंधन में प्रवेश को लेकर सहज नहीं है। उत्तर प्रदेश में ओम प्रकाश राजभर कब से ही मंत्रिमंडल विस्तार का इंतजार कर रहे हैं, चुनाव से पहले राजभर अगर खेमा बदल लें, तो किसी को आश्चर्य नहीं होगा। बिहार में बीजेपी अब तक चाचा पशुपति पारस और भतीजा चिराग पासवान के संघर्ष को खत्म नहीं कर सकी है। एक तरफ बीजेपी गठबंधन में लगातार तनाव की स्थिति बनी हुई है, वहीं अब उत्तर प्रदेश की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल और अखिलेश आगे साथ दिखेंगे। बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में तेजस्वी जिस तरह राहुल गांधी के लिए सारथी बने हुए थे, उन दृश्यों को लोग अब तक भूल नहीं सके हैं। कुल मिलाकर बीजेपी भले ही 400 सीट पार करने का नारा लगा रही है, लेकिन उसकी 200 सीट भी कहीं नजर नहीं आ रही है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश और राहुल के गठबंधन से बीजेपी अब 150 सीटों पर सिमटती नजर आ रही है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक मामलों के जानकार हैं )**

# पहले धरती को बचाएं

■ पवन नागर

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत जब तकनीक में इतना संपन्न है तो धरती पर यह तकनीक काम क्यों नहीं करती? पिछली गर्मी में बारिश के कारण किसानों की फसलें खराब हो गई थीं, जबकि मानसून में कहीं सूखे के कारण तो कहीं अधिक वर्षा के कारण किसानों की फसलों को बहुत नुकसान हुआ। ऐसे में किसानों के इस नुकसान का पूर्वानुमान लगाने वाली कोई तकनीक अभी तक हमारे पास क्यों नहीं है?

जलवायु परिवर्तन ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। आने वाले सालों में यह और भी खतरनाक हो सकता है। अभी हमारे देश के कुछ राज्य सूखे का सामना कर रहे हैं तो कई राज्यों को अधिक वर्षा के कारण बाढ़ और भू-स्खलन की घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फ भारत में ही हो रहा है। पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन का असर हो रहा है जिसके कारण दुनियाभर के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन से किसानों को सबसे ज़्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा, खासकर उन किसानों को जिनके पास खेती के अलावा और कोई आजीविका नहीं है। मतलब छोटे और मध्यम किसानों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा, जिसके कारण न सिर्फ इनके परिवार संकट में आएंगे, बल्कि खेती-किसानी से जुड़े सभी लोग प्रभावित होंगे और खाद्यान्न संकट पैदा होगा सो अलग। जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों की फसलें खराब हो रही हैं जिससे खाद्य सामग्रियों के दाम अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं।

> **जिस प्रकार हमने रसायनों का अंधाधुंध इस्तेमाल करके अपने भोजन को पोषण-विहीन बना दिया है, ठीक उसी प्रकार आधुनिक और सुविधाजनक जीवनशैली के लिए पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया है। हम नादानों की तरह जंगलों की कटाई कर रहे हैं। बेशकीमती पानी को सहेजने की जगह उसका अंधाधुंध दोहन करने में लगे हुए हैं। पहाड़ों को भी हमने नहीं छोड़ा है जो कि हमारे रक्षा कवच हैं। शहर-दर-शहर पहाडि़यों को छलनी कर दिया है।**

जलवायु परिवर्तन की समस्या से निजात पाने में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। चूंकि इस समस्या के उत्पन्न होने में हर व्यक्ति का हाथ है, इसलिए इसके समाधान में भी हर व्यक्ति को भागीदार होना होगा। जिस प्रकार से हमने पर्यावरण को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ठीक वैसे ही हम सबको पर्यावरण को ठीक करने के लिए कमर कस लेना चाहिए।

यदि अभी भी आप इस समस्या को हल्के में लेना चाहते हैं तो भविष्य में आने वाले खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहें। महंगाई से मुकाबला करने के लिए तैयार रहें, खाद्यान्न संकट के लिए तैयार रहें, जल संकट के लिए तैयार रहें, सूखे के लिए तैयार रहें, बाढ़ के लिए तैयार रहें, भीषण गर्मी के लिए तैयार रहें, भू-स्खलन के लिए तैयार रहें, नई-नई बीमारियों के लिए तैयार रहें।

दूसरा विकल्प यह है कि आप अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करें और प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वाली आदतें त्यागें। विकास का जो बेढंगा मॉडल अभी दुनिया भर में चल रहा है, उस पर पुनर्विचार करें। जंगलों और पहाड़ों पर मानवीय हस्तक्षेप की रोकथाम करें। प्रकृति का चीरहरण बंद करें अन्यथा प्रकृति की व्यवस्था में देर तो है, परंतु अंधेर बिलकुल भी नहीं है। पूरी दुनिया तभी तक बची हुई है जब तक प्रकृति का धैर्य है, जिस दिन यह धैर्य टूटा कि प्रकृति का तांडव देखने को मिलेगा।

ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का संकट सिर्फ एक दिन में खड़ा हो गया है और एक दिन में इसका हल निकल जाएगा। यह धीरे-धीरे होने वाली एक घटना है और इसका समाधान भी धीरे-धीरे ही होगा। वैसे तो देश-विदेश की सारी समस्याओं की चर्चा आमजन कर ही लेते हैं, परंतु जलवायु परिवर्तन पर चर्चा करने के लिए किसी के पास समय नहीं है, बल्कि कहना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को आमजन कोई समस्या ही नहीं मानते। इसीलिए यह समस्या इतनी विकराल हो गई है।

जैसे भोजन की गुणवत्ता पर किसी का ध्यान नहीं है, वैसे ही जलवायु परिवर्तन पर भी किसी का ध्यान नहीं है। 'हरित क्रांति' के बाद हमारे देश में रसायन आधारित खेती के कारण शुद्ध और पोषणयुक्त भोजन का अभाव हो गया है। हमारा देश ही नहीं, अपितु विश्वभर के लोग रसायनयुक्त भोजन करने पर मजबूर हैं। जिस भोजन से जीवन चलना है उस पर किसी का ध्यान ही नहीं कि उसे किस विधि से उत्पादित किया जा रहा है या उसको उपजाने में कितने ज़हरीले रसायनों का इस्तेमाल हो रहा है। इसी कारण विभिन्न बीमारियों का जन्म हो रहा है।

जिस प्रकार हमने रसायनों का अंधाधुंध इस्तेमाल करके अपने भोजन को पोषण-विहीन बना दिया है, ठीक उसी प्रकार आधुनिक और सुविधाजनक जीवनशैली के लिए पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया है। हम नादानों की तरह जंगलों की कटाई कर रहे हैं। बेशकीमती पानी को सहेजने की जगह उसका अंधाधुंध दोहन करने में लगे हुए हैं। पहाड़ों को भी हमने नहीं छोड़ा है जो कि हमारे रक्षा कवच हैं। शहर-दर-शहर पहाडि़यों को छलनी कर दिया है।

प्रकृति हमको जीवन जीने के सारे बहुमूल्य तत्व मुफ्त में प्रदान करती है, पर हम इन बहुमूल्य तत्वों को बर्बाद करने में लगे हुए हैं। जबकि हम सबको बस इतना करना है कि जिन प्रकृति-प्रदत्त तत्वों का इस्तेमाल कर रहे हैं, उतना ही हिस्सा प्रकृति को हमें वापस लौटाना होगा। यह ज़िम्मेदारी हरेक व्यक्ति की होनी चाहिए। इस समस्या को न तो सरकारों के हवाले किया जाना चाहिए और न ही किसी 'जी-20' जैसे संगठन के। यह तो धरती पर निवास कर रहे हर व्यक्ति की अपनी निजी ज़िम्मेदारी होनी चाहिए कि वह सालभर में जितना पानी इस्तेमाल करे, उतना ही पानी वापस धरती को लौटाए।

जितनी ऑक्सीजन साल भर में पौधों से ले, उतनी वापस करने के लिए उतने पौधे हर साल लगाए। यदि प्रकृति साल भर तरह-तरह के फल खाने को दे रही है तो मेरी भी जिम्मेदारी है कि फलदार वृक्ष लगाऊं। यदि जंगलों से वर्षा हो रही है तो जंगलों को बचाने, बनाने में सहयोग करूं। नदियों से हमारा जीवन चल रहा है तो हमको नदियों को बचाकर रखना होगा, न कि उनको प्रदूषित करना है। इस प्रकार प्रकृति हमको जीवन जीने के लिए जो भी कुछ दे रही है, उसे कीमती समझकर उसका सम्मान करें और उसको नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी कार्य न करें। जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने की दिशा में यही सबसे बड़ा कदम होगा।

किसानों से अपेक्षा है कि वे खेती करने के वर्तमान तरीकों को बदल लें और देश-काल-परिस्थिति के हिसाब से खेती करें, प्रकृति को नुकसान हो ऐसी खेती नहीं करें। रसायन आधारित खेती के दुष्परिणाम अब पूरे विश्व के सामने आने लगे हैं। इन रसायनों के कारण ही भू-जल ज़हरीला हो रहा है, वायु प्रदूषण फैल रहा है और मृदा की उर्वरा शक्ति भी कमज़ोर हो रही है, जबकि खेती के लिए इन तीनों चीज़ों का शुद्ध होना बहुत ज़रूरी है। इनके बिना खेती की कल्पना करना बहुत ही मुश्किल है। इसलिए जितनी जल्दी हो, इन रसायनों से तौबा कर लें। सजग रहें, सतर्क रहें।

**( लेखक 'कृषि परिवर्तन त्रैमासिक पत्रिका' के संपादक हैं। )**

## पावन प्रसंग

# संवेदनाहीन ज्ञान और अध्ययन यंत्रवत

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को मनुष्य बनाकर को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही, बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है, जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम, योग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था, उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेमपूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### नशा कारोबार युवाओं पर भारी

पंजाब में नशा उसी तरह बिक रहा है जिस तरह राशन सामग्री बिकती है। नशा कारोबारी युवाओं को कोकीन और हेरोइन परोस रहे हैं। पंजाब सरकार की नींद उड़ गई है। सब सलामत की बात करने वाली भगवत मान सरकार हर समय अखबारों में बड़े-बड़े विज्ञापन देकर प्रसिद्धि बटोर रही है लेकिन धरातल पर आंखों के सामने नशा कारोबार फल-फूल रहा है उससे अनभिज्ञ है। सरकार जानती भी है लेकिन नशा कारोबार को रोकने में राज्य पुलिस सफल नहीं हो पा रही है। युवा देश का भविष्य हैं। युवाओं को नशे की लत से छुड़ाने के लिए सरकार सब कुछ कर सकती है लेकिन सरकार पंजाब में सुशासन की बात कर रही है। नारकोटिक्स विभाग ने कोकीन और हेरोइन बरामद कर तीन आरोपियों की धरपकड़ की जिसमें दो विदेशी थे। सरकार की पहली प्राथमिकता है कि युवा जगत को नशा मुक्त जीवन देकर देश को विकास की तरफ ले जाये। नशा कारोबारियों के तार नाइजीरिया से जुड़े हुए हैं। आतंकवाद और नशे से हर समय दहलता रहा पंजाब अब फिर सरकार की ढुलमुल नीतियां उजागर हो रही है। खालिस्तानियों ने पंजाब को अपने कब्जे में कर रखा है तो नशा कारोबारी नस्ल बिगड़ने में तुला हुआ है। नशे की सप्लाई के कारोबारियों पर पुलिस की पूरी नजर है और नशे की लत छुड़ाने के लिए सबसे पहले सप्लायरों की दुकानें बन्द करनी होगी।

### दलित समुदाय के बीच कल्याणकारी योजनाओं का फोकस

सरकार ने दस वर्षों में जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की है इसका लाभ दलित समुदाय को मिला है। इन दस वर्षों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। लोकसभा चुनाव में राम मन्दिर को जगह दलित समाज की मूलभूत सुविधाओं पर केंद्र विशेष ध्यान देगी। राममन्दिर से ज्यादा दलितों के उत्थान की आवश्यकता है। उत्तरप्रदेश की 20.5 फीसद जनता दलित समाज से ताल्लुक रखती है। तमिलनाडु बिहार और पश्चिमी बंगाल की कुल 25.9 फीसदी जनता दलित समाज की जनता केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं का सरकार सीधा लाभ देने के लिए कवायद शुरू कर दी है। धरातल पर कार्य को अंजाम देने वाली भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में दलितों को कल्याण योजनाओ की विस्तृत जानकारी देगी। दलित समुदाय को इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ती इकानॉमी से कोई वास्ता नहीं है। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास मंत्र को लेकर आगे बढ़ने और पिछले सालों में देशहित में लिए गए कार्यों को गिनायेगी। भाजपा प्रचार अभियान के तहत डोर दू डोर जाकर सरकार की कानून व्यवस्था, जनहित और देशहित की योजनाओं सहित जनकल्याणकारी योजनाओं पर फोकस करेगी। देश की कुल आबादी में 16.6 प्रतिशत दलित हैं। लोकसभा में बड़ी आबादी का भाजपा को फायदा मिले उसके लिए भाजपा कल्याणकारी योजनाओं का खाका तैयार कर रही है। उज्ज्वला योजना, मुफ्त राशन किसान निधि, आयुष्मान भारत योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई है। लोकसभा चुनाव में भाजपा मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए जनता को सीधा लाभ पहुंचाने की योजना तैयार करने जा रही है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर मुहिम चलाएंगी। चार राज्यों की बात करें तो कुल 201 सीटें हैं जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा। केंद्रीय योजनाओं का लाभ हर दलित समाज के लोगों को मिले, उसके लिए भाजपा विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगी।

**कांतिलाल माडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## मेक्सिको में गिरोहों के बीच संघर्ष में 12 की मौत : राष्ट्रपति

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य गुएरेरो में प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच टकराव में कम से कम 12 लोग मारे गए। यह जानकारी राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लोपेज़ ओब्रेडोर ने बुधवार को मैक्सिको सिटी के नेशनल पैलेस में एक दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संवाददाताओं से कहा कि घटना की जांच मंगलवार को शुरू हुई और जारी है, नेशनल गार्ड के सैनिक पहले से ही घटनास्थल पर हैं।

## एमक्यूएम-पी ने की चार मंत्रालयों की मांग



■ जेयूआई-एफ भी केंद्र में चाहता है भूमिका
■ कामरान ने किया प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व

**इस्लामाबाद,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच सरकार चलाने के लिए सत्ता साझेदारी समझौता होने के एक दिन बाद, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने पीएमएल-एन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और मंत्रिमंडल में तीन से चार मंत्रालयों की मांग की।

यह जानकारी डॉन समाचार ने गुरुवार को दी। डॉन समाचार ने सूत्रों के हवाले से कहा कि एमक्यूएम-पी नेशनल असेंबली में डिप्टी स्पीकर का पद चाहता था लेकिन पीएमएल-एन ने पहले ही इसे पीपीपी को दे दिया था। अब, एमक्यूएम-पी संघीय मंत्रिमंडल में चार विभागों की मांग कर रही है क्योंकि पार्टी को उपाध्यक्ष पद नहीं मिल सकता है। कैबिनेट में अपने हिस्से के अलावा, एमक्यूएम ने स्थानीय सरकारी निकायों को सशक्त बनाने वाले कानून की मांग की, जिसकी मांग कराची स्थित पार्टी द्वारा शक्तियों के विकेंद्रीकरण करने के लिए लंबे समय से की जा रही है। एमक्यूएम पंजाब के नेता मुहम्मद जाहिद ने डॉन समाचार से कहा कि पीएमएल-एन ने कामरान टेसोरी को सिंध का गवर्नर बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की है। जाहिद ने कहा कि इस बात पर सहमति बनी है कि टेसरी गवर्नर बने रहेंगे।

एमक्यूएम प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व टेसरी ने किया और इसमें फारूक सत्तार और मुस्तफा कमाल शामिल हुए, जबकि पीएमएल-एन की ओर से इशाक डार और अयाज सादिक शामिल हुए। उधर, जेयूआई-एफ और पीएमएल-एन के बीच एक बैठक हुई, जिसमें पीपीपी के सरफराज बुगती के नेतृत्व में प्रांतीय सरकार के गठन पर चर्चा हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इशाक डार ने जेयूआई-एफ नेता अब्दुल गफूर हैदरी से कहा कि बलूचिस्तान में सत्ता साझेदारी के समझौते के लिए पीएमएल-एन के साथ आने में जेयूआई-एफ ने बहुत देर कर दी।

### नेशनल असेंबली का पहला सत्र 29 तक होना चाहिए

संविधान के अनुच्छेद 91(2) के अनुसार, नेशनल असेंबली का पहला सत्र 29 फरवरी तक होना चाहिए। नेशनल असेंबली सत्र के पहले दिन शपथ ग्रहण करने के बाद सदस्य गुप्त मतदान कर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। इसके बाद नए अध्यक्ष प्रधानमंत्री के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेंगे। कोई 336 सदस्यीय सदन में प्रधानमंत्री पद के लिए 169 वोटों की आवश्यकता है। राष्ट्रपति का चुनाव केंद्र और प्रांतों में सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी होने और मार्च के पहले सप्ताह में होने वाले सीनेट चुनावों के तुरंत बाद होगा। निवर्तमान राष्ट्रपति आरिफ अल्वी का पांच वर्षीय कार्यकाल सितंबर 2023 में ही समाप्त हो गया था लेकिन वह अपने उत्तराधिकारी का चयन होने तक इस पद पर हैं।

## सिंध हाई कोर्ट का पूरे पाकिस्तान में 'एक्स' को बहाल करने का निर्देश



■ एक्स को हाल के सप्ताह में कई बार 'अघोषित' रूप से निलंबित किया गया

**कराची,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में सिंध हाई कोर्ट ने अधिकारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' को बहाल करने और देश भर में साइट तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

सिंध हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अकील अहमद अब्बासी ने जर्रार खुहरो, अंबर शम्सी, जेबुन्निसा बुर्की और अन्य सहित कई याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रसिद्ध सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में उपयोगकर्ताओं के सामने रुक-रुक कर आने वाले व्यवधानों के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। एक्स को हाल के सप्ताह में कई बार 'अघोषित' रूप से निलंबित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश ने सवाल किया कि किसके निर्देश पर सोशल मीडिया साइट को निलंबित किया गया। उन्होंने पूछा, कितने समय से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स डाउन है? इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निलंबित करने का अधिकार केवल पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) के पास है। वकील ने कहा, पीटीए से पूछा जाना चाहिए कि एक्स को निलंबित करने के निर्देश किसने जारी किये। याचिका में यह भी कहा गया कि व्यवधान के बारे में न तो पीटीए ने किसी भी प्रकार के नोटिस या संकेत दिये थे और न ही व्यवधान को किसी विशिष्ट स्थान या कुछ स्थानों तक सीमित रखा गया था। नियामक संस्था ने राष्ट्रीय स्तर पर एक्स तक पहुंच पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे सभी प्रमुख शहरों में उपयोगकर्ता प्रभावित हुए थे।

## सुडोकू 6475

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 8 | | 6 | | 4 |
| | 5 | 8 | | 2 | 4 | | | |
| 4 | | | | 5 | | 1 | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | 1 | 9 |
| | 3 | 9 | 2 | | 8 | 4 | 6 | |
| 8 | 4 | | 5 | | | | | 7 |
| | 8 | 3 | | 1 | | | | 6 |
| | | | 4 | 3 | | 2 | 9 | |
| 9 | | 4 | | 6 | 5 | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 23 फरवरी, 2024 माघ शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष -अत्यधिक संवेदनशीलता के कारण किसी की बातें आपकी भावनाओं को चोट पहुंचा सकती हैं। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के संबंध में कोई निर्णय न लेना ही हितकर होगा।

वृषभ -आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन -आज आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आप थकान, चिंता एवं प्रसन्नता का मिला-जुला अनुभव करेंगे। निर्धारित काम को समय पर पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। धन के मामले में आपको नुकसान हो सकता है।

कर्क -आज आपका दिन हर प्रकार से आनंदित रहेगा। तन और मन दोनों दृष्टि से आप स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजन, स्नेहीजन एवं मित्रों से सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। उनकी ओर से उपहार मिलेंगे।

सिंह -आज आपको मन पर नियंत्रण रखना होगा। स्वास्थ्य से सम्बंधित विषय में आप चिंतित रहेंगे। चिंता के कारण शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। व्यर्थ के वाद-विवाद को टालें।

कन्या -आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। विविध क्षेत्रों से यश, कीर्ति तथा लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए आज का दिन शुभ है। मित्रों से लाभ होने के संकेत हैं। प्रियजनों के साथ मुलाकात आनंददायी रहेगी।

तुला -आज का दिन शुभफलदायी है। आपके घर तथा कार्यालय में अनुकूल वातावरण रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। गृहस्थ जीवन में माधुर्य छाया रहेगा।

वृश्चिक -आज आप शारीरिक थकान, आलस्य और मानसिक चिंता की अनुभूति करेंगे। व्यापार में बाधा खड़ी होगी। संतान से मतभेद रहेगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आज विरोधियों से वाद-विवाद न करें। अनावश्यक खर्च बढ़ेगा।

धनु -आज के दिन आपको अत्यंत सावधानी से रहने की सलाह दी जाती है। आज कोई भी नए काम एवं बीमारियों का उपचार शुरू ना करें। अत्यंत संवेदनशीलता के कारण आपकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। पानी से संभलकर चलें।

मकर -आपके विचार तथा व्यवहार में इमोशन बहुत अधिक रहेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ खुशी से समय व्यतीत कर सकेंगे। शारीरिक, मानसिक ताजगी का अनुभव होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। विविध स्रोतों से इनकम में वृद्धि होगी।

कुंभ -काम की सफलता के लिए आज शुभ दिन है। आज किए गए कामों की वजह से आप खुश रहेंगे। परिजनों के साथ वक्त अच्छा गुजरेगा। घर का वातावरण अच्छा रहेगा। तन-मन से प्रफुल्लित रहेंगे।

मीन -कल्पना के लोक में विचरण करना पसंद करेंगे। साहित्य लेखन में आपकी सृजनात्मकता प्रकट कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त कर सकेंगे। कामुकता रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## मंगोलिया में पड़ रही कड़ाके की ठंड

**15 लाख से ज्यादा मवेशी मारे गए**

**उलान बतोर,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। मंगोलिया में कड़ाके की ठंड की चपेट में आकर मरने वाले मवेशियों की संख्या 15 लाख से ज्यादा हो गई है। यह जानकारी देश के राज्य आपातकालीन आयोग (एसईसी) ने गुरुवार को दी। देश के उप प्रधानमंत्री और एसईसी के प्रमुख, अमरसैखान सैनबुयान ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान आंकड़ों के अनुसार डजुड के कारण पूरे देश में कम से कम 1,527,695 पशुधन की मौत हो चुकी है। डज़ुड एक मंगोलियाई शब्द है जिसका मतलब अत्यधिक ठंड होता है जिसके कारण बड़ी संख्या में पशुधन मर जाते हैं क्योंकि जमीन जमी होती है या बर्फ से ढकी होती है।

देश की मौसम निगरानी एजेंसी के अनुसार, देश का 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ है।

विश्व के अंतिम जीवित खानाबदोश देशों में से एक, मंगोलिया ने हाल ही में कठोर सर्दियों और पशुधन के नुकसान के कारण अपनी आपदा तैयारियों को हाई अलर्ट कर दिया है।

मंगोलिया में खनन-निर्भर अर्थव्यवस्था में विविधता लाने के लिए पशुपालन को बढ़ावा देना सबसे व्यवहार्य रूप में देखा जाता है।

## तुर्की ने जी20 बैठक में किया गाजा युद्ध विराम का आह्वान




**अंकारा,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। तुर्की के विदेश मंत्री हकन फिदान ने ब्राजील में जी20 बैठक में बातचीत के दौरान अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गाजा में तत्काल युद्धविराम और संघर्ष के दो-देश समाधान की दिशा में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने तुर्की के एक राजनयिक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि तुर्की ने गाजा पर हमलों के लिए इजरायल की कड़ी आलोचना की है और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में नरसंहार की कोशिश करने के खिलाफ कार्रवाई समर्थन किया है। तुर्की ने बार-बार युद्धविराम का आह्वान किया है। सूत्र ने बताया कि श्री फिदान ने बुधवार को रियो डी जनेरियो में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक में कहा है कि गाजा में बर्बरता को रोका जाना चाहिए, और अमेरिका, जर्मनी तथा मिस्र के विदेश मंत्रियों के तत्काल युद्धविराम को लेकर चर्चा की। उन्होंने जी 20 बैठक में कहा, संघर्ष विराम पर एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कोई निर्णय नहीं आया, जिससे पता चलता है कि उसमें सुधार जरूरी है।

### लेबनान, सीरिया में इजरायली हमले में चार की मौत

**बेरुत/दमिश्क** । इजरायली हवाई हमलों में लेबनान और सीरिया में चार लोगों की मौत हो गई है। मीडिया और सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को हुए हमलों में दक्षिण लेबनान में एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई। इसके कुछ दिनों पहले हिजबुल्लाह ने इजरायल-लेबनानी सीमा पर संघर्ष में नागरिकों की हत्या के लिए इजरायल को कीमत चुकाने की कसम खाई थी।

## वर्ग पहेली 6475



**बायें से दायें:-**

१. देश के पूर्व प्रधानमंत्री का नाम जिनका जन्मदिन चार वर्षों एक बार आता है
३. गतिरोध
५. आकर्षक, उच्चकोटि का
६. किराया भाड़ा
७. पानी से भरा, सजल
९. निवासी (उर्दू)
१०. भारतीय सेवा का एक अंग
१२. तबाही, बाढ़
१३. रक्तवाहिनी, नस, नाड़ी
१४. पुलिस का सिपाही
१६. और, एवं
१८. मुर्गा के सिर का आभूषण
२०. निपुणता
२१. आवश्यकता (उर्दू)
२३. टकराव, भिड़ंत

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौदेबाजी
२. लाल कमल
३. अप्रसन्न, खफ़ा
४. भ्रम, भ्रांति, संशय (उर्दू)
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ज्यों का त्यों
१०. जीर्ण-शीर्ण
११. नौकर, खिदमतगार
१२. नम्र, प्रार्थी
१३. धुला हुआ, निर्मल
१४. प्रार्थी
१५. सामर्थ्य, शक्ति
१७. थाली
१८. परिश्रमी
१९. सियार
२२. खुशी

### वर्ग पहेली-6474

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ पु | रा | २ ता | त्वि | ३ क | ■ | ४ क | र्म | ५ शा | ला |
| रो | ■ | ने | ■ | ६ टु | क | ड़ा | ■ | ति | ■ |
| ७ हि | म | मा | न | व | ■ | ८ प | द | र | ९ ज |
| त | ■ | र | ■ | १० च | ल | न | ■ | ■ | न |
| ■ | ११ अ | ना | १२ सी | न | ■ | ■ | १३ अ | स्थ | मा |
| ■ | सु | ■ | प | ■ | १४ श | प | थ | ■ | न |
| १५ स | र | १६ ता | ज | ■ | मि | ■ | १७ वा | १८ प | स |
| ह | ■ | प | ■ | १९ ब | ता | २० ना | ■ | रि | ■ |
| २१ च | क | मा | ■ | धि | ■ | २२ दा | ग | दा | २३ र |
| र | ■ | २४ न | ग | र | ज | न | ■ | ■ | स |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## नाइजीरिया में लासा बुखार से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हुई




**अबुजा,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। नाइजीरिया के दक्षिणी राज्य एबोनी में इस साल लासा बुखार से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। एबोनी में सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक हयासिंथ एबेनी ने बुधवार को अबकालिकी में संवाददाताओं को बताया कि मंगलवार तक लासा बुखार से संक्रमित करीब 29 मामले पाये गये और करीब 14 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उन्होंने कहा कि साल की शुरुआत से अब तक एबोनी में इस बीमारी के करीब 110 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए हैं। लासा बुखार चूहों की लार, मूत्र और मल के सम्पर्क में इंसानों के आने से फैलता है। एबोनी में अत्यधिक संक्रामक बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए सरकार और संबंधित भागीदारों द्वारा तत्काल सहयोगात्मक प्रयास करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### वेनेजुएला में खदान ढहने से 15 लोगों की मौत

**कराकस।** वेनेजुएला के दक्षिणपूर्वी बोलिवर राज्य के अंगोस्टुरा शहर के ला परागुआ में एक खदान ढहने से 15 लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने बुधवार रात को दी। राष्ट्रपति ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद फंसे खनिकों का पता लगाने के लिए खोज एवं बचाव दल को इलाके में तैनात किया जा रहा है। श्री मादुरो ने राज्य टेलीविजन पर कहा, हमने बोलिवर राज्य के गवर्नर एंजेल मार्कानो के साथ मिलकर सभी नागरिक सुरक्षा टीमों को तुरंत भेज दिया है और हम खोज एवं बचाव को मजबूत करेंगे।

## चीन में एक जहाज पुल से टकराया, दो की मौत



**गुआंगजौ,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग के गुआंगज़ौ में गुरुवार तड़के एक जहाज के पुल से टकराने के कारण पुल टूटने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लापता हो गए। बचावकर्मियों ने बताया कि आज तड़के करीब 05:30 बजे एक कंटेनर जहाज नांशा जिले में लिक्सिंशा पुल से टकरा गया, जिससे पुल टूट गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य लापता हैं। कुछ लोग घायल भी हुये हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस लोग हादसे के समय पुल से गुजर रहे थे।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनमें से दो नदी में गिर गए और अन्य जहाज पर गिर गए। हादसे में क्रू का एक सदस्य मामूली रूप से घायल हो गया है। बचाव कार्य जारी हैं और दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है।

### आज का इतिहास

1468 – प्रिंटिंग मशीन का आविष्कार करने वाले युहेन गोटेनबर्ग का निधन।
1768 – कर्नल स्मिथ ने ब्रिटिश सत्ता को स्वीकार कर चुके हैदराबाद के निजाम के साथ शांति समझौता किया।
1799 – मिस्र पर फ्रांस के तानाशाह नेपोलियन बोनापार्ट का अधिकार हो जाने के बाद फ्रांसीसी सेना ने आक्रमण शुरू किया।
1886 – अमेरिकी रसायनशास्त्री और आविष्कारक मार्टिन हेल ने एल्यूमीनियम की खोज की।
1905 – रोटरी इंटरनेशनल की स्थापना हुई।
1940 – रूसी सेना ने ग्रीस के निकट लासी द्वीप पर कब्ज़ा किया।
1947 – अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन ने विश्व मानक की स्थापना की।
1952 – भारत में कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम पारित किया गया।
1958 – अर्जेंटीना के महान फॉर्मूला वन चालक खुआन मैनुअल फांगियो का दो लोगों ने अपहरण किया।
1962 – अमेरिका ने नेवादे में परमाणु परिक्षण किया।
1967 – अमेरिकी सेनाओं ने वियतनाम युद्ध में बड़े हमले शुरू किये।
1969 – हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मधुबाला का निधन।
1970 – गुयाना देश गणराज्य बना और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।
2003 – कनाडा के डेविसन ने वर्ल्ड कप का सबसे तेज शतक लगाकर 1983 का कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा।
2007 – पाकिस्तान ने शाहीन-2 का परीक्षण किया।

**तैयारी** राजा कृष्णमूर्ति 50 सर्वाधिक शक्तिशाली लोगों की सूची में हैं शामिल

## 2026 में अमेरिकी सीनेट के लिए लड़ सकते हैं कृष्णमूर्ति



■ राजा कृष्णमूर्ति का दिल्ली में हुआ था जन्म

**न्यूयॉर्क,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। एक शीर्ष अमेरिकी पत्रिका में भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को 50 सर्वाधिक शक्तिशाली लोगों की सूची में रखा गया है। ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि कृष्णमूर्ति 2026 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। लेकिन, उन्होंने इसे सिरे से नकार दिया है। नई दिल्ली में जन्मे और इलिनोइस में पले-बढ़े डेमोक्रेट को शिकागो मैगजीन की हेवी हिटर्स सूची में 24वां स्थान मिला था, जिसमें इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर शीर्ष पर थे।

2016 में कांग्रेस के लिए चुने गए कृष्णमूर्ति अब अपने चौथे कार्यकाल में इलिनोइस के 8वें जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें शिकागो के पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी उपनगरों के साथ-साथ शहर का 41वां वार्ड भी शामिल है। पत्रिका में कहा गया है, कृष्णमूर्ति की प्रचार निधि में 1.44 करोड़ अमेरिकी डॉलर हैं। पत्रिका के अनुसार, यह राशि इलिनोइस के किसी भी अन्य कांग्रेस प्रतिनिधि से तीन गुना अधिक है, और पूरी कांग्रेस में तीसरी सबसे बड़ी राशि है। 2022 में उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों और डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी को 460,000 डॉलर का दान दिया। पत्रिका के अनुसार,%%यदि डिक डर्बिन सेवानिवृत्त होते हैं, तो वह 2026 में सीनेट के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। 79 वर्षीय डर्बिन अपने पांचवें सीनेट कार्यकाल में हैं और उन्होंने 2005 से सीनेट डेमोक्रेटिक व्हिप के रूप में कार्य किया है। डर्बिन की सीनेट सीट पर कृष्णमूर्ति के अलावा कई अन्य राजनेताओं की नजरें भी लगी हुई है। राजनीतिक सलाहकार टॉम बोवेन का मानना है कि कृष्णमूर्ति सीनेट की दौड़ की तैयारी के लिए धन जुटा रहे हैं, मगर उन्?होंने इससे इनकार किया है। ट्रिब्यून से बात करते हुए, उन्होंने कहा, सबसे पहले, मुझे उम्मीद है कि सीनेटर डर्बिन अपनी सीट पर बने रहेंगे। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं सुना है कि वह सीट छोड़ रहे हैं। मैं अभी इस पर विचार नहीं कर रहा हूं। अमेरिकी कांग्रेस में 535 वोटिंग सदस्य, 100 सीनेटर और 435 प्रतिनिधि हैं। जबकि, सीनेटर अपने पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, सदन के सदस्य व्यक्तिगत जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस वर्तमान में अमेरिकी सीनेट की अध्यक्षता करने वाली एकमात्र भारतीय-अमेरिकी हैं, और वह 2024 के चुनावों में राष्ट्रपति जो बिडेन के साथी के रूप में चुनाव लड़ेंगी। 2022 में देश के सबसे ध्रुवीकृत मध्यावधि चुनावों में से एक में कृष्णमूर्ति सहित पांच भारतीय-अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुने गए।

### दुनिया को जानें

## ट्यूनीशिया ने 75,000 अवैध प्रवासियों को इटली में प्रवेश करने से रोका

**ट्यूनिस,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। ट्यूनीशिया ने 2023 में 75,000 से अधिक अवैध प्रवासियों को भूमध्य सागर के रास्ते इटली में प्रवेश करने की कोशिश करने के दौरान रोका। यह जानकारी निजी रेडियो स्टेशन मोज़ेक एफएम ने बुधवार को दी।

मोज़ेक एफएम ने ट्यूनीशिया के नेशनल गार्ड के प्रवक्ता हौसेमेद्दीन जबली के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह 2022 की संख्या से दोगुनी से ज्यादा है। वर्ष 2022 में ट्यूनीशियाई तटों से इटली जाते समय 35,000 से ज्यादा अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया था। पिछले कई महीनों में ट्यूनीशियाई सुरक्षा बल ने इतालवी द्वीप लैम्पेडुसा के लिए अवैध आव्रजन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। देश के दक्षिण-पूर्वी प्रांत स्फ़ैक्स से अन्य प्रांतों तक संबंधित अभियानों का विस्तार किया है।

ट्यूनीशियाई समुद्र तट से लगभग 130 किमी दूर स्थित लैम्पेडुसा द्वीप को प्राय: इटली के लिए अवैध समुद्री यात्रा करने वाले प्रवासी पहला पड़ाव मानते हैं।

# प्रादेशिकी

### 25 मई को खुलेंगे श्री हेमकुंट साहिब के कपाट

**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से गुरुवार को सचिवालय में गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने भेंट की। बिंद्रा ने मुख्य सचिव को जानकारी दी कि गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा 25 मई 2024 को तीर्थ स्थल श्री हेमकुंट साहिब की यात्रा का शुभारंभ किया जाना निश्चित हुआ है। वहीं 10 अक्टूबर 2024 को कपाट बंद किए जाने की तिथि भी घोषित कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा इस पर सहमति दी गई है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रशासन द्वारा इस दिशा में पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री कहते हैं योजनाएं बंद नहीं हुई तो किसी को योजनाओं का क्यों नहीं मिल रहा लाभ : जयराम ठाकुर

शिमला, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पूर्व सरकार में चलाई जा रही जनहित की योजनाओं के लाभार्थियों को कोई सहायता नहीं मिल रही है, लेकिन जब भी मुख्यमंत्री से यह बात पूछी जाती है तो हमेशा यही जवाब आता है कि कोई योजना बंद नहीं हुई है। न योजना बंद हुई है और न ही योजनाओं का पैसा लोगों को मिल रहा है। समझ में नहीं आ रहा है कि क्या हो रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस तरह का व्यवस्था परिवर्तन पहले नहीं देखा जहां पर अशक्त लोगों को दी जा रही पेंशन को भी बंद कर दिया गया हो और सरकार इस संवेदनहीन कृत्य को स्वीकार करने को भी तैयार न हो।

जयराम ठाकुर ने कहा कि पूर्ण रूप से अशक्त और बीमार लोगों के लिए हमारी सरकार ने 'सहारा योजना' की शुरुआत की थी। जिसके तहत इस योजना के पात्र लोगों को 3 हज़ार रुपए की मासिक पेंशन दी जा रही थी लेकिन जब से सुक्खू की सरकार आई है तब से इस योजना का पैसा रोक दिया गया है। हमें लोगों के फ़ोन आते है और कहते है कि पेंशन दिलवा दीजिए। जब मुख्यमंत्री से पूछो तो कहते हैं कि किसी योजना को बंद नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री महोदय को बताना चाहिए कि अगर योजना बंद नहीं हुई है तो लोगों को



पेंशन क्यों नहीं मिल रही है। अशक्त लोगों को पेंशन न दे पाने वाली व्यवस्था परिवर्तन इस प्रदेश को स्वीकार नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को संवेदना के आधार पर काम करते हुए सहारा जैसी योजनाओं का पैसा हर महीनें जारी करना चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री इस सरकार को लेकर गंभीर नहीं हैं। आज सरकार में बैठे विधायक भी सरकार से परेशान हैं और अपनी आवाज़ उठा रहे हैं। युवा नौकरी के लिए सड़कों पर हैं। कर्मचारी वेतन के लिए सड़कों पर हैं। प्रदेश में हर वर्ग आज सरकार से नाराज़ भी हैं और निराश भी हैं। इसके बाद भी सरकार गंभीर नहीं है।

### राजस्व मंत्री ने मोदी सरकार के साथ पूर्व जयराम सरकार पर भी हमला बोला

**शिमला।** हिमाचल विधान सभा में वीरवार को बजट पर चर्चा जारी रही। माली साल 2024-25 के बजट पर सत्ता पक्ष की तरफ से चर्चा का आगाज करते हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने केंद्र की मोदी सरकार के साथ साथ प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार पर भी हमला बोला। अपने चिर परिचित अंदाज में जगत सिंह नेगी ने सदन में केंद्र सरकार पर गैर भाजपा शासित राज्यों को केंद्र से मिलने वाली मदद में कटौती करने अथवा उसे रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार में भी सिर्फ जुमलेबाजी व लंच मंच होते रहे। नेगी के शब्द बाणों से खफा विपक्ष ने सदन में हंगामा करने की कोशिश की, विपक्षी भाजपा के सदस्यों ने उनके भाषण में व्यवधान पैदा करने की भी कोशिश की। मगर राजस्व मंत्री लगातार विपक्ष पर हमलावर रहे। राजस्व मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के नकारात्मक रवैये के बावजूद हिमाचल विकास में नहीं पिछड़ा। संघीय ढांचे में केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है जिसे वह निभा नहीं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश ने अपने संसाधनों को बढाने के लिए वाटर सेस लगाने की व्यवस्था की मगर केन्द्र सरकार ने उसमें भी अडंगा अड़ाया है। न तो केन्द्र सरकार खुद आर्थिक सहायता दे रही है और न ही प्रदेश को जुटाने दे रही है। वाटर सेस उत्तराखंड द्वारा लिया जाता है वहां पर इसकी कोई मनाही नहीं। उन्होंने कहा कि एक समय आएगा कि हिमाचल की सरकार को भी केरल व कर्नाटक की तरह दिल्ली जाकर जंतर मंतर पर धरना देना होगा तभी उसे उसका हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के वक्त हिमाचल में कोई विकास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आपदा राहत के तौर पर भी हिमाचल को वाजिब मदद केंद्र से नहीं मिली। उन्होंने विपक्ष के विधायकों के आरोपों पर सदन में एलान किया कि आपदा राहत में सभी डीसी ने बेहतर काम किया है और सभी लोगों को राहत पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि विधायक क्षेत्र विकास निधि में प्रधान व पटवारी की रिपोर्ट नहीं लेने को कहा गया था जिसकी बाकायदा अधिसूचना भी जारी हुई।

## रेप के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

देहरादून, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नाबालिग छात्रा का रेप करने वाले दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह सजा पॉक्सो कोर्ट की स्पेशल जज अर्चना सागर की अदालत में सुनाई गई। दोषी ने साल 2021 घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा को दोषी बहला फुसलाकर ले गया था। जिसके बाद उसकी अस्मत लूटी थी।

दरअसल, ऋषिकेश निवासी पीड़िता के पिता ने 8 मार्च 2021 को ऋषिकेश कोतवाली में एक शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 6 मार्च को उनकी 16 वर्षीय बेटी जो कि 11वीं की छात्रा है, सुबह घर से स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन स्कूल की छुट्टी होने के बाद घर नहीं लौटी। परिजनों ने अपनी बेटी की काफी तलाश की, उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने ऋषिकेश कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस ने छात्रा की तलाश शुरू की।

पुलिस की जांच में पता चला कि ऋषिकेश के श्यामपुर क्षेत्र का सुमित पैन्यूली छात्रा को अपने साथ ले गया है। जिस पर 12 मार्च को पुलिस ने आरोपी सुमित पैन्यूली को उसके घर से गिरफ्तार किया। जबकि, किशोरी को भी बरामद कर लिया था। पुलिस ने जब छात्रा का मेडिकल कराया तो उसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। जिस पर पुलिस ने



■ ऋषिकेश में छात्रा का रेप करने वाला युवक दोषी करार

मामले में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो की धाराएं जोड़कर 27 मार्च 2021 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

कोर्ट में ट्रायल के दौरान छात्रा ने बताया कि फेसबुक के जरिए सुमित से संपर्क हुआ था। जिसमें छात्रा ने खुद को बालिग बताया और लगातार उससे बातचीत और मुलाकात करने की बात भी कही। उस दौरान किशोरी ने दुष्कर्म से इंकार किया, लेकिन कोर्ट ने किशोरी के बयान को गलत मानते हुए शैक्षिक दस्तावेजों की आधार पर उसे नाबालिग माना और सुमित पैन्यूली को दोषी करार दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कल्पना थापा ने बताया कि पॉक्सो अदालत में जज ने दोनों पक्षों को सुनते हुए साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दोषी पाया है। साथ ही 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 20 हजार रुपए का अर्थदंड भी भुगतना होगा।

**सार संक्षेप**

### कांग्रेस ने किया दून के नए निकायों में टैक्स वसूली का विरोध

**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने देहरादून के नए निकायों में टैक्स वसूली का विरोध किया है। उन्होंने कहा सरकार टैक्स वसूली के नाम पर जनता के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने कहा भाजपा जब चुनाव में जाती है तो जनता से डबल इंजन की सरकार बनाने को कहती है, जब सरकार बन जाती है उसके बाद आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिए कभी बिजली की दरों में बढ़ोतरी तो कभी संपत्ति कर के नाम पर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल देती है। उन्होंने कहा प्रदेश के नवगठित नगर निकाय भी हाउस टैक्स के दायरे में आ जा रहे हैं। शहरी विकास विभाग संपत्ति कर की वसूली के मामले में जगह-जगह नोटिस चस्पा कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने नए निकायों का गठन स्थानीय जनता से इस वादे के साथ किया था कि 10 साल तक कोई भी टैक्स वसूली नहीं की जाएगी। 5 वर्ष बीतने के बाद धामी सरकार ने नए निकायों में संपत्ति कर वसूली के लिए नोटिस लगाने शुरू कर दिया। जिसका कांग्रेस पूरी तरह से विरोध करती है।

### हल्द्वानी से पिथौरागढ़ सहित कई क्षेत्रों के लिए हेली सेवा शुरू

**देहरादून।** बृहस्पतिवार से हल्द्वानी से पिथौरागढ़, चंपावत और मुनस्यारी के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह इसका वर्चुअल शुभारंभ किया। हल्द्वानी के गौलापार से विधायक मोहन बिष्ट, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट व अन्य ने हैली सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बृहस्पतिवार को दोपहर बाद ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो जाएगी। हेलीकॉप्टर हर दिन दो चक्कर लगाएगा।बता दें कि, हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ और चंपावत का सफर करने में कई घंटे लग जाते हैं। केंद्र सरकार और सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पहाड़ पर पर्यटन को बढ़ावा देने व स्थानीय लोगों की परेशानियों को देखते हुए हेली सेवा शुरु करने की बात कही थी। इसी क्रम में हेरिटेज एविएशन ने इस सेवा को शुरू करने की तैयारी की। दो फरवरी को गौलापार हेलीपैड से मुनस्यारी, पिथौरागढ़ और चंपावत के लिए सफल ट्रायल हुआ था।

### अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना

**देहरादून।** गुरुवार को अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना हुई। इसमें बड़ी संख्या में दूनवासी अयोध्या पहुंचकर रामलला की दर्शन करेंगे। इसे लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। गुरुवार सुबह ट्रेन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 1074 लोग अयोध्या के लिए रवाना हुए। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और टिहरी सांसद माला राजलक्ष्मी शाह ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।राम मंदिर के दर्शन को लेकर दूनवासियों में खासा उत्साह दिखा। ट्रेन 23 फरवरी की सुबह लगभग तीन बजे अयोध्या कैंट पहुचेंगी। इसके बाद स्टेशन से बसों के माध्यम से राम जन्मभूमि पहुचेंगे। यहां रामलला के दर्शन के बाद अन्य मंदिरों का भ्रमण कराया जाएगा।

### सुडोकू 6475 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |

## 33 जिलों निकलेगी नारी न्याय यात्रा : लांबा

■ महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा सरकार पर जमकर बसी

■ नारी न्याय सम्मेलन में भाग लेने देहरादून पहुंची राष्ट्रीय अध्यक्ष




देहरादून, 22 फरवरी (देशबन्धु)। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा नारी न्याय सम्मेलन में हिस्सा लेने गुरूवार कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पहुंची। इससे पहले उत्तराखंड की महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अलका लांबा का कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। उत्तराखंड दौरे पर आई महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा आज महिला कांग्रेस संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक होने जा रही है। जिसमें संगठन के बदलाव और फेरबदल को लेकर चर्चा की जाएगी।

अलका लांबा ने कहा आज से प्रदेश के सभी 33 जिलों में नारी न्याय यात्रा की शुरुआत हो जाएगी। उन्होंने कहा राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में नारी, युवा, किसान, भागीदारी और श्रमिक न्याय की बात की है। महिला कांग्रेस भी इन सभी मुद्दों को राज्य भर में पूरी प्रमुखता से उठाने जा रही है। अलका लांबा ने कहा भाजपा शासन काल में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। अन्नदाताओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसे में 2024 में यदि कांग्रेस की सरकार आती है तो किसानों को एमएसपी का कानून बनाकर दिया जाएगा। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार ने कृषि उपकरणों पर भारी जीएसटी लगा रखा है, जो किसानों के साथ अत्याचार है। उन्होंने कहा सरकार उसे तत्काल माफ करना चाहिए।

उन्होंने कहा हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार के राज में 4 करोड़ युवा बेरोजगार होते जा रहे हैं। उन्होंने अग्निपथ योजना को ठेके के 4 साल की नौकरी बताते हुए कहा अग्निपथ योजना चैतरफा विरोध हो रहा है, लेकिन सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा सरकार ने इस योजना को लाकर पेंशन और अन्य सुविधाएं छीन ली हैं। उन्होंने इस योजना को युवाओं के साथ छल बताया है। उन्होंने कहा आज श्रमिक और मजदूरों के भी हालात बुरे हैं। उन्हें न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल पा रहा है।

## गढ़वाल विवि में इस बार पीजी में नहीं होगी सीयूईटी परीक्षा

**श्रीनगर,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में पीएचडी प्रवेश के लिए जल्द ही आवेदन फार्म खोले जाएंगे। जिसे लेकर विवि प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। जबकि, इस बार स्नातकोत्तर, बीएड, बीपीएड और एमपीएड के लिए गढ़वाल विवि खुद प्रवेश परीक्षा करवाएगा। पीजी और बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मार्च महीने के पहले हफ्ते में आवेदन फार्म खोले जाने की संभावना है। अभी तक विवि सीयूईटी के जरिए प्रवेश परीक्षा करवा रहा था, लेकिन छात्रों के विरोध के बाद अब नए शैक्षणिक कैलेंडर में पीजी के लिए विवि खुद प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाएगा। जिसके लिए विवि ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है।

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीएड और स्नातकोत्तर में प्रवेश लेने के लिए सीयूईटी यानी कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस अनिवार्य किया गया था, लेकिन इस बार विवि अपने स्तर से प्रवेश परीक्षाएं करवाने जा रहा है। इससे पहले सीयूईटी देने के बाद ही विश्वविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम में छात्रों को प्रवेश मिल पाता




■ विवि खुद प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाएगा, जल्द खुलेंगे आवेदन फार्म

था। सीयूईटी के लागू होने के बाद से ही गढ़वाल विश्वविद्यालय में छात्रों ने इसका विरोध किया। क्योंकि, सीयूईटी की अनिवार्यता के चलते हजारों छात्र एडमिशन से वंचित हो रहे थे।

गढ़वाल विवि में एडमिशन का मामला हाईकोर्ट की टेबल तक भी गया। मामले में हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, यूजीसी, उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा था। जिसके बाद गढ़वाल विवि और उससे संबद्ध कॉलेजों में बिना सीयूईटी के मेरिट के आधार पर प्रवेश देने की हामी भरी गई। इससे पहले मामले में विवि की एसी (एकेडमिक काउंसिल) फिर एसी (एग्जीक्यूटिव काउंसिल) मुहर लगाई। लिहाजा, अब एडमिशन के लिए पहले की तरह ही गढ़वाल विवि का एंट्रेंस देना होगा।

गढ़वाल विवि की एकेडमिक काउंसिल की बैठक में नूतन सत्र 2024-2025 में पीजी और बीएड पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा करवाने का निर्णय लिया गया है। गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अनिल नौटियाल ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर विवि प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। एक दो दिनों में पीएचडी में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म खोल दिए जाएंगे। पीएचडी प्रवेश परीक्षा मार्च महीने के अंतिम हफ्ते तक करवाया जाएगा।

इसके अलावा बीएड और पीजी पाठ्यक्रम के लिए भी जल्द ही आवेदन फार्म खोले जाएंगे। पीएचडी आवेदन फार्म भरने का नोटिफिकेशन जारी होते ही बीएड और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा करवाए जाने के लिए तैयारियां शुरू की जाएगी। इस बार विवि अपने स्तर पर ही एंट्रेंस टेस्ट के जरिए एडमिशन करवा रहा है। जिससे छात्रों को काफी राहत मिली है।

## जेपी नड्डा के दौरे से पहले शुरू हुई राजनीति

**देहरादून,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में सत्तारूढ़ भाजपा का अब हर कार्यक्रम चुनाव केंद्रित होने जा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इसी माह उत्तराखंड दौरे पर आ सकते हैं। उत्तराखंड में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा चुनावी सभा भी कर सकते हैं। जेपी नड्डा के दौरे पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा सरकार को चेताया है। करन माहरा ने कहा नड्डा अगर उत्तराखंड आ रहे हैं तो यह उनकी पार्टी का अपना मामला है। कांग्रेस इसका स्वागत भी करती है, मगर जिस तरह से कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के लिए परे ग्राउंड की परमिशन नहीं दी गई, तब प्रशासन ने स्मार्ट सिटी का हवाला देते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। अब नड्डा के कार्यक्रम के लिए भी ये ही नियम अपनाये जाएंगे।

■ कांग्रेस ने परेड ग्राउंड के इस्तेमाल पर चेताया

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने चेताया अब परेड ग्राउंड में यदि जेपी नड्डा का कोई कार्यक्रम होता है तो कांग्रेस इसका मुखर विरोध करेगी। उन्होंने कहा सरकार कांग्रेस और अन्य दलों के लिए अलग नियम और भाजपा के लिए अलग नियम नहीं बना सकती है। उन्होंने कहा भविष्य में भाजपा का कोई कार्यक्रम अगर परेड ग्राउंड में हुआ तो फिर कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने देहरादून के नए निकायों में टैक्स वसूली का विरोध किया। उन्होंने कहा सरकार टैक्स वसूली के नाम पर जनता के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने कहा भाजपा जब चुनाव में जाती है तो जनता से डबल इंजन की सरकार बनाने को कहती है, जब सरकार बन जाती है उसके बाद आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिए कभी बिजली की दरों में बढ़ोतरी तो कभी संपत्ति कर के नाम पर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल देती है। उन्होंने कहा प्रदेश के नवगठित नगर निकाय भी हाउस टैक्स के दायरे में आ जा रहे हैं।

## स्कूल बंद करके वादे से मुकर रही है सरकार : पवन नेहरा

गुरूग्राम, 22 फरवरी (देशबन्धु)। हरियाणा सरकार स्कूलों को मर्ज करने के नाम पर 1032 सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है। इसके साथ-साथ स्मॉल बजट के लगभग 10 हजार निजी स्कूलों को भी बंद करने की कवायद जारी है। इससे राज्य के लगभग 10 लाख बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। शिक्षाविद पवन नेहरा ने कहा है कि ऐसा करके सरकार वादाखिलाफी कर रही है और यह गरीब और मध्यम वर्गीय बच्चों के खिलाफ षड़यंत्र है।

नेहरा ने कहा है कि सरकार की इस योजना से यह साफ जाहिर है कि सरकार गरीब और मिडिल क्लास के बच्चों को अनपढ़ ही रखना चाहती है। ताकि वे जिंदगी में कभी ऊपर न उठ सकें।

गौरतलब है कि हरियाणा सरकार 292 सरकारी स्कूलों को पहले ही बंद कर चुकी है। इसकी वजह बताई जा रही है कि इनमें 25 से कम बच्चे हैं। सवाल यह उठता है कि ऐसे सरकारी स्कूलों में इतने कम बच्चे क्यों हैं।



इसका कारण स्कूलों में सुविधाओं का ना होना, टीचर्स का ना होना या टीचर्स के होने के बावजूद भी शिक्षा पर ध्यान ना देना है।

अब जब ये स्कूल बंद हो रहे हैं तो गरीब जनता के बच्चों की शिक्षा के लिए एकमात्र विकल्प स्मॉल बजट निजी स्कूल बचते हैं। ये गरीब के छोटे मिडिल क्लास फैमिली के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करते हैं। पर सरकार इनको जमीन के नाम पर व इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर पिछले 10 सालों से परेशान कर रही है। आज स्थिति यह है की सभी स्मॉल बजट स्कूलों को सुविधा न होने के नाम पर बंद कर रही है। ये वही सभी स्कूल है जो पिछले काफी लंबे समय से भारत के भविष्य को बनाने का काम करते रहे हैं।

पवन नेहरा के मुताबिक नियमों के नाम पर इन स्कूलों से एक मोटी रकम सिक्योरिटी के तौर पर मांगी गई थी। जिन स्कूलों ने वह मोटी रकम सिक्योरिटी के तौर पर जमा करवा दी, हरियाणा सरकार अपने वादे के अनुसार उन्हें 2 साल की छूट देने वाली थी। लेकिन सरकार फिर अपने वादे से मुकर गई और उन्हें एक साल की छूट भी नहीं दी गई। जबकि जो स्कूल ये ?200000 की मोटी रकम हरियाणा सरकार की ट्रेजरी में जमा नहीं कर पाए उनको बंद करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

पवन नेहरा के अनुसार अगर ये स्कूल बंद हो गए तो हरियाणा सरकार के पास ना तो इन बच्चों को बिठाने के लिए इतना इंफ्रास्ट्रक्चर है ना ही इन बच्चों की शिक्षा को पूर्ण करने के लिए शिक्षकों का प्रबंध है। इसलिए इन बच्चों का भविष्य अधर में लटका है। बहुत सारे स्कूल संगठन सरकार से बात करने की कोशिश कर रहे हैं मगर हरियाणा सरकार आश्वासन देकर फिर अपने वादों से मुकर रही है। पवन नेहरा ने अपील की है कि सरकार इस मामले में संवेदनशीलता दिखाए और प्रदेश के बच्चों का भविष्य सुनिश्चित करे।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लॉन्च किए चार परिवर्तनकारी पोर्टल

शिमला, 22 फरवरी (देशबन्धु)। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने चार परिवर्तनकारी पोर्टल लॉन्च किए। इस पहल का उद्देश्य समाचार पत्र प्रकाशकों और टीवी चैनलों के लिए अधिक अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देकर व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करना, सरकारी संचार में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना, प्रामाणिक सरकारी वीडियो तक आसान पहुंच प्रदान करना और स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) का एक व्यापक डेटाबेस बनाना है. इसके साथ सरकार को भविष्य में केबल टेलीविजन क्षेत्र में नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में सक्षम बनाना है।

इन पोर्टल सेवा में पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों के पंजीकरण में एक आदर्श बदलाव लाने के लिए प्रेस सेवा पोर्टल, पारदर्शी एम्पैनलमेंट प्रेस योजना और ई-बिलिंग प्रणाली, सरकारी वीडियो के लिए एकीकृत हब और एलसीओ के लिए राष्ट्रीय रजिस्टर




शामिल है।

इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में देखा जाता है, जहां वैश्विक कंपनियां व्यवसाय स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं. उन्होंने परिवर्तनकारी शासन और आर्थिक सुधारों पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का जिक्र करते हुए कहा कि इससे भारत में व्यापार करने में आसानी में काफी सुधार हुआ है. उन्होंने कहा कि इससे मौजूदा व्यवसायों और नए उद्यमियों दोनों से निवेश में वृद्धि हुई है। विशेष रूप से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र फला-फूला है, जिसमें स्टार्टअप और यूनिकॉर्न की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

व्यापार करने में आसानी में सुधार की दिशा में सरकार की उपलब्धियों की मान्यता के बारे में विस्तार से बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन्हें विश्व स्तर पर मान्यता मिली है, जैसा कि विश्व बैंक के व्यापार करने में आसानी

■ ऑनलाइन समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया हुई सरल, 'प्रेस सेवा पोर्टल' का शुभारंभ

सूचकांक और लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक जैसे अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों में इसकी बेहतर रैंकिंग से पता चलता है. उन्होंने आगे कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) जैसे प्लेटफार्मों की सफलता एमएसएमई और छोटे व्यवसायों के लिए समान अवसर बनाने के सरकार के प्रयासों को दर्शाती है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने न केवल आर्थिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया है बल्कि मानसिकता परिवर्तन को बढ़ावा देने, उद्यमियों को राष्ट्रीय विकास में भागीदार के रूप में मान्यता देने पर भी ध्यान केंद्रित किया है. इस दृष्टिकोण से धन सृजन, नौकरी के अवसर और उच्च आय में वृद्धि हुई है, जिससे देश के समग्र कल्याण और विकास को लाभ हुआ है।

## मुठभेड़ के बाद मासूम की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के चमगादड़ टापू पर 8 दिसंबर को एक 6 साल के मासूम बच्चे की निर्मम हत्या को अंजाम देने के आरोपी की देर रात चमगादड़ टापू पर पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। जिसमें पैर में गोली लगने के कारण आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ है मुठभेड़ में एक पुलिस दरोगा भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर आला अधिकारी पहुंचे. घायल आरोपी और दरोगा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया हरिद्वार के रोड़ी बेल वाला क्षेत्र में बस्ती के चमगादड़ टापू में दिसंबर 8 दिसंबर को ई रिक्शा चालक राजेश के 6 वर्षीय बेटे अजीत की हत्या कर दी गई थी। पुलिस और सीआईयू की टीम में आरोपी की तलाश लगातार जुटी हुई थी। बुधवार रात चमगादड़ टापू के पास आरोपी के घूमने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। जिसके बाद पुलिस और सीआईयू की टीम मौके पर पहुंची। तब आरोपी ने पुलिस को देखते ही तमंचे से फायर झोंक दिया। जिसके बाद पुलिस दरोगा पवन डिमरी के हाथ में गोली लग गई। इधर से पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। इसके बाद मौके पर ही पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। सूचना मिलते ही अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। घायल दरोगा और बदमाश को भी जिला अस्पताल में ले जाया गया।

# प्रादेशिकी

## अग्निवीर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नौ मार्च को

**लखनऊ,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। यूनिट हेडक्वार्टर कोटा के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन और अग्निवीर क्लर्क (कार्यालय सहायक) श्रेणियों के लिए दिसंबर 2023 में भर्ती रैली आयोजित की गई थी। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि जो अभ्यार्थी उक्त भर्ती रैली में उपस्थित हुए थे और शारीरिक और चिकित्सकीय रूप से फिट पाए गए थे उनका सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) 10 मार्च 2024 को जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा में शामिल होने से संबंधित अपना एडमिट कार्ड प्राप्त करने के लिए सम्बंधित अभ्यर्थियों को जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली (जाट गेट) में नौ मार्च को सुबह नौ बजे उपस्थित होना होगा।

# बोर्ड परीक्षाएं पहले दिन शांतिपूर्ण हुई सम्पन्न

**मेरठ/मवाना,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद के 102 परीक्षा केंद्रों पर गुरुवार से हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। हाईस्कूल में पहला पेपर हिन्दी और इंटरमीडिएट में सैन्य विज्ञान का पेपर

- **परीक्षा केंद्रों के आस-पास पुलिस बल की रही तैनाती**
- **हिन्दी और इंटरमीडिएट में सैन्य विज्ञान का था पहला पेपर**
- **9 मार्च तक चलेंगी बोर्ड की परीक्षाएं**

शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। पहला पेपर शांतिपूर्ण निपटने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली। बोर्ड की परीक्षाएं 9 मार्च तक चलेंगी। कमांड कंट्रोल सेंटर से परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। मेरठ में 81,895 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। मेरठ में हाईस्कूल में 41,830 परीक्षार्थी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 40,065 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

मवाना नगर के सभी इंटर कालेज में गुरुवार से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई है। यूपी बोर्ड कक्षा दसवीं के लिए पहली शिफ्ट में हिंदी एवं दूसरी शिफ्ट में कॉमर्स विषय का पेपर हुआ। 12वीं कक्षा की पहली शिफ्ट में मिलिट्री साइंस एवं दूसरी शिफ्ट में हिंदी/नरल हिंदी विषय का पेपर की परीक्षा सम्पन्न हुई।



एएस इंटर कालेज मवाना में हाई स्कूल प्रथम पाली में हिंदी की परीक्षा में 71 छात्रों तथा 16 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी तथा दूसरी पाली में हिंदी की परीक्षा में इंटरमीडिएट में 21 छात्रों तथा 14 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। हाई स्कूल की द्वितीय पाली की वाणिज्य की 7 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। ए एस इंटर कॉलेज मवाना मेरठ में उत्तर प्रदेश माध्यमिक परिषद बोर्ड की परीक्षा में हिंदी की परीक्षा में 728 छात्र-छात्राओं में से 360 छात्र तथा 368 छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें से 71 छात्रों तथा 16 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी जिन छात्राओं ने परीक्षा दी। केन्द्र व्यवस्थापक ने बताया कि प्रश्न पत्र सामान्य था, कोई सवाल घुमा फिराकर नहीं आया। दूसरी पाली में हिंदी तथा सामान्य हिंदी में 714 छात्र छात्राएं पंजीकृत थे जिनमें से 21 छात्रों तथा 14 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह से कृषक इंटर कालेज मवाना में सुबह हाई स्कूल प्रथम पाली में हिंदी की परीक्षा में 717 में से 682 ने परीक्षा दी, जबकि 35 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। इसी तरह से दोपहर बाद की पाली में हाई स्कूल की दोनों परीक्षार्थी उपस्थित रही, जबकि इंटर की हिन्दी विषय की परीक्षा में 759 में से 716 ने परीथा दी और 43 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह जानकारी कालेज के परीक्षा इंचार्ज विनोद कुमार ने दी। इसी तरह से नवजीवन किसान इंटर कालेज मवाना में पहली पाली में हाई स्कूल की परीक्षा में 510 में से 473 ने परीक्षा दी, जबकि 37 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। दूसरी पाली में कामर्स की परीक्षा में 46 में से 45 ने परीक्षा दी। केवल एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। इंटरमीडिएट की परीक्षा में 442 में से 402 ने परीक्षा दी और 40 गैर हाजिर रहे।

### कक्ष से बाहर आकर परीक्षार्थी रो पड़ी

एएस इंटर कालेज मवाना की पहली पारी में हिन्दी विषय की परीक्षा देकर बाहर निकली छात्रा ने अपनी शिक्षिका को पेपर के बारे में बताया। कहा कि वह पूरा पेपर हल नहीं कर सकी। कुछ पेपर बाकी रह गया। समय होने पर उससे कापी छीन ली गई। शिक्षिका को बताते हुए वह छात्रा रो पड़ी। उसके साथ अन्य उसकी साथी छात्राओं ने उसे समझाया। काफी देर तक वह छात्रा सुबकती रही।

### परीक्षा केन्द्रों के आसपास बंद नहीं हुई फोटो स्टेट की दुकान

मवाना में परीक्षा केन्द्रों के पास फोटो स्टेट की दुकानें खुली रही, जबकि शासन के आदेश है कि परीक्षा केन्द्रों से दो सौ मीटर तक फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेगी। इस मामले की शिकायत एसडीएम से की गई। एसडीएम अखिलेश यादव ने बताया कि उन्हें ऐसी शिकायत मिली तो उन्होंने पुलिस को आदेश कर दिये थे कि तत्काल फोटो स्टेट की दुकानें बंद करा दी जाये। ऐसा नहीं हुआ तो फोटो स्टेट की दुकानों से मशीन हटवा दी जायेगी।

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई पहले दिन की परीक्षा

**लखनऊ,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को प्रदेश में निर्धारित कुल 8265 परीक्षा केंद्रों पर वायस रिकार्डरयुक्त सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सकुशल प्रारम्भ हुई। इसके साथ ही जेल में निरूद्ध बंदी परीक्षार्थियों के लिए स्थापित 08 जेल केंद्रों में भी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। नकलविहीन और शुचितापूर्ण परीक्षाओं के अयोजन को को लेकर योगी सरकर द्वारा कड़े प्रबंध किए गए।

**8265 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा**

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी एवं इण्टरमीडिएट की सैन्य विज्ञान तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल की वाणिज्य एवं इण्टरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिन्दी की परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत रहे 29.43,786 परीक्षार्थियों में से 2,03,299 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत रहे 24,67,715 परीक्षार्थियों में से 1,30,242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनो पालियों की परीक्षा में कुल 3,33,541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल की परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करते हुये 5 परीक्षार्थी पकड़े गये जिसमें 4 बालक एवं 1 बालिका परीक्षार्थी है। प्रथम पाली की परीक्षा में पकड़े गए कुल 7 छद्म परीक्षार्थियों के विरूद्ध एवं 1 केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मंडलों, जनपदों से प्राप्त सूचनानुसार परीक्षा के दौरान किसी भी जनपद में कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई तथा परीक्षा निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुई।

उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम एवं परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन सघन मॉनीटरिंग इस वर्ष पहली बार माध्यमिक शिक्षा परिषद, मुख्यालय प्रयागराज एवं परिषद के सभी पांचों क्षेत्रीय कार्यालयों में कमांड एण्ड कन्ट्रोल रूम स्थापित करके कराई गई। इस वर्ष प्रथम बार लखनऊ में विद्या समीक्षा केंद्र भवन में भी कमांड एंड कन्ट्रोल रूम स्थापित कर परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग कराई गई।

## सार संक्षेप

### अधिवक्ता, बीमार बाप व मां की हत्या कर फरार

**फर्रुखाबाद।** अधिवक्ता बीमार पिता व मां की हत्या कर फरार हो गया। थाना कादरी गेट के मोहल्ला बालाजीपुरम कोठा निवासी 70 वर्षीय बीमार राजमिस्त्री ओमप्रकाश पाल 50 वर्षीय पत्नी बबली के साथ रहते थे। कैंसर पीड़ित ओम प्रकाश एक माह पूर्व ही दिल्ली से घर आए थे। बीती रात करीब ढाई बजे बेटे मनोज पाल एडवोकेट ने सोते समय ईट से कुचलकर मां-बाप को मार डाला। शातिर मनोज ने रात करीब 3 बजे पत्नी नमृता से कहा कि तुम्हारे पिता बीमार है चलो उन्हें देखना चलते हैं। मनोज रात में बस द्वारा रवाना हुआ मनोज की ससुराल कोतवाली गुरसहायगंज के ग्राम रेहुआ में है। गांव का रास्ता निकल जाने के बाद पत्नी नमृता ने मनोज से कहा कि घर तो निकल गया है। तब मनोज ने पत्नी को बताया कि मैने बाप व मां को मार डाला है मैं भाग रहा हूं तुम भी कहीं चली जाओ।

### फोन ना उठाए जाने से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाई

**फर्रुखाबाद।** फोन न उठाए जाने से क्षुब्द जन सेवा केंद्र संचालक अरुन कुमार जाटव ने फांसी लगाकर जान दे दी। अरुन कोतवाली कायमगंज के ग्राम मुबारक नगर निवासी अनिल कुमार का 25 वर्षीय पुत्र था। अरुन गांव के बाहर सम्राट जन सेवा केंद्र चलाता था। पड़ोस में ही थाना मेरापुर के ग्राम स्यानी निवासी झोलाछाप डॉक्टर विनीत कुमार का क्लीनिक है। अरुण कुमार के भाई अजय ने मीडिया को बताया की विनीत के पिता विश्राम सिंह ने अरुन की नौकरी लगवाने के लिए 3.80 लाख रुपए लिए थे। नौकरी न लगने पर अरुन ने रुपए वापस करने के लिए कई फोन किये लेकिन विश्राम ने फोन नहीं उठाया। गुस्साए अरुन ने आज विश्राम सिंह को दर्जनों बार फोन लगाया फोन न उठने से गुस्साये अरुन ने छत के पंखे में रस्सी बांधकर फांसी पर लटक गया।

### यूपी में आठ साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म, मां गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने आठ वर्षीय लड़की की मां को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके साथ लखनऊ के बाहरी इलाके मलिहाबाद में एक मौलवी और उसके भाई ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि पीड़िता की मां आरोपी के साथ रिश्ते में थी और उसे अपनी बेटी के साथ हुए अपराध के बारे में पता था। मौलवी आबेदीन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि उसका भाई फरार है। पीड़िता के पिता ने मलिहाबाद पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बेटी के साथ मदरसे में पढ़ाने वाले दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। आरोपी व्यक्तियों की पहचान मोहम्मद आबेदीन और उसके भाई मोहम्मद अरशद के रूप में की गई है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 डी (सामूहिक दुष्कर्म) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक?सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की। आबेदीन और पीड़िता की मां को आईपीसी की धारा 34 (सामान्य इरादा) के तहत गिरफ्तार किया गया है, जबकि अरशद फिलहाल फरार है। पीड़िता के पिता, जो खाड़ी देश में काम करते हैं और आठ महीने से बाहर थे, को घर लौटने पर घटना के बारे में पता चला और उन्होंने तुरंत पुलिस से संपर्क किया।



**आवास विकास के निर्माण खंड मेरठ-3 की टीम द्वारा भूखण्ड संख्या एल-1655 योजना संख्या-3, शास्त्री नगर के अनाधिकृत निर्माण पर सील लगाते कर्मचारी व अधिकारी। टीम में प्रशासनिक अधिकारी परवीन रावत, अधिशासी अभियंता वीरेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता संदीप कुमार, इंद्रजीत सिंह, अवर अभियंता खुशहाली गिरी व शिवकुमार तोमर समेत टीम के सभी सदस्य शामिल थे।**

## प्रदीप सिंह बब्बू सपा के प्रदेश सचिव बनाए गए

**लखनऊ,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह बब्बू को समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। बब्बू इसके पूर्व भी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव और पार्टी के प्रवक्ता रह चुके हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से निकले हुए प्रदीप सिंह बब्बू लखनऊ के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं।वह क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के संयोजक भी हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा है कि प्रदीप सिंह बब्बू के संगठन में रहने से संगठन को ताकत मिलेगी।



# गोरखनाथ मंदिर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री, किया दर्शन-पूजन

**लखनऊ/ गोरखपुर,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। गुरुवार को पहली बार गोरखपुर आईं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर गुरु गोरखनाथ जी के दर्शन पूजन किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें मंदिर परिसर का भ्रमण कराया। आयकर विभाग के भवन लोकार्पण समारोह में शामिल होने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर पहुंचीं। यहां मुख्यमंत्री उन्हें गुरु गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में ले गए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने विद्वान आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच शिवावतार भगवान गोरखनाथ का दर्शन और विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने उन्हें मंदिर परिसर का भ्रमण कराया।



परिसर भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को अपने बैठक कक्ष में नाथपंथ, गोरखनाथ मंदिर के इतिहास, गुरु परंपरा और अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक कक्ष में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने गोरखनाथ मंदिर का परंपरागत मट्ठा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का प्रसाद भी प्रदान किया।

# कान्हा गौशाला के निर्माण कार्यों में देरी पर नाराजगी जताई



- **दो माह से अधिक समय से हो रहा है निर्माण कार्य**

**मवाना,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने गुरुवार को नगर में निर्माणाधीन कान्हा गौशाला के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य में देरी होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदार को निर्माण कार्य में तेजी लाने के आदेश दिये। दो माह से अधिक समय से कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य शुरू हो गया था।

मवाना में आधुनिक सुविधाओं से युक्त कान्हा गौशाला बनाई जा रही है। इसके निर्माण के लिए पालिका प्रशासन 2.04 करोड़ रुपये खर्च करेगी। मवाना नगर व देहात क्षेत्र में बड़ी संख्या में गोवंशी शहर व गांव-देहात में सड़कों पर घूम रहे हैं। अब मवाना शहर की सड़कों-बाजारों में घूमने वाले बेसहारा मवेशियों को इसी गौशाला में रखा जायेगा। कान्हा गोशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अंतर्गत मवाना में एक मात्र आधुनिक गोशाला बन रही है। सरकारी रिकार्ड में खसरा नम्बर 2227 में 4510 मीटर (करीब सात बीघा) सरकारी भूमि पर निर्माण कार्य हो रहा है। उधर गौवंशों के गोबर का इस्तेमाल बायोगैस बनाने में काम आएगा। इसके लिए बायोगैस प्लांट भी गोशाला के अंदर लगाया जाएगा।

पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने बताया कि कान्हा गौशाला की भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य में गार्ड रूम, डाक्टर रूम, शौचालय आदि कार्य को देखा गया व सम्बन्धित ठेकेदार को पूर्ण गुणवत्ता व समय से कार्य पूर्ण करने के आदेश दिये। उनके साथ अवर अभियन्ता मूलचन्द, वर्क सुपरवाईजर साजिद व सम्बन्धित ठेकेदार मौजूद रहे।

# आयुक्त ने की विकास कार्यों की मासिक मंडलीय समीक्षा

**मेरठ,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे0 द्वारा वर्चुअल माध्यम से गत बैठक से वर्तमान तक जारी शासनादेश एवं उनकी प्रगति, मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागो की योजनाध्परियोजनाओ की मंडलीय समीक्षा, रू0 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना, मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाएं तथा आईसीडीएस से संबंधित 06 बिन्दुओ की विस्तृत रूप से बिन्दुवार मंडल के समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। आयुक्त ने विभिन्न विभागो की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि जिन विभागो की रैंकिंग ठीक नहीं है जनपद स्तर पर तत्काल उचित कदम उठाते हुये सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही करें तथा विभिन्न योजनाओ में जिस भी स्तर पर समस्याएं है उसके संबंध में संबंधित जनपद के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के साथ बैठक कर समस्याओ का निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होने समस्त जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारियो को



- **योजनाओं में रैंक सुधार हेतु की जाए आवश्यक कार्यवाही : आयुक्त**

निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभागों की रैंकिंग ए, ए प्लस होनी चाहिए इससे नीचे रैंकिंग में सुधार के लिए हर संभव कदम उठाये जाये। उन्होने कहा कि पीएम आवास योजना ग्रामीण में जो भी किस्त लंबित है निर्गत कराने की कार्यवाही, बीसी सखी की ट्रेनिंग एवं एक्टिव बीसी सखी का चिन्हांकन करते हुये आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि दुग्ध विकास, पंचायती राज, पर्यटन, वन विभाग, जल जीवन मिशन, प्राथमिक शिक्षा ऑपरेशन कायाकल्प, प्रोजेक्ट अलंकार, समाज कल्याण के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पारिवारिक लाभ योजना, कौशल विकास, मत्स्य पालन तथा पशुपालन विभाग के अंतर्गत टीकाकरण, निराश्रित गौवंश सुपुर्दगी आदि जनकल्याणकारी योजनाओ पर विशेष रूप से फोकस करते हुये लक्ष्य अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में लोक निर्माण, भवन निर्माण, सेतु निगम, निर्माण खंड, ओडीओपी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, एनआरएलएम, ऊर्जा विभाग इत्यादि की समग्र रूप से समीक्षा करते हुये प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मंडल के समस्त संबंधित अधिकारीगण वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन

**मेरठ,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। अपराधिक विधि में संशोधनों के लिए अधिनियमित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के उद्देश्य, उनके प्रावधानों के प्रभावों की व्याख्या पर चर्चा के लिए गुरूवार को स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज, शोभित सम विश्वविद्यालय में एक दिवसीय संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभाग के लिए मेरठ, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, बुलन्दशहर, सहारनपुर तथा हापुड मे कार्यरत 151 पुलिस निरीक्षकगण व उपनिरीक्षकगण नामित किए गए थे जिनमे से 121 अधिकारीगण द्वारा सहभागिता की गई। कार्यशाला को डी के ठाकुर, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, प्रभारी कुलपति प्रो. (डॉ) जयानंद, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार गोयल, तथा सहायक प्रोफेसर डॉ कुलदीप कुमार, डॉ प्रताप दास, डा पल्लवी जैन, डा सीमा मोदी तथा शुभम शर्मा ने सम्बोधित किया।



कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डी के ठाकुर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि शोभित विश्वविद्यालय की यह पहल काबिले तारीफ है जिस प्रकार शोभित विश्वविद्यालय ने प्राथमिकता करते हुए कानून में हुए बदलावों को हमारे पुलिस अधिकारियों तक पहुंचने में जो बड़ा महत्वपूर्ण योगदान दिया है वह बहुत सराहनीय है। जिस प्रकार एक ही छत के नीचे सभी हमारे पुलिस अधिकारी एवं विश्वविद्यालय के छात्र एक साथ बैठकर ज्ञान अर्जन कर रहे हैं यह देख कर अच्छा लगता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार कानून में संशोधन हो रहे हैं और हमारे पुलिस अधिकारी इन संशोधनों को जानने की जिज्ञासा रख रहे हैं और जल्द से जल्द उनको समझाना चाहते हैं यह सराहनीय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने सभी पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा पहला उद्देश्य ज्ञान का सर्जन होना चाहिए उन्होंने कहा कि क्रिएशन आफ नॉलेज होना अनिवार्य है और क्रिएशन आफ नॉलेज तब होगी जब आप सभी अधिकारीगण हमारे बच्चों के साथ अपने एक्सपीरियंस साझा करेंगे। उन्होंने एडीजे साहब से आग्रह किया है कि भविष्य में जब इस तरह की कार्यशालाएं दोबारा हो तो उसमें महिला अधिकारियों की हिस्सेदारी ज्यादा होनी चाहिए।

इस कार्यशाला का एकमात्र उद्देश्य पुलिस कर्मियों को नए अधिनियमित कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के बारे में तुलनात्मक जानकारी देना था ताकि उक्त विधानों के लागू होने पर हम स्वयं को तैयार पायें और उक्त कानूनों को उनके उददेश्य के अनुरूप सक्षमता से लागू कर जनता को उनका संरक्षण प्रदान कर न्याय पाने की अभिलाषा पूर्ण करने में सहायक हो सके। लेफ्टिनेंट डॉ. कुलदीप कुमार तथा छात्र स्वयंसेवकों के सहयोग से विभिन्न जिलों के 121 पुलिस कर्मियों की भागीदारी के साथ यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों को सर्टिफिकेट डी के ठाकुर, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं इमरान हाशमी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है वह डॉन 3 में काम नहीं कर रहे हैं। बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर डॉन फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म डॉन 3 बना रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका होगी। चर्चा हो रही थी कि 'डॉन 3' में इमरान हाशमी विलेन का रोल निभाते दिखाई देंगे। इमरान हाशमी ने सोशल मीडिया पर साफ कर दिया है कि उन्हें इस फिल्म के लिए कभी ऑफर नहीं आया। इमरान हाशमी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट में लिखा,फैंस और जर्नलिस्ट्स के लिए, जो पूछ रहे थे थे, मैं कभी डॉन 3 का हिस्सा नहीं था। मुझे फिल्म का कभी ऑफर नहीं आया। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है।

## 'शोटाइम' की शूटिंग के दौरान मेरी बेटी का हाथ जल गया था : श्रिया सरन

**मुंबई,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। शो 'शोटाइम' में किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस श्रिया सरन ने शूटिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि सीरीज की शूटिंग के दौरान उनकी बेटी राधा का हाथ जल गया था। 'दृश्यम' में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस श्रिया सरन ने बताया कि जब हम इस शो की शूटिंग कर रहे थे तो यह मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत कठिन समय था, क्योंकि मेरी बेटी का हाथ जल गया था, लेकिन किसी तरह सेट पर वापस आने से मुझे शांति मिली, क्योंकि मैं बहुत परेशान थी। उन्होंने कहा कि शो भी बहुत दिलचस्प है। इसमें बहुत कुछ चल रहा है। श्रिया ने मार्च 2018 में अपने रूसी बॉयफ्रेंड आंद्रेई कोसचीव से शादी की। उनकी बेटी का जन्म जनवरी 2021 में हुआ। 'शोटाइम' में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना, मौनी रॉय, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सुमित रॉय द्वारा निर्मित यह शो 8 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।



### शोधकर्ताओं ने की मानव सांस सेंसर विकसित

## सांस से अल्कोहल, अस्थमा व मधुमेह का लगेगा पता

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय अध्ययनकर्ता ने पहला मेक इन इंडिया मानव सांस सेंसर विकसित किया है। इस डिवाइस का प्राथमिक कार्य शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामलों में सांस में अल्कोहल की मात्रा को मापना है। हालांकि सेंसिंग परतों में कुछ बदलाव से यह डिवाइस अस्थमा, मधुमेह केटोएसिडोसिस, पल्मोनरी रोग, स्लीप एपनिया और कार्डियक अरेस्ट जैसी बीमारियों के लक्षण वर्णन के लिए भी बहुत उपयोगी हो सकता है। इससे व्यक्ति की सांस में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की निगरानी की जाती है। यह रिसर्च आईआईटी जोधपुर के शोधकर्ताओं ने की है। उनकी यह डिवाइस कमरे के तापमान पर काम करने वाले मेटल ऑक्साइड और नैनो सिलिकॉन पर आधारित है। आईआईटी का कहना है कि मानव स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण पर वायु प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभाव के बारे में बढ़ती चिंताओं को देखते हुए, एक त्वरित, किफायती, चीरफाड़हीन स्वास्थ्य निगरानी उपकरण के विकास की अधिक आवश्यकता थी।



- शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामलों में सांस में अल्कोहल की मात्रा मापेगी डिवाइस
- सेंसर, ईंधन सेल तकनीक पर आधारित

मौजूदा सेंसर, ईंधन सेल-आधारित तकनीक पर आधारित हैं। इसलिए इसने शोधकर्ताओं को इस दिशा में काम करने और एक श्वास वीओसी सेंसर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इसकी लागत मौजूदा ईंधन सेल प्रौद्योगिकी-आधारित डिवाइस से कम है।

इसी तरह, टीम ने आंशिक रूप से कम ग्राफीन ऑक्साइड पर आधारित एक श्वास निगरानी सेंसर विकसित किया है। यह शोध पीएचडी छात्र निखिल वडेरा द्वारा की गई है। इसे आईईई सेंसर्स लेटर्स में प्रकाशित किया गया है। इसी तरह की इलेक्ट्रॉनिक नाक का उपयोग श्वास बायोमार्कर (जैव मार्कर) का पता लगाने और माप के लिए किया जा सकता है।

वीओसी कार्बनिक रसायनों का एक विविध समूह है, जो हवा में वाष्पित हो सकता है और आमतौर पर विभिन्न उत्पादों और वातावरणों में पाए जाते हैं। वर्तमान श्वास विश्लेषक या तो भारी हैं, या लंबे समय तक तैयारी के समय एवं हीटर की आवश्यकता होती है। इससे डिवाइस की बिजली खपत बढ़ जाती है और लंबा इंतजार करना पड़ता है। नया विकसित सेंसर कमरे के तापमान पर काम करता है और प्लग एंड प्ले की तरह है। सेंसर नमूने अल्कोहल के साथ प्रतिक्रिया करते हैं और प्रतिरोध में बदलाव दर्शाते हैं।

यह परिवर्तन नमूने में अल्कोहल की सांद्रता के समानुपाती होता है। इसके अलावा, इस सेंसर सारणी से एकत्र किए गए आंकड़ों को सांस के विभिन्न घटकों के पैटर्न की पहचान करने और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के मिश्रण से अल्कोहल को अलग करने के लिए मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करके संसाधित किया जाता है।

अनुसंधान को जैव प्रौद्योगिकी इग्निशन अनुदान योजना जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद, विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित किया गया था। शोध के भविष्य के दायरे के बारे में बात करते हुए, डॉ. साक्षी धानेकर ने कहा कि इस दिशा में निरंतर अनुसंधान और विकास से स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण से लेकर पहनने योग्य प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोगों तक विभिन्न क्षेत्रों में सांस निदान के व्यावहारिक कार्यान्वयन को बढ़ावा मिल सकता है। सेंसर के आउटपुट को रास्पबेरी पाई से जोड़ा जा सकता है और आंकडों को चिकित्सक के पास भी फोन द्वारा भेजा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि हमारा स्टार्ट अप 'सेंसकृति टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' समाज के लाभ के लिए इनोवेशन करता है। टीम अनुसंधान में चुनौती को एक अवसर के रूप में देखती है और रचनात्मकता, दृढ़ता और असाधारण टीम वर्क, इन तीन साधनों का उपयोग करके इसे हल करती है।

## मेटा ने भारत में लॉन्च किया इंस्टाग्राम का क्रिएटर मार्केटप्लेस

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने गुरुवार को कहा कि वह इंस्टाग्राम के क्रिएटर मार्केटप्लेस का भारत सहित आठ नए बाजारों में विस्तार कर रहा है, ताकि अधिक ब्रांडों और क्रिएटर्स को साझेदारी पर एक साथ काम करने में मदद मिल सके। क्रिएटर मार्केटप्लेस ब्रांडों और क्रिएटर्स के लिए साझेदारी के अवसरों से जुड़ने और सहयोग करने का एक उपकरण है। टेक दिग्गज ने 2022 में अमेरिका में क्रिएटर मार्केटप्लेस का परीक्षण शुरू किया था।




मेटा ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि अगले कुछ सप्ताह में, हम इंस्टाग्राम के क्रिएटर मार्केटप्लेस में शामिल होने के लिए कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, जापान, भारत और ब्राजील में स्थित क्रिएटर्स और ब्रांडों को आमंत्रित करने की योजना बना रहे हैं। चीनी निर्यात ब्रांडों को भी दूसरे देशों के ऑनबोर्ड क्रिएटर्स के साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

इसके अलावा, मेटा ने नई मशीन लर्निंग-आधारित अनुशंसाओं का परीक्षण भी शुरू कर दिया है जो ब्रांडों को ऐसे रचनाकारों को खोजने में मदद करने के लिए इंस्टाग्राम डेटा का उपयोग करते हैं जो उनके अभियानों के लिए सबसे उपयुक्त हैं। योग्य ब्रांड आने वाले महीनों में मेटा बिजनेस सूट में इंस्टाग्राम के क्रिएटर मार्केटप्लेस पर इन सिफारिशों तक पहुंच सकते हैं।

मेटा ने कहा कि इंस्टाग्राम का क्रिएटर मार्केटप्लेस ब्रांडों को किसी भी तरह के सहयोग के लिए प्रासंगिक क्रिएटर्स को आसानी से ढूंढने में मदद कर सकता है। साथ ही यह सबसे शक्तिशाली साझेदारी विज्ञापनों में से एक है। इस बीच, मेटा ने कहा है कि वह इंस्टाग्राम और थ्रेड्स पर डिफ़ॉल्ट रूप से यूजरों को राजनीतिक कंटेंट का सुझाव नहीं देगा। इंस्टाग्राम के बॉस एडम मोसेरी ने थ्रेड्स पोस्ट में बदलाव की घोषणा की और कहा कि यूजर अभी भी उन खातों से राजनीतिक कंटेंट देखेंगे जिन्हें वे फ़ॉलो करते हैं, लेकिन ऐप्स अब ऐसे पोस्ट को 'सक्रिय रूप से बढ़ा-चढ़ाकर' नहीं दिखाएंगे।

## वैश्विक मंच पर ब्रॉडवे शैली में रामायण की कहानी कहेंगे पुनीत इस्सर

**मुंबई,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। बी.आर. चोपड़ा की टेलीविजन धारावाहिक 'महाभारत' में दुर्योधन की भूमिका निभाने के लिए मशहूर पुनीत इस्सर ब्रॉडवे शैली में पौराणिक महाकाव्य 'रामायण' की कहानी बताने के लिए तैयार हैं। 'जय श्री राम - रामायण' नामक शो का पूरे भारत में सफल प्रदर्शन के बाद अमेरिका और कनाडा में प्रीमियर किया जाएगा। पुनीत इस्सर और सिद्धांत इस्सर द्वारा निर्मित, लिखित और निर्देशित यह शो महाकाव्य की एक मनोरम प्रस्तुति पेश करता है और इसके मुख्य अंशों को काव्यात्मक प्रारूप में प्रस्तुत करता है।




नाटक की अवधि 15 मिनट के अंतराल सहित 2 घंटे 45 मिनट है। इस संगीतमय ब्रॉडवे शैली के नाटकीय शो में 13 मूल साउंड ट्रैक और एक लाइव बैकग्राउंड स्कोर है। पुनीत इस्सर ने म्यूजिकल शो के बारे में कहा कि मैं अमेरिका और कनाडा के दर्शकों को इस अविस्मरणीय कथा के माध्यम से भारतीय कलात्मकता और प्रतिभा की एक झलक पेश करने वाले इस भव्य प्रीमियर को लेकर रोमांचित हूं। यह न केवल एक प्राचीन भारतीय महाकाव्य है, बल्कि यह धार्मिक विषयों से हटकर मानवीय रिश्तों और मानवता के मूल्यों को भी चित्रित करता है। उन्होंने आगे कहा कि यह शो आज की पीढ़ी के लिए जरूरी है और मैं निश्चित रूप से नई यादें बनाने के लिए उत्सुक हूं। ब्रॉडवे शैली के इस शो में रावण के रूप में पुनीत इस्सर, हनुमान के रूप में विंदू दारा सिंह, सीता के रूप में शिल्पा रायज़ादा और राम के रूप में सिद्धांत इस्सर हैं।

नाट्य प्रस्तुति अप्रैल के मध्य से मई तक डलास, कैलिफोर्निया बे एरिया, लॉस एंजिल्स, न्यू जर्सी, शिकागो, ह्यूस्टन, टोरंटो, वैंकूवर, रैले, नॉर्थ कैरोलिना, बोस्टन सहित अमेरिका और कनाडा के कई स्थानों पर मंच की शोभा बढ़ाएगी। पुनीत इस्सर ने कहा कि जय श्री राम - रामायण भारत का सबसे लंबे समय तक चलने वाला ब्रॉडवे-शैली का संगीत समारोह है और अब यह अमेरिका और कनाडा में अपनी शुरुआत कर रहा है।

## केकेसीएल ने किलर को डेनिमवियर से संपूर्ण यूथ फैशन ब्रांड में बदला

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के प्रमुख ब्राण्डेड एपरेल मैन्यूफैक्चरिंग समूह केवल किरण क्लॉदिंग लिमिटेड ने देशभर में अपने रिटेलर्स के लिये अपने फ्लैगशिप ब्राण्ड 'किलर' की पेशकश की है। यह ब्राण्ड पहले डेनिम वियर पर केन्द्रित था और अब एक आधुनिक फैशन ब्राण्ड बन गया है। एक रचनात्मक एवं दमदार डिस्प्ले में इस बदलाव को 1000 से ज्यादा उत्पादों के आगामी ऑटम विंटर'24 कलेक्शन के जरिये दिखाया गया। इनमें से लगभग 75 प्रतिशत टॉप-वियर प्रोडक्ट्स हैं, जबकि करीब 20 प्रतिशत बॉटम-वियर प्रोडक्ट्स हैं। बाकी प्रोडक्ट्स में फुटवियर, अंडरगारमेंट्स और कई तरह की एसेसरीज शामिल हैं। किलर का ऑटम-विंटर 2024 कलेक्शन आज के युवा और उत्साही लोगों के लिये फैशन के सारे समाधान देने का वादा करता है। भारत की सबसे बड़ी विनिर्माण सुविधा की क्षमताओं का इस्तेमाल करते हुए, किलर 'ऑप्टिमिज़्म' की थीम पर एपरेल की एक आकर्षक श्रृंखला का अनावरण करेगा। यह आगामी ऑटम-विंटर '24 कलेक्शन में होगा और इसे शहरी, टियर 1 तथा टियर 2 बाजारों में उपलब्ध किया जाएगा। इसके लिये 350 एक्सक्लूसिव शोरूम्स, 1800 से ज्यादा एमबीओ और 800 डिपार्टमेंटल स्टोर्स का एक बड़ा रिटेल फुटप्रिंट है। सावधानी से तैयार किये गये किलर के हर परिधान में कारीगरी और इनोवेशन के लिये अटूट समर्पण दिखता है। इसका सबूत प्रीमियम फेब्रिक्स के कठोर चयन और अत्याधुनिक डिजाइन एलीमेंट्स के शामिल होने में दिखता है। इस प्रगति पर अपनी बात रखते हुए, केवल किरन क्लॉथिंग लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक हेमंत जैन ने कहा, हालिया वर्षों में हम एक मजबूत ऑर्गेनाइजेशन के तौर पर उभरे हैं। हम भारत में फैशन के बाजार की तरक्की का पूरा फायदा उठा रहे हैं और दुनियाभर के फैशन बाजारों में पहुँचने के लिये अपनी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। आज हमारे फ्लैगशिप ब्राण्ड किलर के इवेंट को मिली शानदार प्रतिक्रिया मेरे लिये गर्व का क्षण है। हमारा ब्राण्ड भारतीय युवाओं के बीच लगातार लोकप्रिय हो रहा है। और किलर अब पूरी तरह से एक यूथ फैशन ब्राण्ड बन चुका है। फैशन के शौकीन लोग, खासकर वे जो अपनी अभिव्यक्ति पसंद करते हैं, उन्हें मेन्स डिजाइन्स की एक ऐसी श्रृंखला मिलेगी, जिसके लुक 'एजी' और 'फैशन फॉरवर्ड' होंगे।




## ज्ञान शेखर वी.एस. संकल्प रेड्डी को मिला 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड'

**मुंबई,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। मशहूर सिनेमेटोग्राफर ज्ञान शेखर वी.एस. संकल्प रेड्डी को 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' में सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। ज्ञान शेखर वी.एस. संकल्प रेड्डी को विद्युत जामवाल द्वारा अभिनीत और निर्मित फिल्म 'आईबी 71' पर उनके उत्कृष्ट काम के लिए 2024 दादा साहब फाल्के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार मिलने पर ज्ञान शेखर वी.एस. उन्होंने अपना आभार व्यक्त किया और मान्यता के लिए अपना उत्साह साझा किया। उन्होंने कहा,दादा साहेब फाल्के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफर का पुरस्कार पाकर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। 'आईबी71' पर काम करना एक संतुष्टिदायक अनुभव था, मैं पूरी टीम का आभारी हूं। यह पुरस्कार उस जुनून और समर्पण का प्रमाण है।

## गजल सम्राट तलत महमूद खान के 100वें जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। गजल सम्राट तलत महमूद खान के 100वें जन्मदिन पर मलहर संगीत कला केंद्र और आरोही एवरग्रीन ओल्ड गोल्ड मेलोडिस ग्रुप के द्वारा 23 फरवरी को फिल्मी गीतों, गजलों के कार्यक्रम का आयोजन इंडियन इस्लामिक कल्चर सेंटर लोधी रोड नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्रुप में सपोर्टिंग भूपेंद्र सिंह व उनके लो प्रिय गीत प्रस्तुत कर रहे हैं।



## माघ पूर्णिमा पर मघा नक्षत्र का होगा अनुपम संयोग

**भदोही,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय सनातन परंपरा में हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार किसी विशेष पर्व पर की गई पूजा, व्रत व उपवास से सर्व मनोकामना की पूर्ति का संयोग बनता है। इस बार माघ मास की पूर्णिमा तिथि मघा नक्षत्र होने पर विशेष फलदाई बन गई है। इस दिन गंगा स्नान दान व व्रत करना लाभकारी होता है। प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य पंडित दीनानाथ शुक्ल के मुताबिक इस बार पूर्णिमा 23 फरवरी शुक्रवार को दिन में 3:34 मिनट पर लगेगी जो 24 फरवरी शनिवार को सायं काल 6:01 तक रहेगी, मघा नक्षत्र 23 फरवरी शुक्रवार को 7:26 मिनट से 24 फरवरी शनिवार को रात 10 :21 मिनट तक रहेगा। पूर्णिमा उदया तिथि मान से 24 फरवरी शनिवार को पड़ेगी। इस दिन मघा नक्षत्र भी संपूर्ण दिन रहेगा। इस दिन व्रत कर्ता को प्रात: काल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर दैनिक कार्य से निवृत होकर अपने आराध्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना करके व्रत का उपवास करने का संकल्प लेना चाहिए।

## 59 वर्ष के हुए सूरज बड़जात्या

मुंबई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार सूरज बडज़ात्या आज 59 वर्ष के हो गए। 22 फरवरी 1965 को मुंबई में जन्में सूरज बडज़ात्या ने अपने करियर की शुरुआत बतौर निर्देशक वर्ष 1989 में प्रदर्शित फिल्म मैनें प्यार किया से की। प्रेम कथा पर बनी इस फिल्म में सलमान खान और भाग्यश्री की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 1994 में सूरज बडज़ात्या ने अपने प्रिय अभिनेता सलमान खान को लेकर हम आपके हैं कौन बनाई। इस फिल्म में सलमान के अपोजिट माधुरी दीक्षित थी। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में सलमान और माधुरी की जोड़ी काफी पसंद की गई। फिल्म ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए और ऑल टाइम ग्रेटेस्ट हिट्स में शुमार हो गई। वर्ष 1999 में सूरज बडज़ात्या ने अपनी महात्वकांक्षी फिल्म हम साथ साथ हैं का निर्देशन किया। इस फिल्म में सलमान खान, सैफ अली खान, मोहनीश बहल, तब्बू, सोनाली बेन्द्रे और करिश्मा कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर बनी यह मल्टीस्टारर फिल्म भी सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2003 में सूरज बडज़ात्या ने मैं प्रेम की दीवानी हूं का निर्देशन किया। यह फिल्म उनके दादा ताराचंद बडज़ात्या के बैनर राजश्री प्रोडक्शन के तले बनी 'चितचोर' की रिमेक थी। मैं प्रेम की दीवानी हूं, में ऋतिक रोशन, अभिषेक बच्चन और करीना कपूर ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थी, लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर बेअसर साबित हुई।



वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म विवाह सूरज बडज़ात्या के करियर की एक और हिट फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में शाहिद कपूर और अमृता राव ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थी। इस फिल्म के बाद सूरज बडज़ात्या ने फिल्म निर्देशन करना बंद कर दिया। वर्ष 2007 में सूरज बडज़ात्या ने सोनू सूद और इशा कोपीकर को लेकर एक विवाह ऐसा भी बनाई। यह फिल्म भी राजश्री बैनर तले बनी फिल्म तपस्या की रिमेक थी। हालांकि, एक विवाह ऐसा भी को तपस्या जैसी कामयाबी हासिल नहीं हो सकी। सूरज बडज़ात्या ने करीब आठ साल के बाद एक बार फिर से फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा।

सूरज बडज़ात्या सलमान खान को लेकर वर्ष 2015 में प्रदर्शित फिलम प्रेम रतन धन पायो बनाई। फिल्म में सलमान खान और सोनम कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म ने 200 करोड़ से अधिक की कमाई की है। वर्ष 2022 में सूरज बड़जात्या ने अमिताभ बच्चन, डैनी, अनुपम खेर ,परिणीति चोपड़ा जैसे सितारों को लेकर फिल्म उंचाई बनायी। सूरज बड़जात्या एक बार फिर सलमान खान को लेकर फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

### स्कूलों पर बर्फबारी का कहर

## बर्फबारी के चलते स्कूल नहीं पहुंच पा रहे छात्र व शिक्षक

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में देर सवेर हुई बर्फबारी का कहर स्कूलों पर जरूर बरपा है। यही कारण था कि कश्मीर संभाग में स्कूलों को खुले हुए एक दिन हो गया है पर कई जिलों में अभी तक बर्फबारी वाले इलाकों में छात्र और शिक्षक स्कूलों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं तो कई जिलों के पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन की चेतावनियों के चलते उन्हें फिलहाल बंद रखने का निर्देश दिया गया है। मिलने वाले समाचारों के अनुसार, सीमांत जिले कुपवाड़ा के विभिन्न इलाकों में सरकार द्वारा संचालित दर्जनों स्कूल जमा बर्फ के कारण कटे हुए हैं। शिक्षकों के एक समूह का कहना था कि इस जिले के लगभग 250 सरकारी स्कूल जोन-5 के अंतर्गत आते हैं। इन क्षेत्रों को कठिन क्षेत्र भी कहा जाता है। जबकि डोडा में मौसम विभाग द्वारा हिमस्खलन की चेतावनियों के उपरांत दुर्गम क्षेत्रों में स्कूलों को फिलहाल बंद ही रखने का निर्देश दिया गया है। एक शिक्षक का कहना था कि जिले के कठिन क्षेत्रों के अधिकांश स्कूल वर्तमान में दुर्गम हैं। विशेष रूप से मच्छेल, केरन और टंगधार सेक्टरों में ऐसे अधिकांश सरकारी स्कूलों में चारों ओर कम से कम तीन फीट बर्फ है। वे कहते थे कि मच्छेल क्षेत्र में, दो उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एक उच्च विद्यालय और छह से सात मध्य विद्यालय थे, लेकिन इनमें से अधिकांश स्कूल न्यूनतम 4 फीट बर्फ के नीचे थे। इस बीच कुपवाड़ा जिले के एक अन्य शिक्षक का कहना था कि जिले के जुमगंड क्षेत्र में एक हाई स्कूल, दो मिडिल स्कूल और तीन प्राथमिक स्कूल हैं, लेकिन इन संस्थानों के लिए सड़कें अभी तक साफ नहीं की गई हैं। वे कहते थे कि इन स्कूलों तक कोई पहुंच नहीं है क्योंकि लगभग 5-6 फीट की जमी हुई बर्फ अभी भी साफ नहीं हुई है। इसी तरह, जिले के बुडनम्बल क्षेत्र में, एक हाई स्कूल, चार मिडिल स्कूल और तीन प्राथमिक स्कूल कटे हुए हैं। अधिकारी कहते थे कि सड़क से बर्फ हटाने में कम से कम एक सप्ताह का समय लगेगा। जबकि जिले के केरन क्षेत्र में प्राथमिक, मध्य, उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों सहित लगभग 15 से 20 सरकारी स्कूल हैं और स्कूलों तक जाने वाली सड़कों पर जमा बर्फ को साफ नहीं किया गया है। हरकिन टाप, जो इन स्कूलों तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता है, अभी भी बर्फ से ढका हुआ है। इसी तरह, साधना टाप क्षेत्रों से भी कई स्कूल जमा बर्फ के कारण पहुंच से बाहर हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी कुपवाड़ा अब्दुल मजीद डार का कहना था कि जिले के कठिन क्षेत्रों में कुछ स्कूल हैं जो जमी हुई बर्फ के नीचे रहते हैं। उनका कहना था कि मुझे लगता है कि 2-3 दिनों में जिले के सभी स्कूल खुल जाएंगे। वे कहते थे कि उन शिक्षकों के मामले में जो दुर्गम सड़कों के कारण आज स्कूल नहीं जा सके, उन्होंने पास के क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारियों (जेडईओ) और क्लस्टर कार्यालयों को सूचना दी।



**डोडा में हिमस्खलन की चेतावनियों के चलते अभी बंद रहेगें**

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 3.12 प्रतिशत |
| आईटीसी | 2.73 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 2.44 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.32 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 1.87 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.28 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.11 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 0.75 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.73 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



नई दिल्ली 22 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्री स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## इंडस ऐपस्टोर वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोर देकर कहा कि स्वदेशी रूप से विकसित इंडस ऐपस्टोर का लॉन्च भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है जो देश को वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में छलांग लगाने में मदद करेगा। फोनपे ने एक नया वैश्विक बेंचमार्क स्थापित करते हुए इंडस ऐपस्टोर लॉन्च किया है जिसका उद्देश्य भारतीय यूजरों की जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुरूप विविध प्रकार के ऐप्स की पेशकश करना है, जो व्यक्तिगत, स्थानीयकृत और प्रासंगिक डिजिटल समाधानों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करते है। कार्यक्रम के दौरान फायरसाइड चैट में बोलते हुए, वैष्णव ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री ने कहा, यह एक उल्लेखनीय दिन है जब हमने इंडस ऐपस्टोर का अनावरण किया – एक ऐसा मंच जो न केवल भारत में बना है बल्कि




भारतीयों को सशक्त बनाने की दृष्टि से विकसित किया गया है। उन्होंने कहा, मैं इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख देश के रूप में भारत की उपस्थिति स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग का प्रतिनिधित्व करता है। मंत्री ने भारत के डिजिटल विकास के बारे में बात की और एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाने में देश की प्रगति पर जोर दिया।

मंत्री ने कहा, भारत ने डिजिटल अपनाने में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है, कनेक्टिविटी और डिजिटल सेवाओं में पर्याप्त प्रगति की है। इंडस ऐपस्टोर नवाचार को बढ़ावा देने और हमारे डेवलपर्स तथा रचनाकारों का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। इंडस ऐपस्टोर भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है, जो स्थानीय डेवलपर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने और देश के डिजिटल सशक्तीकरण में योगदान करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इंडस ऐपस्टोर अंग्रेजी और 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है, जो यूजरों को अपनी पसंदीदा भाषा में ऐप स्टोर का पता लगाने की अनुमति देता है।

डेवलपर्स के लिए, इंडस ऐपस्टोर भारतीय ऐप इकोसिस्टम में अपने उत्पादों को सूचीबद्ध करने, वितरित करने और बढ़ावा देने के लिए एक निष्पक्ष और समान अवसर प्रदान करता है।

यह एक समर्पित 24 गुना 7 ग्राहक सहायता के साथ-साथ एक स्व-प्रकाशन मंच, स्थानीयकरण सेवाएं, अपने ऐप्स की निगरानी और विकास के लिए कई उपकरण प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम में देश भर से कई अग्रणी स्टार्ट-अप संस्थापकों और सीएक्सओ की उपस्थिति भी देखी गई, जिन्होंने नवाचार और उद्यमिता की भावना का जश्न मनाते हुए अग्रणी कंपनियां बनाई हैं।

## गिफ्ट सिटी में फिनटेक के लिए 2.3 करोड़ डॉलर का ऋण देगा एडीबी

**मनीला** 22 फरवरी (एजेंसियां)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत के गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में गुवत्तापूर्ण फिनटेक शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार तक पहुंच बढ़ाने के लिए 2.3 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। एडीबी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि गिफ्ट सिटी एक राज्य के स्वामित्व वाला उद्यम है जो भारत में फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र और वित्तीय सेवाओं को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए स्थापित किया गया है। यह देश का पहला अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र है और स्थानीय स्टार्टअप की मदद और विकास के लिए तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र बन गया है। एडीबी अर्थशास्त्री कनुप्रिया गुप्ता ने कहा, भारत के फिनटेक उद्योग के विकास ने लोगों के व्यापार करने के तरीके को बदल दिया है, आर्थिक विकास में योगदान दिया है और देश को भविष्य के लिए तैयार किया है। एडीबी की सहायता से देश की फिनटेक शिक्षा को मजबूत करने में मदद मिलेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में डिजिटल और वित्तीय सेवाएं अधिक कुशल और सुलभ बनें।यह परियोजना गिफ्ट सिटी के अंदर एक समावेशी, टिकाऊ और जलवायु-लचीला अंतर्राष्ट्रीय फिनटेक संस्थान का निर्माण करेगी। विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी में,




आईएफआई फिनटेक प्रशिक्षण कार्यक्रम पेश करेगा जो उद्योग और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। संस्थान इन्क्यूबेशन और त्वरण सेवाओं के माध्यम से, विशेष रूप से महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप का समर्थन करके नवाचार और उद्यमशीलता को मजबूत करेगा। यह फिनटेक स्टार्टअप के विकास का समर्थन करने के लिए उद्योग और उद्यम पूंजी कोष के साथ भी सहयोग करेगा। एडीबी कार्यक्रम जलवायु फिनटेक, नियामक प्रौद्योगिकी, सामाजिक समावेशन और वित्त में लैंगिक समानता में नवीन समाधानों और प्रौद्योगिकियों पर अनुसंधान का समर्थन करेगा। यह परियोजना राज्य फिनटेक तत्परता सूचकांक स्थापित करने और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए नए समाधान विकसित करने में मदद करेगी।

## बैंकिंग प्रणाली की विफलता से बढ़ी पावर कंपनी कोस्टल एनर्जेन की मुश्किलें

नई दिल्ली 22 फरवरी (एजेंसियां)। देश के बड़े राष्ट्रीय बैंक की विफलता के कारण कोस्टल एनर्जेन प्राइवेट लिमिटेड (सीईपीएल) को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण कंपनी के संचालन और राज्य की बिजली जरूरतों को पूरा करने की क्षमता को खतरे में डालती है। बैंकों द्वारा कार्यशील पूंजी का गैर-वितरण, निर्माण लागत में वृद्धि, ऋण मंजूरी में देरी, पूर्वव्यापी कर और इसकी दूसरी इकाई के लिए बिजली खरीद समझौते की कमी इसकी वजह बताई जा रही है। भारतीय स्टेट बैंक के नेतृत्व में एक संघ ने तमिलनाडु में 1,200 मेगावाट की थर्मल पावर परियोजना स्थापित करने के लिए सीईपीएल को ऋण प्रदान किया था। फंड में देरी और लागत बढ़ने के कारण परियोजना की लागत बढ़कर 7,870 करोड़ रुपये हो गई, जिसमें 6,296 करोड़ रुपये का कर्ज और 1,574 करोड़ रुपये की इक्विटी थी। मूल लागत 4,297 करोड़ रुपये थी और कर्ज 3,323 करोड़ रुपये था। कोस्टल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के मौजूदा प्रमोटर मुटियारा और प्रेशियस एनर्जी होल्डिंग्स ने पहले ही 15 प्रतिशत इक्विटी सहित 5,847 करोड़ के कुल निपटान की पेशकश की है। उपरोक्त निपटान प्रस्ताव के साथ, कोस्टल एनर्जेन के प्रमोटरों को भरोसा है कि एसबीआई के नेतृत्व वाला कंसोर्टियम 82 प्रतिशत की बेहद आकर्षक रिकवरी और देश में सबसे ज्यादा रिकवरी को देखते हुए इस ऑफर को अनुकूल रूप से लेगा। कंपनी ने कहा कि वित्तीय बाधाओं के बावजूद, मौजूदा प्रमोटरों ने सुनिश्चित किया कि कोस्टल एनर्जी को अच्छी तरह से बनाए रखा जाए, जिससे बैंकों को अच्छी रिकवरी मिल सके।

## इफको दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहले स्थान पर

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) को देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान के अनुपात के आधार पर पुन: दुनिया की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। भारत में उर्वरकों का उत्पादन करने वाली सहकारी क्षेत्र की यह विशाल कंपनी कारोबार के हिसाब से दुनिया की 72वीं सबसे बड़ी सहकारी इकाई बन गयी है।

इफको की एक विज्ञप्ति के अनुसार इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) और यूरोपियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन कोऑपरेटिव एंड सोशल एंटरप्राइजेज के तत्वाधान में प्रकाशित वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर के 2023 संस्करण में इफको को 300 प्रमुख सहकारी संगठनों की सूची में पुन: पहले स्थान पर रखा




गया है। यह रैंकिंग संगठन के देश के प्रति व्यक्ति जीडीपी और उसके कारोबार के अनुपात पर आधारित है। इफको ने कहा है कि यह रैंकिंग दर्शाती हे कि भारत के जीडीपी और आर्थिक वृद्धि में उसका महत्वपूर्ण योगदान है। कुल कारोबार के हिसाब से इफको वैश्विक सूची में पिछले वित्तीय वर्ष के 97वें पायदान से ऊपर उठकर 72वें स्थान पर पहुंच गया है। इफको के साथ कुल 35,500 सहकारी समितियों जुड़ी हैं, जिनमें 25,000 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (पैक्स) है। इफको देश भर में 52,400 प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों का परिचालन करा रहा है। देश की इस प्रमुख सहकारी कंपनी ने दुनिया में पहली बार नैनो यूरिया और नैनो डीएपी विकसित किया है। जिससे उर्वरक परिवहन की लागत में भारी बचत के अलावा उर्वरकों के उपयोग में कुशलता आयी है। इफको जैव-उर्वरक, सागरिका जैसे जैव-उत्तेजक और कृषि-रसायन आदि के छिड़काव के लिए सहायक उपकरण और स्पेयर के साथ 2,500 कृषि ड्रोन खरीद रहा है। इफको ने कहा कि वह 5000 से अधिक ग्रामीण उद्यमियों को प्रशिक्षण देगा और 2500 कृषि ड्रोन का वितरण करेगा। इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने कहा, यह इफको और भारतीय सहकारिता आंदोलन के लिए गौरव का क्षण है।

## सार संक्षेप

### ईवी निर्माता रिवियन में 10 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माता रिवियन ने लागत में कटौती के लिए लगभग 10 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023 की चौथी तिमाही की आय कॉल में नवीनतम कटौती की घोषणा की। चौथी तिमाही की रिपोर्ट से पता चला है कि 2022 की तुलना में 2023 में दोगुने ईवी का उत्पादन और वितरण करने के बावजूद, कंपनी को अभी भी वर्ष के लिए 5.4 बिलियन डॉलर का घाटा हुआ है। इसके अलावा, वर्ष 2024 के लिए, रिवियन को लगभग उतनी ही संख्या में वाहनों का उत्पादन करने का अनुमान है। लगभग 57 हजार वाहन। उसने 2023 में भी इतने ही वाहन का उत्पादन किया था। रिवियन के संस्थापक और सीईओ आरजे स्कारिंगे ने कहा, हम कारोबार में लागत दक्षता बढ़ाने, सकारात्मक मार्जिन हासिल करने और अपने दीर्घकालिक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2023 की चौथी तिमाही में रिवियन का कुल राजस्व 1,315 मिलियन डॉलर था, जो 13,972 वाहनों की डिलीवरी से मिला। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए, कुल राजस्व 4,434 मिलियन डॉलर था, जो 50,122 वाहनों की डिलीवरी के बदले हासिल हुआ।

### केंद्र ने उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाने वाले सरोगेट विज्ञापनों के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की

**मुंबई।** उपभोक्ता मामलों के विभाग ने भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) के सहयोग से शराब जैसी प्रतिबंधित श्रेणियों में उत्पादों को बढ़ावा देने वाले सरोगेट विज्ञापनों की समस्या को सामूहिक रूप से हल करने के लिए एक हितधारक परामर्श जारी किया। ऐसे विज्ञापन उपभोक्ता अधिकारों को कमजोर करते हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए संभावित खतरा पैदा करते हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग में सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिबंधित श्रेणियों में उत्पादों को बढ़ावा देने वाले सरोगेट विज्ञापन उपभोक्ता अधिकारों को कमजोर करते हैं और इसके गंभीर प्रभाव हो सकते हैं।

### स्कोडा ने सीमित संख्या में स्लाविया स्टाइल एडीशन को लॉन्च किया


**नई दिल्ली।** दो वर्षों में एक लाख बिक्री के बाद स्कोडा इंडिया ने सर्वाधिक बिक्री वाली और 5-स्टार सेफ व क्रैश टेस्ट में पास सेडान स्लाविया स्टाइल एडीशन को लॉन्च किया है। इस पर बोलते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक, पेट्र जनेबा ने कहा, 'स्लाविया स्टाइल एडीशन हमारे भरोसेमंद ग्राहकों की जरूरतों को सुनने व समझने और उन्हें बेहद खास व हाई वैल्यू वाले प्रॉडक्ट देने की मिसाल है। यह हमारे बेहद खास ग्राहकों के लिए बेहद सीमित संख्या में उपलब्ध होगा। हालांकि, यह पूरे भारत में हमारे 200 से अधिक बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध होगा।'

## शेयर बाजार गुलजार

मुंबई 22 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 535.15 अंक की छलांग लगाकर 73,158.24 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 162.40 अंक की तेजी लेकर 22,217.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत उछलकर 39,834.45 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत चढ़कर 45,789.81 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2076 में लिवाली जबकि 1743 में बिकवाली हुआ वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि 15 लाल निशान पर रही। बीएसई में बैंकिंग में 0.04 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.66, सीडी 1.00, ऊर्जा 0.64, एफएमसीजी 0.95, वित्तीय सेवाएं 0.12, हेल्थकेयर 0.33, इंडस्ट्रियल्स 1.50, आईटी 1.83, दूरसंचार 1.37, यूटिलिटीज 1.03, ऑटो 1.85, कैपिटल गुड्स 1.80, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.18, धातु 1.32, तेल एवं गैस 0.06, पावर 1.38, रियल्टी 0.63, टेक 1.59 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04, जर्मनी का डैक्स 1.09, जापान का निक्केई 2.19, हांगकांग का हैंगसेंग 1.45 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.27 प्रतिशत मजबूत रहा।शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 54 अंक बढ़कर 72,677.51 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 72,081.36 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,256.39 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 72,623.09 अंक के मुकाबले 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,158.24 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी भी 27 अंक की बढ़त लेकर 22,081.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,875.25 अंक के निचले जबकि 22,252.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,055.05 अंक की तुलना में 0.74 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,217.45 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एचसीएल टेक 3.12, आईटीसी 2.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.61, टीसीएस 2.44, टेक महिंद्रा 2.32, एलटी 2.05, विप्रो 1.94, मारुति 1.79, एक्सिस बैंक 1.52, इंफ़ोसिस 1.46, टाटा स्टील 1.39, आईसीआईआई बैंक 1.30, टाटा मोटर्स 1.20, एनटीपीसी 1.03, सन फार्मा 0.93, रिलायंस 0.86, पावरग्रिड 0.86, एशियन पेंट 0.62, नेस्ले इंडिया 0.60, बजाज फिन सर्व 0.46 और जेएसडब्ल्यू स्टील 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 1.87, एचडीएफसी बैंक 1.28, कोटक बैंक 1.11, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.75, एसबीआई 0.73, भारती एयरटेल 0.39, बजाज फाइनेंस 0.21, अल्ट्रासिमको 0.09 और टाइटन के शेयर 0.05 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## खनिज उत्पादन में दिसंबर में पांच प्रतिशत की हुई वृद्धि


**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। देश में खनन और खदान क्षेत्र के खनिज उत्पादन में दिसंबर, 2023 में सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। खनन मंत्रालय की और से गुरूवार को जारी एक विज्ञप्ति में भारतीय खनन ब्यूरो (आईबीएम) की प्रारंभिक रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर की अवधि में इन खनिजों का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.5 प्रतिशत अधिक दर्ज किया है। दिसंबर 2023 में कुछ महत्वपूर्ण खनिजों में से कोयला 9.29 करोड़ टन, लिग्नाइट 40 लाख टन, पेट्रोलियम (कच्चा) 25 लाख टन, लौह अयस्क 2.55 करोड़ टन, चूना पत्थर 3.72 लाख टन, प्राकृतिक गैस 307.8 करोड़ घन मीटर, बॉक्साइट 2429 हजार टन, क्रोमाइट 235 हजार टन, ताम्बा सांद्रण 11 हजार टन, सीसा सांद्र 35 हजार टन, मैंगनीज अयस्क 319 हजार टन, जस्ता सांद्र 148 हजार टन, गंधक 117 हजार टन , मैग्नेसाइट 16 हजार टन और सोना 122 किलोग्राम उत्पादन रहा। इसी माह में



मैग्नेसाइट के उत्पादन में एक साल पहले की तुलना में 83.7 प्रतिशत, सीसा 16.5 प्रतिशत, लिग्नाइट 14.6 प्रतिशत, ताम्बा सांद्र 13.7 प्रतिशत, चूना पत्थर 12.5 प्रतिशत, कोयला 10.8 प्रतिशत, जस्ता सांद्रण 7.8 प्रतिशत, बॉक्साइट 6.6 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस 6.6 प्रतिशत, मैंगनीज अयस्क 4.0 प्रतिशत और लौह अयस्क के उत्पादन में 1.3 प्रतिशत, की वृद्धि दर्ज़ की गयी। आलोच्य माह में कच्चा पेट्रोलियम के उत्पादन में 1.0 प्रतिशत की गिरावट दर्ज़ की गयी जबकि सोने का उत्पादन 29.9 प्रतिशत , क्रोमाइट का 30.8 प्रतिशत, गंधक का 31.2 प्रतिशत और हीरे का उत्पादन दिसंबर 2022 की तुलना में 74.4 प्रतिशत कम रहा।

## अरहर व मूंग दाल सस्ती, गेहूं महंगा

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अरहर दाल और मूंग दाल के भाव गिर गए जबकि गेहूं महंगा हो गया वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की तेजी के साथ 44.89 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।


**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 200 रुपये और मूंग दाल में 300 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## फरवरी में सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची भारत की व्यावसायिक गतिविधि

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। गुरुवार को जारी एक निजी आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, विनिर्माण और सेवाओं की मजबूत मांग के कारण फरवरी में भारत की व्यावसायिक गतिविधि की वृद्धि दर बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी का फ्लैश इंडिया कंपोजिट परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) जनवरी में 61.2 से बढ़कर फरवरी में 61.5 हो गया, जो 50 अंक से ऊपर है।

एचएसबीसी के मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत के निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं के उत्पादन में तेजी की गति फरवरी में 7 महीने के उच्चतम स्तर पर है। नए निर्यात ऑर्डर तेजी से बढ़े, खासकर माल उत्पादकों के लिए। फरवरी के लिए विनिर्माण पीएमआई पिछले महीने के 56.5 से बढ़कर 56.7 हो गया, जो



सितंबर के बाद से उच्चतम है, और प्रारंभिक सेवा पीएमआई जनवरी में 61.8 से बढ़कर 62.0 हो गया और 7 महीनों में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कुल मिलाकर अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर सितंबर के बाद से सबसे तेज गति से बढ़े हैं।

सर्वेक्षण मंगलवार को जारी आरबीआई बुलेटिन के अनुरूप है, इसमें कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की पहली छमाही में हासिल की गई गति को बरकरार रखे हुए है और कॉर्पोरेट क्षेत्र द्वारा पूंजीगत व्यय के एक नए दौर से अगले चरण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। आरबीआई के परिवारों के नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी 2024 में उपभोक्ता विश्वास और मजबूत हुआ, जो विशेष रूप से सामान्य आर्थिक स्थिति और रोजगार स्थितियों के बारे में आशावाद से प्रेरित था। आरबीआई बुलेटिन में बताया गया है कि विभिन्न उद्यम सर्वेक्षण भी मजबूत व्यावसायिक आशावाद की ओर इशारा करते हैं।

इसमें यह भी कहा गया है कि उच्च आवृत्ति संकेतक जनवरी 2024 के दौरान अर्थव्यवस्था में मांग की स्थिति में निरंतर मजबूती की ओर इशारा करते हैं। दिसंबर 2023 में ई-वे बिल में 13.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जनवरी 2024 में टोल संग्रह में साल-दर-साल 15.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

जनवरी में ऑटोमोबाइल की बिक्री में पिछले के मुकाबले 23.3 प्रतिशत की वृद्धि और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गई। जनवरी 2024 में खुदरा ट्रैक्टर की बिक्री में 21.2 प्रतिशत की सात महीने की उच्च वृद्धि दर्ज की गई। वाहन पंजीकरण में भी पिछले साल के मुकाबले वृद्धि हुई।

# खेल जगत

## रांची की पिच पर टर्न देखने को मिलेगा : राठौर

**रांची** 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ का मानना है कि रांची की पिच सूखी है और इसमें दरार है जिससे गेंदबाजों टर्न मिलेगा। कल होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले मीडिया से बातचीत में भारतीय टीम के बल्लेबाज़ी कोच विक्रम राठौड़ ने यह बात कही। इससे पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज ऑली पोप ने पिच देखने के बाद कहा था कि ये बिल्कुल सूखी है और इसमें दरारे हैं। राठौर ने कहा, भारत में कोई टेस्ट खेला जा रहा हो और लोग पिच को लेकर खबरे न बनाए ये नहीं हो सकता। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिच सूखी है और टर्न भी देखने को मिलेगा। लेकिन कब घूमेगी और कितना घूमेगी ये नहीं कह सकता। हम हर तरह की परिस्थितियों के लिए तैयार हैं और उसी हिसाब से टीम संयोजन देखने को मिलेगा



# भारत की निगाहें अब इंग्लैंड से चौथा क्रिकेट टेस्ट भी जीत सीरीज पर कब्जा करने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ यशस्वी की जैसबॉल ने इंग्लैंड की बेजबॉल की हवा निकाली
■ भारत के सामने बड़ा सवाल, अक्षर और मुकेश में कौन एक हो एकादश में

नई दिल्ली, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बल्ले से सही वक्त पर गियर बदल कर दे दनादन अंदाज में तेज प्रहार कर जैसबॉल शैली में लगातार दो दोहरे टेस्ट शतक जड़ कर और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने रफ्तार के साथ धार दिखा जिस तरह शुरू के तीन टेस्ट में सबसे ज्यादा 17 विकेट चटका भारत को लगातार दो टेस्ट जिता पांच टेस्ट मैच की क्रिकेट सीरीज में 2-1 से बढ़त दिला इंग्लैंड की बेजबॉल शैली को हवा निकाल उसके हौसले पस्त कर दिए हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भले ही यह कहें कि उनकी टीम अभी भी भारत से सीरीज के बाकी अंतिम दो टेस्ट जीत पांच की सीरीज 3-2 से जीत सकती है लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट है। भारत की निगाहें अब इंग्लैंड से रांची के झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की काली मिट्टी शुरू से स्पिन की मुफीद समझी जा रही पिच पांच टेस्ट की सीरीज का चौथा और लगातार तीसरा टेस्ट जीत के साथ सीरीज पर कब्जा करने पर लगी हैं। भारत बेशक रांची का चौथा और मौजूदा सीरीज का लगातार तीसरा टेस्ट 3-1 की बढ़त ले सीरीज अपने नाम करने से महज एक कदम दूर है। बुमराह को उनके गेंदबाजी के बोझ के मद्देनजर इस साल के मध्य में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप उन्हें आराम दिए जाने और केएल राहुल के भी जांघ की चोट के चलते इंग्लैंड के खिलाफ पूरी सीरीज से बाहर होने के कारण भारत को अपनी सही एकादश चुनने के लिए तो जरूर माथापच्ची करनी होगी। भारत के कप्तान रोहित शर्मा और चीफ कोच राहुल द्रविड़ के लिए बड़ी पहेली होगी कि जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने पर तीन स्पिन ऑलराउंडर-रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल के साथ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के रूप में स्पिन चौकड़ी और मोहम्मद सिराज के रूप में केवल एक तेज गेंदबाज के साथ उतरे अथवा उनके साथ मुकेश कुमार और आकाश दीप में किसी एक को उतार दो तेज गेंदबाज के साथ उतरे। भारत के लिए एकादश के चयन में जो भी उहापोह है वह गेंदबाजी संयोजन को लेकर होगी क्योंकि उसकी बल्लेबाजी तय है। भारत चाहे तो दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेल बल्ले से नाकाम रहे रजत पाटीदार को बाहर रख कर चार स्पिनरों और दो तेज गेंदबाज के साथ उतर सकता है। ऐसे में भारत यदि दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करता है तो फिर बेशक सिराज के जोड़ीदार के रूप में अपने अनुभव और अपनी सटीक गेंदबाजी के कारण मुकेश कुमार ही होंगे। कुल मिलाकर भारत के सामने असमंजस अक्षर पटेल को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे स्पिनर के रूप में शामिल करने को रहेगा।

यशस्वी जायसवाल के साथ टीम इंडिया के उन्हीं तरह युवा तुर्क शुभमन गिल ने मौजूदा सीरीज में दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में शतक और तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में मात्र 91 रन की पारी खेल खुद को तीसरे नंबर पर अब चेतेश्वर पुजारा के वारिस के रूप में उनकी विरासत को आगे बढ़ाया है। केएल राहुल के फिट होने के लिए अभी भी जूझने और विराट कोहली के अपने बेटे के जन्म के कारण अपनी पत्नी अनुष्का के साथ रहने के कारण अब मौजूदा सीरीज के बाकी दो टेस्ट से भी भारतीय टीम बाहर रहने की कमी यशस्वी के साथ शुभमन गिल जैसे नौजवान क्रिकेटर व कप्तान रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा के सही वक्त पर रंग में आ शतक जड़ और सरफराज खान ने राजकोट में पदार्पण टेस्ट में दोनों पारियों कर बहुत हद तक दूर



कर दी है। राजकोट में नवोदित विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने विकेट के पीछे और आगे बेहतरीन अंदाज में अपने टेस्ट करियर का आगाज कर बताया कि भारत की दूसरी पंक्ति इंग्लैंड से निपटने के लिए तैयार है। यशस्वी, सरफराज खान के साथ ध्रुव जुरेल ने इंग्लैंड के स्पिनर-बाएं हाथ के टॉम हार्टले, ऑफ स्पिनर जो रूट, बशीर और लेग स्पिनर रेहान अहमद के खिलाफ शुरू से कदमों का इस्तेमाल कर गेंद के स्पिन होने से पहले ही उसकी पिच तक पहुंचने खेल उनकी धार कुंद कर ही दी है खासतौर पर यशस्वी ने जिस तरह 700 विकेट चटकाने के मुंहाने खड़े इंग्लैंड के वयोवृद्ध तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन और मार्क वुड पर जवाबी हमला बोल उनकी धार कुंद की है उससे इंग्लैंड को अपनी एकादश में बतौर तेज गेंदबाज ओली रॉबिंसन और गट एटकिंसन को शामिल करने की बाबत गंभीरता से सोचना पड़ सकता है। इसी कारण नेटस पर जिस तरह रांची मे चौथे टेस्ट से पहले नेटस पर कप्तान बेन स्टोक्स ने तेज गेंदबाज के रूप में गेंदबाजी की उससे साफ है कि वह इसमें दूसरे गेंदबाज के रूप में गेंदबाजी करते दिख सकते हैं।

भारत ने यशस्वी जायसवाल के मौजूदा सीरीज के शुरू के तीन टेस्ट में दो दोहरे शतकों सहित कुल सबसे ज्यादा 545 रनों , शुभमन गिल के एक शतक , एक अर्द्धशतक सहित कुल 252 रनों, कप्तान रोहित शर्मा के तीन टेस्ट में एक शतक सहित कुल 240 रनों, रवींद्र जडेजा के पहले टेस्ट के अंत में लगी जांग में चोट के बार अपने घर राजकोट में एक शतक और एक अर्धशतक सहित कुल 201 रनों और राजकोट से अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले सरफराज खान के दोनों पारियों अर्द्धशतक सहित कुल 130 रन बनाए। भारत के शीर्ष और मध्यक्रम ने दर्शाया है कि वह इंग्लैंड की गेंदबाजी से निपटने के लिए तैयार है। यशस्वी ने जमने के बाद जिस तरह इंग्लैंड के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन को निशाना बना उनके खिलाफ खासतौर पर छक्के जड़े उसका आत्मविश्वास ही बहुत हद तक तोड़ दिया है। आलम यह है कि इंग्लैंड अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को धारदार बनाने के लिए एंडरसन के साथ मार्क वुड की जगह तेज गेंदबाज ऑली रॉबिंसन को एकादश में शामिल करने के साथ यह उम्मीद कर रहा है कि उसके कप्तान बेन स्टोक्स बतौर तेज गेंदबाज कम से कम 10-10 ओवर तो गेंदबाजी करे। इंग्लैंड के लिए बाएं हाथ के टॉम हार्टले ने शुरू के तीन टेस्ट में सबसे ज्यादा कुल 16 विकेट चटकाए हैं जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद और जो रूट ने बतौर ऑफ स्पिनर बल्लेबाज से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड के ऑली पॉप भले ही कहें कि पिच के शुरू से स्पिनरों की मददगार होने से चौथे टेस्ट में मुकाबला बराबर का हो जाएगा लेकिन हकीकत यह है कि भारत यदि चार स्पिनरों के साथ उतरता तो फिर मेहमान टीम के लिए उनसे निपटना बेहद मुश्किल हो जाएगा क्योंकि जडेजा और अक्षर बेहद और बराबर स्टंप को निशाना बना गेंदबाजी करते हैं और कुलदीप और अश्विन की स्पिन बेहद विविधतापूर्ण है और ऐसे में इंग्लैंड के बल्लेबाज के लिए उनके खिलाफ स्वीप, रिवर्स स्वीप खेलना आसान नहीं होगा। पिच के संभावित मिजाज के मद्देनजर अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम और केएल राहुल के फिट नहीं होने के बावजूद भारत का पहला मेहमान इंग्लैंड से भारी नजर आ रहा है।

वहीं इंग्लैंड राजकोट में तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 153 रन की बड़ी पारी खेल कुल 288 रन के साथ रन बनाने में सबसे आगे चल रहे बेन डकेट, पहले टेस्ट की दूसरी पारी में चार रन से दोहरा शतक चुकने के बाद त कुल 285 रन बनाने वाले आली पॉप, दो अर्धशतक सहित कुल 226 रन बनाने वाले जैक क्राली को छोड़ कर उसके सबसे अनुभवी बल्लेबाज जो रूट (तीन टेस्ट में कुल 77 रन) अर्धशतक जडने् को तरस गए। जॉनी बैरिस्टो(कुल 102 रन) के साथ मात्र उक अर्धशतक जड़ने वाले इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स (कुल 190 रन) और चीफ कोच ब्रेंडन मैकुलम की शुरू से दे दनादन की बेजबॉल की चर्चित रणनीति की हवा भारत के युवा तुर्को खासतौर पर यशस्वी जायसवाल और एक शतक जडने् वाले दूसरा शतक मात्र 9 रन से चूकने वाले शुभमन गिल ने निकाल ही दी है।

## डीआरएस के बारे में शिकायत करना बंद करें स्टोक्स : ब्रैड हॉग

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रैड हॉग ब्रैड हॉग ने निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के भीतर अंपायर्स कॉल नियमों पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के रुख की आलोचना की और कहा, डीआरएस के बारे में शिकायत करना बंद करें क्योंकि यह दोनों पक्षों के लिए भी एक जैसा ही है। राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 434 रन की हार में जैक क्रॉली के आउट होने के बाद बेन स्टोक्स ने निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) प्रणाली के भीतर अंपायर की कॉल नियमों को खत्म करने का आह्वान किया। स्टोक्स को जैक क्रॉली का एलबीडब्ल्यू आउट होना हैरान करने वाला लगा क्योंकि तकनीक से पता चला कि गेंद स्टंप्स पर नहीं लग रही थी, फिर भी मैदानी फैसला



बरकरार रहा और डीआरएस ने इसे अंपायर की कॉल के रूप में दिया।

ब्रैड हॉग ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मेरे लिए, जितना अधिक मैं इसके बारे में सोचता हूं, उतना ही अधिक मुझे लगता है कि अंपायर कॉल होनी चाहिए क्योंकि तकनीक थोड़ी गलत है। मैं समझता हूं कि इससे इंग्लैंड को कुछ महत्वपूर्ण चरण में नुकसान हो सकता है, लेकिन इससे विपक्ष को भी नुकसान हो सकता है। डीआरएस के बारे में शिकायत करना बंद करें। यह दोनों पक्षों के लिए समान है। चौथे रांची टेस्ट से पहले अटकलें तेज हो गईं क्योंकि स्टोक्स को नेट्स में हाथ घुमाते हुए देखा गया, जिससे उनकी गेंदबाजी कर्तव्यों में वापसी की उम्मीदें जग गईं। फिर भी, उत्साह के बीच, क्रिकेट जगत से सावधानी की आवाज उठी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रैड हॉग ने इंग्लैंड से अपनी बेशकीमती संपत्ति के साथ सावधानी से चलने का आग्रह किया।

बेन स्टोक्स की गेंदबाजी निर्विवाद रूप से इंग्लैंड के लिए एक वरदान है, लेकिन उन्हें सावधानी के साथ आगे बढ़ना होगा। टी20 विश्व कप नजदीक होने के कारण, उनकी फिटनेस को जोखिम में डालना महंगा साबित हो सकता है।

## मुंबई सिटी एफसी की नजर चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत पर

**मुंबई,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। मुंबई सिटी एफसी का दबदबा कायम है और लीग विनर्स शील्ड के मौजूदा चैंपियन इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में अपने पिछले चार में से तीन जीत दर्ज कर लगातार गति से बढ़त बना रहे हैं। वे अब चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण जीत पर नजर गड़ाए हुए हैं और इस लय को जारी रखने की उम्मीद कर रहे हैं। पिछली बैठक में, आइलैंडर्स मुंबई फुटबॉल एरेना में चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ 3-0 से जीत के साथ शीर्ष पर रहे थे, और इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे इसी तरह की और अधिक जीत की उम्मीद करेंगे।

मैच से पहले बोलते हुए, मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी ने कहा, हमारे लिए लगातार मैच जीतना बहुत महत्वपूर्ण था। हमें अपना अच्छा काम जारी रखना



होगा और भविष्य में जितनी बार संभव हो इसे दोहराते रहना होगा। जबकि मुंबई सिटी एफसी ने चेन्नईयिन के खिलाफ अपने घरेलू मैच में जीत हासिल की, शुक्रवार एक नया दिन होगा और चीजें अलग होंगी। कोच ने कहा, यह एक कठिन मैच होगा और हमें पहले मिनट से ही सक्रिय रहना होगा। टीम एक गुणवत्ता वाली टीम है और उनके पास एक अच्छा कोच है, और वे घर पर हैं इसलिए यह हमारे लिए एक कठिन मैच होगा। हम इस मैच को हर दूसरे मैच की तरह ही अपनाएंगे, हम अच्छी शुरुआत करने की कोशिश करेंगे और इसे आगे भी जारी रखेंगे। कोच ने कहा, चेन्नई में महत्वपूर्ण मैच में जाने से पहले, मुंबई सिटी एफसी, जो आईएसएल शील्ड के धारक हैं, को प्रदर्शन के उच्च स्तर को बनाए रखना होगा। क्रैटकी ने जोर देकर कहा, हमारे पास एक टीम है जिसमें बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, और टीम में प्रतिस्पर्धा बेहद स्वस्थ है। हर कोई खेलना चाहता है और प्रदर्शन करना चाहता है जो टीम के लिए बहुत अच्छा है। हमारे पास एक अच्छी टीम है और हम अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा रखना चाहते हैं। क्रैटकी ने जोर देकर कहा। कोच ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## मेग लैनिंग से सीखने के लिए बहुत कुछ है : जेमिमा



**बेंगलुरु,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स की उप-कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि कप्तान मेग लैनिंग से हमेशा बहुत कुछ सीखने को मिलता है और वह महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आभारी हैं, जिन्होंने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान के साथ काम करने का मौका दिया। यह बहुत अच्छा लगता है। उससे सीखने के लिए बहुत कुछ है। वह ऐसी व्यक्ति है जो सम्मान की मांग नहीं करती है, वह बस चली जाती है और हर कोई उसके लिए स्वचालित रूप से सम्मान करता है। उसने बहुत कुछ किया है, यही कारण है कि हमारे मन में उसके लिए इतना सम्मान है। सीखने के लिए बहुत कुछ है। उनके साथ करीब से और व्यक्तिगत रूप से काम करते हुए, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे वह अवसर मिलेगा। डब्ल्यूपीएल का धन्यवाद, मुझे यह मिल रहा है।

जेमिमा ने ब्रॉडकास्टर्स जियोसिनेमा से कहा, उप-कप्तान होने के नाते, मैं कई निर्णयों में शामिल हूं, यह देखते हुए कि वह कैसे काम करती है। हाल ही में, मैंने उनसे कप्तानी के बारे में बात की और उन्होंने इसे कैसे संभाला क्योंकि उन्हें कम उम्र में कप्तान बनाया गया था। कप्तानी बहुत अधिक है। मैदान के बजाय मैदान के बाहर, आपको बहुत सी चीजें संभालनी होती हैं। फिर मैदान के बाहर, आपकी अपनी बल्लेबाजी और आप इसे कैसे करते हैं। यह एक अच्छी बातचीत थी और मुझे यकीन है कि मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

## चेन्नई-बेंगलोर मुकाबले से शुरू होगा आईपीएल

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 की शुरुआत 22 मार्च से होगी, जहां चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से होगा। यह शेडयूल 7 अप्रैल तक के मैचों का आया है। फ़ाइनल के 26 मई को खेले जाने की संभावचना है। यह पुरुष टी20 विश्व कप के शुरू होने से केवल पांच दिन पहले खेला जाएगा, जो 1 जून से वेस्टइंडीज़ और अमेरिका में खेला जाएगा।

22 मार्च से 7 अप्रैल के बीच केवल दिल्ली कैपिटल्स ही ऐसी टीम होगी जो अपने मुक़ाबले दिल्ली के फ़िरोज़ शाह कोटला में नहीं खेल पाएगी। इस दौरान उनके दोनों मैच विशाखापटनम के एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में खेले जाएंगे। पता चला है कि महिला प्रीमियर लीग के आखरिी दौर के मैच सहित फ़ाइनल 17 मार्च को खेला जाएगा, जिसकी वजह से यहां पर कोई मैच नहीं रखा है।

दिल्ली, गुजरात टाइटंस और आरसीबी इन 17 दिन के शुरुआती शेड्यूल में अपने 14 में पांच मैच खेलेंगे। कोलकाता नाइटराइडर्स केवल तीन मैच




खेलेगी जबकि बाक़ी सभी टीम चार मैच खेलेंगी। यह अभी साफ़ नहीं हो पाया है कि पंजाब किंग्स अपने घरेलू मैच मोहाली में खेलेगी या फिर पंजाब क्रिकेट संघ के मुल्लानपुर में बने नए स्टेडियम में।

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल पूरा शेड्यूल जारी करने से पहले भारत में होने वाले आम चुनाव की पोलिंग तिथि के सामने आने का इंतज़ार कर रही है। 2009 में (पूरा टूर्नामेंट) और 2014 में (पहले 20 मैच) आम चुनाव की वजह से मैच बाहर हुए थे लेकिन इस बार बीसीसीआई सारा टूर्नामेंट 2019 की तरह भारत में ही कराना चाहती है, इसी वजह से वे सुरक्षा और अन्य चीज़ों को देखते हुए चुनाव की तिथि का इंतज़ार कर रही है।

टूर्नामेंट का पहला दिन एमएस धोनी के मैदान में दोबारा लौटने के तौर पर देखा जाएगा। उनके मार्च के पहले सप्ताह में चेन्नई पहुंचकर टीम के साथ ट्रेनिंग करने की संभावना है। पिछले सीज़न अहमदाबाद में बारिश से प्रभावित फ़ाइनल में गुजरात को हराकर ख़िताब जीतने के बाद धोनी को घुटने की सर्जरी से गुजरना पड़ा था और तब से वह कोई पेशेवर क्रिकेट नहीं खेले हैं। टूर्नामेंट में हार्दिक पांड्या की भी मुंबई इंडियंस में वापसी दिखेगी। दो सीज़न में गुजरात की कप्तानी करने के बाद अब वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते दिखेंगे। ऋषभ पंत भी दिसंबर 2022 में कार एक्सीडेंट के बाद पहली बार पेशेवर क्रिकेट में वापसी करते दिखेंगे।

चार प्लेऑफ़ मैचों के साथ कुल 74 मैच टूर्नामेंट में खेले जाएंगे।

## नीदरलैंड की पुरुष हॉकी टीम ने भारत को शूटआउट में 4-2 से हरा हिसाब चुकाया

■ भुवनेश्वर मे पहले चरण के मैच में निर्धारित समय में दो-दो की बराबरी के बाद शूटआउट में इसी अंतर से मिली हार नीदरलैंड को हार

**नई दिल्ली,** 22 फरवरी (देशबन्धु)। हार्दिक सिंह के तीसरे क्वार्टर के आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल की बदौलत भारत ने बुधवार को निर्धारित समय में नीदरलैंड को राउरकेला में एफआईएच 2023-24 के दूसरे चरण में एक-एक की गोल की बराबर पर रोका। फ्लोरिस मिडनड्राप के चौथे मिनट में दागो गोल से नीदरलैंड ने अपना खाता खोला नीदरलैंड ने भारत को शूटआउट मे 4-2 से हराकर उससे भुवनेश्वर मे पहले चरण के मैच में निर्धारित समय में दो-दो की बराबरी के बाद शूटआउट में इसी अंतर से मिली हार का हिसाब चुकता कर दिया। भारत ने राउरकेला के बिरसा मुंडा में स्पेन पर निर्धारित समय में दो-दो की बराबरी के बाद सडन डेथ शूटआउट में 8-7 से जीत दर्ज की।

भारत ने शूटआउट में बुधवार को पीआर श्रीजेश की जगह कृष्ण पाठक को उतारा।



नीदरलैंड के लिए शूटआउट में नीदरलैंड के जोरिट क्रून, कप्तान थियर ब्रिंकमैन,डूको टेलजेनकैंप ,जोइन डी मोल ने गोल किए जबकि जोनास डिजयूस के प्रयास को भारत के गोलरक्षक कृष्ण पाठक ने रोका। भारत के लिए शूटआउट में ललित उपाध्याय और अरिजित सिंह हुंदल ने गोल किए जबकि सुखजीत सिंह और शमशेर सिंह के प्रयासों को नीदरलैंड के गोलरक्षक डर्क मियर ने रोक कर अपनी टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई।

नीदरलैंड ने शुरू से आक्रामक हॉकी खेल भारत की रक्षापंक्ति पर दबाव बनाया। फ्लोरिस मिड ड्रॉप ने चौथे ही मिनट में गोल कर नीदरलैंड का खाता खोल उसे 1-0 से आगे कर दिया। भारतीय टीम ने धीरे धीरे दबाव बना गेंद को अपने कब्जे में रख नीदरलैंड के गोल पर दबाव बनाया। पहला क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले नीदरलैंड ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारत के गोलरक्षक कृष्ण पाठक ने अच्छे बचाव कर उसे अपनी बढ़त बढ़ाने से रोक दिया। मनदीप और अमित रोहिदास ने भारत के लिए गोल के मौके जरूर बनाए लेकिन हाफ टाइम तक वह गोल कर बराबरी पाने में नाकाम रही।

भारत ने तीसरे क्वार्टर में पूरी ताकत बराबरी पाने में झोंक दी।भारत ने पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन गोल नहीं हुआ। मैच के 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर लौटती गेंद को वहीं डी में खड़े हार्दिक सिंह ने लपक कर गोल में डाल भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी।

चौथे और आखिरी क्वार्टर में भारत ने विजय दाई गोल के लिए पूरी ताकत जरूर झोंकी लेकिन गोल नहीं कर पाया। निर्धारित समय तक एक-एक की बराबरी के बाद मैच का फैसला शूटआउट में हुआ और इसमें नीदरलैंड ने जीत दर्ज की।

### सार संक्षेप

#### चोट का बहाना बना बुरे फंसे श्रेयस अय्यर, एनसीए ने खोली पोल

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम से बाहर किए गए श्रेयस अय्यर पीठ दर्द के कारण शुक्रवार से बीकेसी ग्राउंड में बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए हैं। लेकिन वो अपनी एक गलती के कारण विवादों में फंस गए हैं। द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में खेल विज्ञान और चिकित्सा विभाग के प्रमुख नितिन पटेल ने चयनकर्ताओं को एक ईमेल में पुष्टि की कि श्रेयस अय्यर को %कोई ताजा चोट नहीं है% और वह %फिट% हैं।% यह मामला अब इसलिए बढ़ता जा रहा है कि क्योंकि चोटिल होने के कारण श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले लिया था, लेकिन अब एनसीए ने उन्हें फिट घोषित किया है। पटेल ने ईमेल में लिखा, इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के बाद भारतीय टीम की हैंडओवर रिपोर्ट के अनुसार श्रेयस अय्यर फिट थे और चयन के लिए उपलब्ध थे। टीम इंडिया से उनके जाने के बाद फिलहाल किसी ताजा चोट की सूचना नहीं है। एनसीए ने अय्यर को रणजी खेलने की सलाह दी थी, ताकि उनकी पीठ को बल्लेबाजी और करीब चार दिन तक मैदान पर तनाव झेलने की आदत हो जाए।

#### जो रूट का फ्लॉप शो इंग्लैंड के लिए बड़ी मुसीबत : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में जॉनी बेयरस्टो और जो रूट के खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन और क्रीज पर संघर्ष को लेकर कुछ तीखे सवाल उठाए हैं। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि जॉनी बेयरस्टो की जगह पर सवाल उठाना चाहिए। चोपड़ा ने कहा, जॉनी बेयरस्टो पर गंभीर सवालिया निशान लगना चाहिए क्योंकि वह अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर रहे हैं। वह हाथ से गेंद को पढ़ने में सक्षम नहीं है, और कई बार खराब शॉट खेलकर आउट हो जाते हैं। सुर्खियां सिर्फ बेयरस्टो पर ही नहीं चमकीं। जो रूट ने भी बल्ले से अपने खराब प्रदर्शन के कारण खुद को मुश्किलों में डाल लिया है। एक अनुभवी प्रचारक होने और एक प्रभावशाली रिकॉर्ड का दावा करने के बावजूद रूट अब तक श्रृंखला में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने में असफल रहे हैं। उन्होंने अब तक मौजूदा सीरीज में 77 रन बनाए हैं। चोपड़ा ने रूट के फॉर्म का विश्लेषण करते हुए, उन्हें क्रीज पर अपने दृष्टिकोण को सुधारने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत सीरीज में 2-1 से आगे है। ऐसे में मेहमान टीम पर रांची में दमदार प्रदर्शन कर सीरीज बराबर करने का दबाव बढ़ गया है।